नई दिल्ली
बुधवार, 21 मई 2025
ज्येष्ठ मास कृष्ण पक्ष, नवमी वर्ष : 29, अंक : 36
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00


**मौसम**
अधि. 43.0
न्यून. 30.0

# हरिभूमि


दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com


**बाजार का हाल**

| मार्केट | बंद | गिरावट |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 81,186.44 | 872.98 ▼ |
| निफ्टी | 24,683.90 | 261.55 ▼ |
| **धातु** | **कीमत** | **उछाल** |
| सोना | 96,540 /- | 490/- ▼ |
| चांदी | 97,500/- | 1000/- ▼ |

(सोना प्रति 10 ग्राम और चांदी प्रति किलो रु. में)

| मुद्रा | प्रति डॉलर | नीचे |
|---|---|---|
| रुपया | 85.58 | 16 पैसे ▼ |
| क्रूड ऑयल 65.45/ बैरल | | 0.14% ▼ |

पेट्रोल दिल्ली में 94.72 रु. लीटर और डीजल 87.62 रु. लीटर बिक रहा है।






### केंद्रीय संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत की अध्यक्षता में कारवार बेस पर होगा भव्य समारोह

# नौसेना के जंगी बेड़े में आज शामिल होगा पहला प्राचीन 'सिला हुआ' जहाज

**जल्द गुजरात से ओमान की पहली समुद्री यात्रा पर निकलेगा जहाज, तैयारियों में जुटी नौसेना**

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

अब वो दिन दूर नहीं जब भारत अपने प्राचीन और समृद्ध समुद्री इतिहास को वर्तमान में जस का तस पूरी दुनिया के सामने दोहराने के लिए पूरी तरह से तैयार है। जिसमें सबसे अहम भूमिका निभाएगा भारतीय नौसेना का पहला प्राचीन सिला हुआ जहाज। जो न केवल सफलतापूर्वक बन गया



है। बल्कि बुधवार (21 मई) को इसे नौसेना के कारवार बेस पर आयोजित किए जाने वाले ▸▸ शेष पेज 5 पर



#### समुद्री व्यापारिक मार्गों की करेगा यात्रा

नौसेना ने बताया कि इस ऐतिहासिक जहाज निर्माण की शुरुआत 2023 में एनशिएंट स्टिच्ड शिप प्रोजेक्ट के साथ नौसेना, संस्कृति मंत्रालय और एम/एस हुडी इनोवेशंस के बीच एक त्रिपक्षीय समझौते के जरिए हुई थी। जो कि न केवल भारत की समृद्ध जहाज निर्माण की प्राचीन परंपरा के प्रति प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करता है। बल्कि यह नौसेना के देश की जीवंत समुद्री विरासत के संरक्षण और उसे पुनः गतिमान करने के संकल्प का भी प्रमाण प्रस्तुत करता है। 21 मई को नौसेना के बेड़े में शामिल होने के बाद सिला हुआ जहाज दूसरे चरण के तहत अपनी चुनौतीपूर्ण समुद्री यात्रा पर निकलेगा। जिसके केंद्र में भारत के प्राचीन परंपरागत व्यापारिक ▸▸ शेष पेज 5 पर

#### परीक्षण में भागीदार बना आईआईटी मद्रास

नौसेना ने इस प्रोजेक्ट को एम/एस हुडी इनोवेशंस व उक्त निर्माण से जुड़े हुए परंपरागत कारीगरों के साथ मिलकर क्रियान्वित किया है। जहाज विकास की अवधारणा, डिजाइन, तकनीकी मंजूरी और निर्माण इसमें शामिल है। पूरी कवायद में कुछ खास किस्म की तकनीकी चुनौतियां भी आई थीं। क्योंकि आज के दौर में इस तरह के निर्माण का कोई ब्लूप्रिंट या अवशेष मौजूद नहीं है। तमाम बाधाओं को पार कर निर्माण कार्य पूरा किया गया। नौसैन्य वास्तुकला, हाइड्रोडायनेमिक टेस्टिंग और परंपरागत शिल्पकारिता के साथ जहाज स्क्वायर सेल और स्टीयरिंग ओर्स से लैस है। जो आधुनिक जहाजों से पूरी तरह से मेल खाता है। इसके अग्र भाग यानी हल से लेकर अन्य भागों की व्यापक जांच की गई है। जिसमें नौसेना को भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) मद्रास के ओसियन इंजीनियरिंग विभाग ने सहयोग प्रदान किया। दोनों ने मिलकर परीक्षणों के जरिए समुद्र में जहाज के हाइड्रोडायनेमिक व्यवहार को पुख्ता किया। साथ ही बल ने जहाज का स्वयं भी व्यापक ढांचागत आकलन किया है।

#### अजंता की गुफाओं की चित्रकारी से मिली प्रेरणा

नौसेना ने कहा, यह जहाज 5वीं शताब्दी के जहाज का एक प्रकार से पुनर्निर्माण है। जिसकी प्रेरणा अजंता की गुफाओं में मौजूद चित्रकारी से ली गई है। इसके निर्माण की पूरी प्रक्रिया परंपरागत रही। जिसमें मास्टर शिपराईट बाबू शंकरन के नेतृत्व में केरल के कारीगरों ने काम किया। जहाज को हुडी इनोवेशंस ने इस साल फरवरी में लांच किया था। इसका प्रत्येक भाग ऐतिहासिक प्रमाणिकता और समुद्री परिचालन के बीच संतुलन स्थापित ▸▸ शेष पेज 5 पर

### विदेश सचिव ने तीन सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडलों को किया ब्रीफ

# जल्द दुनिया के सामने बेनकाब होगा पाकिस्तान का 'आतंकी चेहरा'...

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

पाकिस्तान की आतंकी मानसिकता को दुनियाभर के सामने पुख्ता सबूतों के साथ उजागर करने के लिए भारत ने जिन 7 सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडलों का गठन किया है। उनमें से तीन को मंगलवार को विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने विस्तार से जानकारी (ब्रीफ) दी है। इस बाबत संसद भवन में एक बैठक हुई। जिसमें जनता दल यूनाइटेड (जेडीयू) नेता संजय झा, शिव सेना (शिंदे) नेता श्रीकांत एकनाथ शिंदे और द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (द्रमुक) की नेता कनिमोझी की अगुवाई वाले प्रतिनिधिमंडल के सदस्य शामिल हुए। सूत्रों ने बताया कि बैठक में विदेश सचिव ने पहलगाम हमले और उसके बाद भारत की जवाबी कार्रवाई ऑपरेशन सिंदूर के बारे में व्यापक रूप से जानकारी दी। साथ ही लंबे समय से देश में लगातार बढ़ते जा ▸▸ शेष पेज 5 पर

#### ब्रीफ किया, दस्तावेज भी देंगे



सूत्रों ने बताया कि यह बैठक कुल करीब डेढ़ घंटे तक चली। जिसमें विदेश सचिव ने कहा कि विदेश यात्रा पर रवाना होने से पहले प्रतिनिधिमंडलों को पाकिस्तान और उसके आतंकवाद व उसके संग बने हुए चोली-दामन के साथ से जुड़े प्रमाण के अलावा मामले पर जरूरी दस्तावेज (डोजियर) भी उपलब्ध कराए जाएंगे। जो कि उन्हें अपनी बैठकों और अन्य जरूरी संवाद में मददगार साबित होंगे। मिस्री ने स्पष्ट किया कि प्रतिनिधिमंडलों का एकमात्र उद्देश्य पाकिस्तानी झूठ, दुष्प्रचार को पूरी दुनिया में तथ्यों के साथ बेनकाब करना है। पाकिस्तान की आतंकी हमलों में भूमिका ▸▸ शेष पेज 5 पर

#### भारत ने केवल आतंकी कैंप तबाह किए

सूत्रों ने कहा कि बैठक में विदेश सचिव ने तीनों प्रतिनिधिमंडलों को यह भी बताया कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान देश की सेनाओं ने केवल पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) में मौजूद आतंकवादी ठिकानों को ही निशाना बनाकर तहस-नहस किया है। इस दौरान पाकिस्तान के किसी भी सैन्य ठिकाने और नागरिक इलाके पर हमला नहीं किया गया। पाकिस्तान की तरफ से भारत के सैन्य ठिकानों और नागरिक आबादी वाले इलाकों पर हमला करने के बाद हमने जवाबी कार्रवाई की थी। मिस्री ने जनप्रतिनिधियों को पहलगाम हमले के बाद भारत की पाकिस्तान पर की गई कूटनीतिक स्ट्राइक में लिए गए निर्णयों और उनके महत्व के बारे में भी बताया। जिसमें सिंधु जल समझौते को स्थगित करना व अन्य निर्णय शामिल हैं।

#### इन देशों की यात्रा करेंगे 3 प्रतिनिधिमंडल

- जेडीयू नेता संजय झा के नेतृत्व वाला प्रतिनिधिमंडल इंडोनेशिया, मलेशिया, दक्षिण कोरिया, जापान, सिंगापुर की यात्रा करेगा। उनके साथ भाजपा सांसद अपराजिता सारंगी, बृजलाल, प्रदान बरुआ और हेमांग जोशी शामिल हैं। जबकि टीएमसी सांसद यूसुफ पठान, अभिषेक बनर्जी, सीपीआई (एम) जॉन ब्रिटॉस, कांग्रेस नेता सलमान खुर्शीद और राजदूत मोहन कुमार प्रतिनिधिमंडल में शामिल हैं।
- शिव सेना (शिंदे) नेता श्रीकांत एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाला प्रतिनिधिमंडल यूएई, लाइबेरिया, कांगो और सियरा लियोन जैसे देशों की यात्रा करेगा। इनके प्रतिनिधिमंडल में शामिल सदस्यों में भाजपा से बांसुरी स्वराज, अतुल गर्ग, एस.एस.अहलूवालिया, मनन कुमार मिश्रा और बीजेडी से डॉ.सस्मित पात्रा, आईयूएमएल से ईटी मोहम्मद बशीर के अलावा राजदूत सुजान चिनॉय शामिल हैं।
- द्रमुक नेता कनिमोझी के नेतृत्व वाला प्रतिनिधिमंडल स्पेन, ग्रीस, रूस, स्लोवेनिया और लातविया जैसे देशों की यात्रा करेगा। उनके साथ भाजपा से कैप्टन ब्रिजेश चौटा, आम आदमी पार्टी से डॉ.अशोक कुमार मित्तल, आरजेडी से प्रेमचंद गुप्ता, एनसी से मियां अल्ताफ अहमद और समाजवादी पार्टी से राजीव राय के साथ ही राजदूत मंजीव एस.पुरी और जावेद अशरफ शामिल हैं।

### 'ऑपरेशन सिंदूर' पर बहस हुई तल्ख, भाजपा और कांग्रेस के बीच छिड़ा पोस्टर युद्ध

# राहुल और आसिम मुनीर को चेहरा जोड़ भाजपा आईटी सेल ने जारी किया पोस्टर

**कांग्रेस ने पीएम मोदी और पाक के पूर्व पीएम नवाज शरीफ का चेहरा जोड़ कसा तंज**

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली




भाजपा और कांग्रेस के बीच 'ऑपरेशन सिंदूर' को लेकर शुरू हुई बहस अब एक तीखी और तल्ख पोस्टर वॉर में बदल गई है। दोनों ही पार्टियों ने एक-दूसरे के नेताओं की छवियों और ऐतिहासिक उपमाओं का इस्तेमाल कर जनता के बीच अपनी बात पहुंचाने की कोशिश की है। जहां एक ओर भाजपा विपक्ष पर देश की सेना और सरकार का मनोबल गिराने का आरोप लगा रही है, वहीं कांग्रेस सरकार पर पारदर्शिता की कमी और राजनीतिकरण का इल्जाम लगा रही है। दोनों पार्टियों के बीच छिड़े इस चटपटे पोस्टर युद्ध के जरिये नेताओं के चेहरों को मिक्स कर राजनीतिक कटाक्ष किए जा रहे हैं। जहां एक ओर भाजपा ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी का आधा चेहरा पाकिस्तान के आर्मी चीफ आसिम मुनीर के आधे चेहरे के साथ मिक्स किया है, वहीं पटलवार में कांग्रेस ने पीएम नरेंद्र मोदी का आधा चेहरा नवाज शरीफ के आधे चेहरे के साथ मिक्स कर कहा- एक बिरयानी देश पर भारी। बिहार कांग्रेस के ▸▸ शेष पेज 5 पर

## खबर संक्षेप

### 27 करोड़ के पंत 27 का आंकड़ा पार नहीं कर पाए



**नई दिल्ली।** आईपीएल 2025 में सोमवार को लखनऊ सुपर जाएंट्स और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच मुकाबला खेला गया। इस मैच में एसआरच ने लखनऊ को छह विकेट से हरा दिया। एक बार फिर एलएसजी के कप्तान ऋषभ पंत फ्लॉप रहे। लखनऊ की टीम के खराब प्रदर्शन रहा। इसकी एक वजह पंत की खराब बल्लेबाजी भी रही है। पंत को लखनऊ ने मेगा नीलामी में 27 करोड़ में अपनी टीम में शामिल किया था, लेकिन वह अब तक सिर्फ एक बार 27 रन का आंकड़ा पार कर पाए हैं।

### जून 2022 से संभाल रहे हैं निदेशक की जिम्मेदारी

# आईबी निदेशक तपन डेका को फिर मिला एक साल का सेवा विस्तार

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली



केंद्र सरकार ने इंटेलिजेंस ब्यूरो (आईबी) के निदेशक तपन कुमार डेका को दूसरी बार एक वर्ष का कार्यकाल विस्तार दिया है। तपन डेका हिमाचल प्रदेश कैडर के 1988 बैच के भारतीय पुलिस सेवा अधिकारी हैं। उन्हें सबसे पहले जून 2022 से 2 साल के कार्यकाल के लिए आईबी निदेशक नियुक्त किया गया था। इसके बाद 24 जून 2024 को भी सेवानिवृत्ति से पहले उन्हें एक साल का सेवा विस्तार दिया गया था। मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति की ओर से मंगलवार को जारी आदेश में खुफिया ब्यूरो के निदेशक तपन डेका के कार्यकाल को एक वर्ष के लिए (जून 2026 तक या अगले आदेश तक) विस्तार देने को मंजूरी दी गई है। वह 2008 में मुंबई में 26/11 के आतंकवादी हमलों के दौरान जवाबी अभियान के प्रभारी थे और उन्होंने इंडियन मुजाहिदीन के खिलाफ अभियान का भी नेतृत्व किया। डेका को असम में स्थितियां संभालने का भी अनुभव है और वे जम्मू-कश्मीर में संकट के समय सरकार के सलाहकार रहे हैं। ▸▸ शेष पेज 5 पर

### सुप्रीम कोर्ट का अहम फैसला

# सिविल जज बनने के लिए 3 साल बतौर वकील प्रैक्टिस जरूरी

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली



सुप्रीम कोर्ट ने एक अहम फैसले में कहा है कि सिविल जज जूनियर डिविजन के पद के लिए उम्मीदवार अब सीधे परीक्षा पास कर नियुक्त नहीं हो सकेंगे और उन्हें तीन साल कम से कम बतौर वकील प्रैक्टिस करना जरूरी है। मुख्य न्यायाधीश जस्टिस बीआर गवई, जस्टिस एजी मसीह और जस्टिस के विनोद चंद्रन की पीठ ने अपने फैसले में कहा कि देखा गया है कि जो नए कानून स्नातक न्यायपालिका में नियुक्त होते हैं, उनके चलते कई समस्याएं हुई हैं। ऐसे में सभी उम्मीदवारों को न्यायपालिका में दाखिल होने के लिए कम से कम तीन साल बतौर वकील प्रैक्टिस करना जरूरी होगा। सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले का देश की न्यायिक व्यवस्था पर दूरगामी असर पड़ेगा। पीठ ने अपने फैसले में कहा कि न्यायिक व्यवस्था में आने से पहले अदालत का अनुभव मिलना बेहद जरूरी है। सीजेआई ने कहा कि अदालत के कामकाज का प्रैक्टिकल अनुभव न्यायिक व्यवस्था की ▸▸ शेष पेज 5 पर






### बोले- अब कांग्रेस पूरे देश में महिलाओं को 8500 रुपए प्रति माह देगी

**योजना का नाम 'महालक्ष्मी' योजना होगा**

# राहुल गांधी की कोशिश वाया कर्नाटक बिहार तलक कांग्रेस की बात पहुंचे, कैसे 5 की जगह 6 गारंटी की पूरी

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

कांग्रेस पार्टी की कोशिश है कि कर्नाटक की कांग्रेस सरकार को देश भर में एक 'मॉडल' के रूप में 'मार्केट' किया जाए जिसका सियासी लाभ चुनावों में स्पष्ट रूप से कांग्रेस के पक्ष में दिखे। यही वजह रही कि कर्नाटक में कांग्रेस सरकार के दो साल पूरे होने पर छठी गारंटी लागू करने की घोषणा में लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी, पार्टी के अध्यक्ष राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे, प्रभारी रणदीप सिंह सुरजेवाला समेत अन्य वरिष्ठ नेताओं की रेल मंच पर दिखी। कर्नाटक में कांग्रेस की सरकार बनने पर 5 गारंटी लागू



करने की गारंटी राहुल गांधी ने दी थी, लेकिन वे छठवें गारंटी का जिक्र मंच से कर रहे थे। जाहिर है इसका फलक व्यापक है। छठी घोषणा के तहत एक लाख एसटी, एससी, ओबीसी परिवारों को घर का मालिकाना हक देने, 2 हजार हैबिटेशन को 'रेवेन्यू विलेज' घोषित करने, और जमीनों की ▸▸ शेष पेज 5 पर

#### गरीबों के लिए कई घोषणाएं की

राहुल गांधी ने कर्नाटक में गरीबों के लिए वित्तीय सहायता और सामाजिक न्याय पर जोर देते हुए गृहलक्ष्मी योजना, जमीन के मालिकाना हक, और महालक्ष्मी योजना जैसे कदमों को रेखांकित किया। उन्होंने इन योजनाओं को गरीबों, दलितों, और आदिवासियों के उत्थान के लिए क्रांतिकारी बताया और केंद्र सरकार की नीतियों की आलोचना की। राहुल गांधी ने कर्नाटक के विजयनगर में एक कार्यक्रम में गरीबों के लिए वित्तीय सहायता और सामाजिक न्याय से संबंधित कई महत्वपूर्ण घोषणाएं भी की।

#### गृहलक्ष्मी में महिलाओं को 2000 रुपये दे रहे

राहुल गांधी ने कहा कि कांग्रेस की नीति है कि कर्नाटक की जनता, विशेष रूप से गरीबों के खातों में सीधे पैसा पहुंचे। उन्होंने गृहलक्ष्मी योजना का जिक्र किया, जिसके तहत हर गरीब महिला के खाते में हर महीने 2,000 रुपये जमा किए जा रहे हैं। उन्होंने इसे एक ऐसी पहल बताया, जो गरीबों की आर्थिक स्थिति को मजबूत करती है और उनके बच्चों की शिक्षा व परिवार के स्वास्थ्य के लिए उपयोगी है। उन्होंने यह भी कहा कि कर्नाटक में गृहलक्ष्मी योजना की सफलता के बाद, कांग्रेस पूरे देश में महालक्ष्मी योजना लागू करेगी, जिसमें गरीब महिलाओं के खातों में ▸▸ शेष पेज 5 पर

## कई मामलों में हो चुकी है आजीवन कारावास की सजा

# किडनी रैकेट और टैक्सी ड्राइवरों की हत्या का आरोपी डॉक्टर डेथ दबोचा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



- पैरोल जंप कर हो गया था फरार, पुजारी बनकर रह रहा था

क्राइम ब्रांच ने डॉक्टर डेथ के नाम से कुख्यात हो चुके सीरियल किलर डॉक्टर देवेंद्र शर्मा को गिरफ्तार किया है। मूलरूप से अलीगढ़ का रहने वाला डॉक्टर शर्मा आयुर्वेदिक डॉक्टर होते हुए सीरियल किलिंग, अवैध किडनी रैकेट और हत्याओं में शामिल रहा है। इसे दौसा राजस्थान के एक आश्रम से गिरफ्तार किया गया। आरोपी पुजारी के वेश में रह रहा था।

पुलिस के अनुसार 67 वर्षीय देवेंद्र 2023 में तिहाड़ जेल से पैरोल पर बाहर आया था। इस पर आरोप है कि वह 1994 से 2004 के बीच किडनी रैकेट और टैक्सी चालकों की कई हत्याएं वह कर चुका है। हत्या के बाद शवों को मगरमच्छों को डालने की बात भी सामने आई थी। डॉ. देवेंद्र शर्मा उर्फ डॉक्टर डेथ एक बीएएमएस डिग्री धारक है। कई हत्या के मामलों में इसे दोषी ठहराया गया था व आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई थी। आरोपी तिहाड़ जेल में सजा काटते समय 2023 में पैरोल जंप कर गया था। इसके खिलाफ दिल्ली, हरियाणा, उत्तर प्रदेश और राजस्थान के विभिन्न पुलिस स्टेशनों में अपहरण और हत्या के दर्जनों मामले दर्ज है। आरोपी और उसके साथी शवों को मगरमच्छों से भरे हजारा नहर, कासगंज, उत्तर प्रदेश में फेंक देते थे। इसने 125 से अधिक किडनी प्रत्यारोपण कराए थे। इसके साथी डॉ. का नाम अमित बताया गया था। आरोपी व्यक्ति अलीगढ़ का स्थायी निवासी है। इसके पिता बिहार के सिवान में एक दवा कंपनी में काम करते थे। 1984 में शर्मा ने बिहार से बैचलर ऑफ आयुर्वेदिक मेडिसिन एंड सर्जरी (बीएएमएस) की डिग्री के साथ अपना स्नातक पूरा किया। इसके बाद राजस्थान के बांदीकुई में जनता क्लीनि नाम से अपना खुद का क्लीनिक स्थापित किया। उस क्नीनिक को इसने 11 साल तक संचालित किया। 1994 में गैस डीलरशिप घोटाले में 11 लाख रुपये की धोखाधड़ी के बाद इसे एक बड़ा वित्तीय झटका लगा। इस नुकसान के बाद 1995 में आरोपी ने आपराधिक गतिविधियों की ओर रुख किया और कथित तौर पर एक नकली गैस एजेंसी का संचालन करना शुरू कर दिया। बाद में डॉ. अमित के साथ मिलकर इसने 125 से अधिक अवैध किडनी प्रत्यारोपण कराए और प्रति प्रक्रिया 5 लाख रुपये से 7 लाख रुपये की कमाई की। इसने बिचौलिए की भूमिका निभाते हुए डॉ. अमित के लिए डोनर का इंतजाम किया। 2004 में इसे किडनी रैकेट के सिलसिले में गुड़गांव में गिरफ्तार किया गया था। इसी अवधि के दौरान यह और इसका गिरोह टैक्सी ड्राइवरों के अपहरण और सिलसिलेवार हत्याओं में भी शामिल था। वाहनों को उत्तर प्रदेश के ग्रे मार्केट में बेचा जाता था, जिससे उसे प्रति वाहन 20,000 से 25,000 रुपये की कमाई होती थी। इस पर 21 टैक्सी ड्राइवरों की हत्या का आरोप था। इसे दिल्ली, राजस्थान और हरियाणा में सात अलग-अलग मामलों में आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई थी। 2004 में इसके भयानक अपराधों के सार्वजनिक हो जाने के बाद इसकी पत्नी और बच्चों ने डॉक्टर शर्मा को छोड़ दिया था।

# फर्जी ट्रेडिंग ऐप से निवेशकों को 48 लाख का चूना लगाने वाला दबोचा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



बाहरी उत्तरी दिल्ली में कई निवेशकों से 48 लाख रुपये से अधिक की धोखाधड़ी करने के आरोपी 29 वर्षीय व्यक्ति को पकड़ा गया है। आरोपी जितेंद्र शर्मा महाराष्ट्र के पालघर के वनगांव से गिरफ्तार किया गया। इस पर खुद को एक वित्तीय सेवा कंपनी का प्रतिनिधि बताकर निवेशकों को एक फर्जी ट्रेडिंग ऐप्लीकेशन के जरिए फंसाने का आरोप है।

डीसीपी निधिन वलसन के अनुसार शर्मा एक निजी कंपनी के प्रबंध निदेशक के रूप में काम करता था और कमीशन के बदले में धोखाधड़ी वाले लेनदेन के लिए अपनी कंपनी के बैंक खाते उपलब्ध कराता था। इसके बैंक खाते राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल (एनसीआरपी) पर दर्ज 46 शिकायतों से जुड़े पाये गये। विनय सिंघल नाम के शख्स द्वारा की गयी शिकायत के बाद 17 मार्च को एक मामला दर्ज किया गया। जांच के दौरान तीन समान शिकायतें सामने आई, जिसमें नकली ट्रेडिंग ऐप्लिकेशन के माध्यम से धन अंतरित करने में धोखाधड़ी का पता चला था। शिकायतकर्ता को एक खास ट्रेडिंग ऐप डाउनलोड करने के लिए कहा गया था और उच्च मुनाफे का झूठा वादा किया गया था। डीसीपी के अनुसार गिरोह में शामिल अन्य लोगों का पता लगाने और धोखाधड़ी से प्राप्त धन की वसूली के प्रयास जारी हैं।


**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **मोहम्मद असफाक अली, पुत्रः मोहम्मद मुशाफिर, पताः बी–701/1, गली नं. 13/1, सुभाष मोहल्ला, जकारिया मस्जिद, भजनपुरा, दिल्ली** ने **FIR No. 477/2023, U/s 283 IPC, पुलिस थाना जाफराबाद, दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **मोहम्मद असफाक अली** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **मोहम्मद असफाक अली** फरार हो गया है (या उक्त वारंट कि तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 477/2023, U/s 283 IPC, पुलिस थाना जाफराबाद, दिल्ली** के अभियुक्त **मोहम्मद असफाक अली** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **26.06.2025** या इससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**सुश्री आयुषी सेक्साना**
**न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–05**
**शाहदरा, कमरा नं. 07, द्वितीय तल**
**कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली**

**DP/5892/NE/2025**


# 18 लाख की ठगी करने वाला ट्रैवल एजेंट पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

अपराध शाखा की वेस्टर्न रेंज 1, टीम ने 18 लाख की धोखाधड़ी के मामले में दो साल से फरार एक ट्रैवल एजेंट को हिमाचल प्रदेश के कसोल से अरेस्ट किया है। 32 वर्षीय सागर वशिष्ठ के खिलाफ 2023 में केस दर्ज हुआ था। आरोपी ने यह पैसा अंतरराष्ट्रीय एयर टिकट बुक करने के लिए लिया था। इसे कसोल के एक हॉस्टल से गिरफ्तार किया गया। आरोपी फरारी के दौरान गोवा, नासिक, देहरादून, वाराणसी और हिमाचल प्रदेश के कुछ स्थानों पर बार-बार ठिकाने बदलकर रहा था। पुलिस के अनुसार नीलेश मित्रा नामक व्यक्ति ने वशिष्ठ के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी। वशिष्ठ ने कथित तौर पर कनाडा के लिए 18 लाख रुपये की रिफंडेबल फ्लाइट टिकट बुक करने का वादा किया था। उसने कई बार टिकट रद्द करने और झूठे आश्वासन के बाद केवल 75 हजार रुपये ही वापस किए। रिफंडेबल फ्लाइट टिकट रद्द करने पर पैसे वापस मिल जाते हैं। पुलिस ने बताया कि आगे की जांच में पता चला कि ट्रैवल एजेंट ने बुकिंग के लिए फर्जी ईमेल आईडी और अनधिकृत संचार चैनलों का इस्तेमाल किया था। वशिष्ठ को शुरू में सशर्त जमानत दी गई थी, लेकिन उसने द्वारका की अदालत में पेश होना बंद कर दिया था, जिसके बाद 13 जनवरी को उसे भगौड़ा अपराधी घोषित किया गया था। राजेंद्र नगर निवासी वशिष्ठ ने आईपी यूनिवर्सिटी से डिग्री हासिल की है और पहले वह एक बैंक में सेल्समैन के रूप में काम करता था। इसके बाद उसने गाजियाबाद में एक ट्रैवल एजेंसी शुरू की और कई राज्यों से काम करने लगा।

## संगम विहार में गोली मारकर लूटे 60 हजार

**नई दिल्ली।** साउथ दिल्ली के संगम विहार इलाके में सोमवार देर रात एक शख्स को गोली मारकर 60 हजार की रकम लूट ली गई। यह वारदात हतिम चौक के पास हुई। पैर में गोली लगने पर शख्स को अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। पुलिस को रात 12:40 पर वारदात की सूचना मिली। कॉल करने वाले ने पुलिस को बताया कि गोली मारकर दो लाख रुपए लूट लिए गए हैं। मौके पर जब पुलिस पहुंची तो बताया गया कि कॉल करने वाले के मामा महेश के साथ वारदात हुई है। वह यहां एफ ब्लॉक संगम विहार आया था। वहां दो लोगों से महेश की मुलाकात हुई और उनमें से एक ने मामा पर गोली चला दी जो उनके पैर में लगी। उसके बाद 60 हजार रुपए लूट आरोपी फरार हो गये। संगम विहार पुलिस केस में छानबीन कर रही है।

# यादव ने पार्टी की मजबूती के लिए की बैठक संगठन की भविष्य की रणनीति पर हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष देवेन्द्र यादव के नेतृत्व में मंगलवार को प्रदेश कार्यालय राजीव भवन में संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने के लिए महत्वपूर्ण बैठक हुई जिसमें आगामी निगम उपचुनाव व भविष्य की रणनीति तय करने के लिए विस्तारपूर्वक चर्चा हुई। इस अवसर पर यादव के अलावा दिल्ली प्रभारी काजी निजामुद्दीन, पूर्व मंत्री डा नरेन्द्र नाथ, कृष्णा तीरथ, मंगतराम सिंघल और राजेन्द्र पाल गौतम तथा कम्युनिकेशन विभाग के चेयरमैन अनिल भारद्वाज सहित अन्य मौजूद थे। इस बैठक में मुख्य रूप से लोकसभा और जिला आर्ब्जवरों सहित जिला अध्यक्षों को बलाया गया था। यादव ने बैठक में साफ कहा अगले एक महीने में सभी 258 ब्लाकों के अंतर्गत मंडलम और सेक्टरों को बनाने की कार्यवाही पूरी हो जानी चाहिए। यादव ने केजरीवाल पर निशाना साधते हुए कहा कि आम आदमी पार्टी के अध्यक्ष अरविंद केजरीवाल 11 वर्ष दिल्ली की सत्ता का सुख भोगकर अब पंजाब में टूरिज्म मना रहे है। आम आदमी पार्टी के सभी बड़े नेता पंजाब में अपने भ्रष्टाचार को अंजाम दे रहे है। जबकि दिल्ली में मुख्य विपक्ष की भूमिका के अपने कर्तव्य को निभाने में भी आप पार्टी पूरी तरह विफल साबित हो रही है। हालात यह है कि दिल्ली नगर निगम में मेयर और डिप्टी मेयर का उम्मीदवार खड़ा करने तक से मना करके केजरीवाल ने सीधे सीधे भाजपा की एक तरफा जीत का रास्ता तय किया जो दर्शाता है कि पार्टी में किस कदर आपसी फूट पड़ी हुई है। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी डूबता जहाज है जिसको छोड़कर उनके नेता एक-एक करके भाग रहे है। चुनावों के दौरान कई विधायक और निगम पार्षदों ने अरविन्द केजरीवाल का दामन छोड़ा था और 2 दिन पहले इनके 15 निगम पार्षदों ने सयुंक्त रुप से पार्टी छोड़कर कमजोर नेतृत्व की दुहाई दी थी। यादव ने कहा कि सभी जिला व ब्लाक अध्यक्षों को जल्द से जल्द मंडल और सेक्टरों के क्षेत्रों का निर्धारण और नामकरण करके उनका गठन करना चाहिए। एक ब्लाक में 20-25 बूथों पर एक मंडल और 5-7 बूथां पर एक सेक्टर बनाने है। एक ब्लाक में दो मंडल और 4-5 सेक्टरों का गठन करें। उन्होंने कहा कि संगठन को जमीनी स्तर तक मजबूत बनाने के लिए बूथ स्तर तक कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी सुनिश्चित करनी होगी।


**उत्तर रेलवे**

**इ–निविदा (इ–प्रोक्यूर्मेंट) के माध्यम से निविदा आमंत्रण**

निम्नलिखित कार्य के लिये वरिष्ठ मंडल अभियंता/III, उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल में इ–निविदा आमंत्रण।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | सहायक मंडल अभियंता/ नई दिल्ली के अंतर्गत वरिष्ठ खण्ड अभियंता/कार्य/ नई दिल्ली स्टेशन के अनुभाग में सर्विस बिल्डिंग, स्टेशन भवन नई दिल्ली और अन्य संरचना यानी एमएसआरआर, टीटीआरएच, सीपीडी सिक लाइन शेड, लोको शेड आदि की मरम्मत के लिए 30.06.2026 को समाप्त अवधि के लिए वार्षिक जोन कार्य। |
| 2 | कार्य की अनुमानित लागत (रुपये) | Rs. 98,99,180.34 (रुपये अट्ठानबे लाख निन्यानवे हजार एक सौ अस्सी और चौंतीस पैसे मात्र) |
| 3 | बयाना राशि (रुपये) | Rs. 1,98,000/- (रुपये एक लाख अट्ठानबे हजार मात्र) |
| 4 | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रुपये) | Rs. 0.00 |
| 5 | निविदा बोली प्रस्तुत करने और निविदा खोलने की तिथि और समय | 13.06.2025 को 15:00 तक। |
| 6 | वेबसाइट विवरण जहां निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है | निविदा www.ireps.gov.in वेबसाइट पर उपलब्ध। |
| 7 | आवंटन | 04–410–32 |

• ठेकेदारो को ई–टेंडर प्रणाली में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे ई–प्रोक्योरमेंट सिस्टम (IREPS) साइट यानी **www.ireps.gov.in** के अंतर्गत पंजीकृत होना चाहिए। • सभी नियमों और शर्तों के लिए कृपया निविदा दस्तावेज देखें। • मैनुअल निविदायें स्वीकृत नहीं की जायेगी। • निविदा दस्तावेज और बयाना की लागत केवल नेट बैंकिंग या भुगतान गेटवे के माध्यम से स्वीकार्य होगी। **सं.: 128–W/280/इ–निविदा सूचना/05–2025–26/W-3 दिनांक : 19.05.2025** **1472/2025**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


## ख्याला में युवक की चाकू मारकर हत्या

**नई दिल्ली।** ख्याला इलाके में सोमवार देर रात एक 27 वर्षीय युवक की चाकू मारकर हत्या कर दी गई। मृतक का नाम इश्मीत सिंह (27) बताया गया है। वह विष्णु गार्डन, तिलक नगर का रहने वाला था। पुलिस ने कुछ ही घंटों में तीन आरोपियों में से एक को गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गये आरोपी का नाम प्रीतपाल है। फरार अन्य दो के नाम अनमोल उर्फ हनी और पीयूष उर्फ पन्नू बताये गये हैं। पुलिस के अनुसार डीडीयू अस्पताल से ख्याला पुलिस को सूचना मिली थी कि इश्मीत सिंह को अस्पताल में मृत अवस्था में लाया गया था। पूछताछ के दौरान पता चला कि अनमोल उर्फ हन्नी की मृतक की बहन के साथ दोस्ती थी। लड़की के परिवार ने अनमोल को संबंध खत्म करने की चेतावनी दी थी। इश्मीत द्वारा बार-बार चेतावनी देने के बावजूद अनमोल ने संबंध तोड़ने से इनकार कर दिया था। इससे उनके बीच दुश्मनी हो गई। सोमवार को जब इश्मीत सिंह घर लौटा तो उसने अनमोल, प्रीतपाल और अन्य को अपने घर के पास खड़े पाया। झगड़ा हुआ और अनमोल ने अपने दोस्तों के साथ इश्मीत को पीटना शुरू कर दिया। उन्होंने इश्मीत को काबू में कर लिया और उसे मुक्कों और घूंसों से पीटा। हमलावरों में से एक ने उसके बाएं पैर के निचले हिस्से में चाकू मार दिया, जिससे वह बेहोश हो गया। इसके बाद हमलावर मौके से भाग गए और इश्मीत को उसके पिता डीडीयू अस्पताल ले गए, जहां उसकी मौत हो गई। आरोपियों में से एक प्रीतपाल को गिरफ्तार कर लिया गया है। सह आरोपियों को पकड़ने के लिए छापेमारी की जा रही है।

## पूर्व निगम पार्षद सहित कईयों ने पकड़ा कांग्रेस का हाथ

**नई दिल्ली।** रोहतास नगर विधानसभा से आम आदमी पार्टी के अनेक कार्यकर्ताओं के साथ पूर्व निगम पार्षद एडवोकेट अनिल गौतम ने कांग्रेस का हाथ पकड़ लिया है। मंगलवार को प्रदेश कार्यालय राजीव भवन में प्रदेश प्रभारी काजी निजामुद्दीन सहित अन्य वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी में प्रदेश अध्यक्ष देवेन्द्र यादव पूर्व पार्षद अनिल गौतम व अन्य को कांग्रेस पार्टी का पटका पहनाकर सदस्यता प्रदान की। इस मौके पर यादव ने कहा कि अनिल गौतम पिछले निगम चुनावों में आम आदमी पार्टी के टिकट पर निगम का चुनाव लड़े थे। कांग्रेस की विचारधाराओं में विश्वास रखते हुए पार्टी में शामिल हुए है। क्योंकि आम आदमी पार्टी में नेतृत्व की कमजोरी और बिखरती आम आदमी पार्टी में निर्वाचित प्रतिनिधियों सहित उनके कार्यकर्ताओं का विश्वास खत्म हो चुका है। उन्होंने कहा कि नेतृत्वहीन हो चुके आप पार्टी दल को छोड़कर अनिल गौतम अपने कार्यकर्ताओं के साथ कांग्रेस में इसलिए आए हे क्योंकि इन्हें पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी के नेतृत्व में पूरा विश्वास है। यादव ने कहा कि यह आम आदमी पार्टी अपने कर्मों के चलते रसातल में पहुंच चुकी है। दिल्ली में 11 साल सत्ता सुख भोगने के बाद अरविंद केजरीवाल व आप पार्टी ने अब पंजाब को अपने शिकंजे में जकड़ रखा है।

### भर्ती सिपाहियों में 296 स्नातकोत्तर, 24 बी.टेक

# झाड़ौदा कलां में 2780 सिपाहियों की हुई पासिंग आउट परेड

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली पुलिस के बैच संख्या 124 के 2780 सिपाहियों की पासिंग आउट परेड मंगलवार को दिल्ली पुलिस अकादमी झाड़ौदा कलां में आयोजित की गई। इन भर्ती सिपाहियों में 1240 महिलाएं भी शामिल रही। एक दिन पहले वजीराबाद परिसर में 1308 सिपाहियों की पीओपी हुई थी। स्पेशल सीपी नुजहत हसन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर पहुंची। डीपीए डायरेक्टर आसिफ मोहम्मद अली ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया। इस दौरान कई अन्य वरिष्ठ अधिकारी और भर्ती सिपाहियों के हजारों परिजन भी मौजूद रहे।

भर्ती सिपाही अब दिल्ली पुलिस में अपनी महत्वपूर्ण भूमिकाएं निभाने के लिए तैयार हैं। जल्द ही सभी की पोस्टिंग लिस्ट जारी की जाएगी। बैच संख्या 124 के 2780 भर्ती सिपाहियों में से 296 स्नातकोत्तर हैं, जिनमें 71 एमएससी, आठ एमबीए और 24 एम कॉम शामिल हैं। इसके अलावा 1943 सिपाहियों के पास विभिन्न विषयों जैसे बी.टेक. 24, एलएलबी तीन और बी.एड. 137 जैसी स्नातक डिग्री है। इस बैच में आईटी और कंप्यूटर प्रशिक्षण पर जोर दिया गया, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि प्रशिक्षु दिल्ली पुलिस के सभी ऐप और वेबसाइट में कुशल हों। सीसीटीएनएस, आईसीजेएस (इंटर-ऑपरेबल क्रिमिनल जस्टिस सिस्टम) और आईसीएमएस (एकीकृत शिकायत प्रबंधन प्रणाली) जैसी महत्वपूर्ण प्रणालियों का भी इन्हें भरपूर ज्ञान दिया गया है। महिला कांस्टेबल दीक्षा चौधरी को ऑल राउंड बेस्ट ट्रॉफी मिली। भावना राणा इनडोर प्रशिक्षण में प्रथम आई। कांस्टेबल धीरज यादव आउटडोर में प्रथम रहे और कांस्टेबल सोहित कुमार कमांडो प्रशिक्षण में प्रथम रहे। मुख्य अतिथि स्पेशल सीपी नुजहत हसन ने नव प्रशिक्षित सिपाहियों को संबोधित किया और उन्होंने लोक सेवक के रूप में नैतिक आचरण, अनुशासन और जिम्मेदारी पर जोर दिया। उन्होंने कानून प्रवर्तन कर्तव्यों में आधुनिक तकनीक के उपयोग की आवश्यकता पर भी चर्चा की। दिल्ली पुलिस अकादमी के संयुक्त निदेशक, आईपीएस आसिफ मोहम्मद अली ने बैच को शपथ दिलाई। इसके साथ ही उन्हें बधाई और शुभकामनाओं के साथ अपने संबोधन का समापन किया। इस परेड में रिक्रूट कांस्टेबलों की कुल 36 टुकड़ियों ने मार्च किया। महिला टुकड़ियों में टुकड़ी संख्या सात को सर्वश्रेष्ठ मार्चिंग टुकड़ी का पुरस्कार दिया गया। पुरुष वर्ग में टुकड़ी संख्या 22 को सर्वश्रेष्ठ का पुरस्कार दिया गया।


**हरियाणा लोक सेवा आयोग**
**बेज नं. 1–10, ब्लॉक–बी, सेक्टर–4, पंचकूला**

**घोषणा**

नीचे तालिका में वर्णित अनुसार पदों के लिए आवेदन कर चुके उम्मीदवारों की सामान्य जानकारी के लिए एतद द्वारा यह घोषणा की जाती है कि आयोग ने नीचे दिये गये कार्यक्रम के अनुरूप स्क्रीनिंग टेस्ट्स आयोजित करने का निर्णय लिया है :-

| क्र.सं. | पद व विभाग का नाम | विज्ञा. सं. | परीक्षा का प्रकार | परीक्षा की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | कैमिस्ट्री विषय में असिस्टेंट प्रोफैसर (कॉलेज कैडर) | 43/2024 | स्क्रीनिंग टेस्ट | 29.05.2025 (प्रातःकालीन सत्र) |
| 2. | फिजिक्स विषय में असिस्टेंट प्रोफैसर (कॉलेज कैडर) | 61/2024 | स्क्रीनिंग टेस्ट | 29.05.2025 (सायंकालीन सत्र) |

उम्मीदवारों को अपने प्रवेश–पत्र आयोग की वेबसाइट अर्थात **http://hpsc.gov.in** पर उपलब्ध करवाए गए लिंक से 23.05.2025 से डाउनलोड करने का परामर्श दिया जाता है।

**टिप्पणियां :–**

1. *उम्मीदवारों को प्रवेश–पत्र डाउनलोड करने और ए–4 साइज पेपर पर इसका प्रिंट लेने का निर्देश दिया जाता है ताकि उनके फोटो और अन्य विवरण आसानी से देखे/प्रमाणित किये जा सकें। अस्पष्ट फोटो/हस्ताक्षरों सहित छोटे आकार के प्रवेश–पत्र वाले उम्मीदवारों को परीक्षा केन्द्र में प्रवेश करने की अनुमति नहीं दी जाएगी।*
2. *उम्मीदवारों को प्रवेश–पत्र पर दिये गये सभी निर्देश बहुत ध्यानपूर्वक पढ़ने का परामर्श दिया जाता है।*

दिनांक : 20.05.2025

**हस्ता/– उप सचिव**
**हरियाणा लोक सेवा आयोग, पंचकूला**

सत्यमेव जयते

**हरियाणा लोक सेवा आयोग**
**बेज नं. 1–10, ब्लॉक–बी, सेक्टर–4, पंचकूला**

**विज्ञापन सं. 04/2025** **प्रकाशन की तिथि : 21.05.2025**

आयोग हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड में वैज्ञानिक–बी (ग्रुप–बी) के पदों के लिए पात्र उम्मीदवारों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करता है।

**पदों का श्रेणीवार ब्रेक–अप निम्नानुसार है :**

| अनारक्षित | हरियाणा के डीएससी | हरियाणा के ईडब्ल्यूएस | कुल | ईएसएम (अनारक्षित) |
|---|---|---|---|---|
| 03 | 01 | 01 | 05 | 01 |

ए) ऑनलाइन आवेदन जमा करने हेतु प्रारम्भिक तिथि : 26.05.2025
बी) ऑनलाइन आवेदन जमा करने हेतु अन्तिम तिथि : 16.06.2025 अप. 5:00 बजे तक
सी) शुल्क जमा हेतु अन्तिम तिथि : 16.06.2025 अप. 5:00 बजे तक

अधिक जानकारी के लिये **http://hpsc.gov.in** पर लॉग ऑन करें।

दिनांक : 20.05.2025 **हस्ता/– सचिव**
संवाद–1156/13/324/2026/34929/88/7 दि. 20.05.25 **हरियाणा लोक सेवा आयोग, पंचकूला**

**हरियाणा सरकार** **निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर निगम रोहतक | वार्ड नं. 12, एम.सी. रोहतक में चांद सिंह के मकान के सामने, शीला बाईपास के निकट आईपीबी गली जो दिल्ली रोड और सोनीपत रोड को मिलाती है, का निर्माण + 7 कार्य। | 19.05.2025 27.05.2025 | 87.39 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9991838888 xenmcrohtak@gmail.com |
| 2 | नगर निगम रोहतक | एम.सी. रोहतक की सीमाओं में जोन नं. 1 में नाला की गाद निकालना + 2 कार्य। | 17.05.2025 24.05.2025 | 1.18 करोड़ | https://etenders.hry.nic.in | 9467283967 xenmcrohtak@gmail.com |
| 3 | नगर निगम रोहतक | एम.सी. रोहतक की सीमा में वार्ड नं. 10 में बोहर गांव में शमशान घाट के निकट आईपीबी गली का निर्माण। | 17.05.2025 24.05.2025 | 9.09 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9467283967 xenmcrohtak@gmail.com |
| 4 | नगर निगम रोहतक | वार्ड नं. 9, एम.सी. रोहतक में विभिन्न राजस्व रास्ता गढी बोहर रोड और गढी बोहर तिलयार लेक में सुनील नांदल से हिन्द ग्लास स्टील वर्क्स तक आईपीबी गली का निर्माण + 5 कार्य। | 17.05.2025 24.05.2025 | 2.25 करोड़ | https://etenders.hry.nic.in | 9467283967 xenmcrohtak@gmail.com |

**अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in**
संवाद–13/2026/80/34915/I/88/7 दि. 20.05.25

## 7500 फ्लैट रेडी टू मूव कंडीशन में, पहले आओ पहले पाओ आधार रहेगा लागू

# एलजी सक्सेना ने डीडीए की 'अपना घर आवास योजना 2025' की लॉंच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) की 'अपना घर आवास योजना 2025' लॉन्च की है जिसमें 7500 फ्लैट रेडी टू मूव कंडीशन में है। यानी बनकर तैयार खड़े हे सफल उपभोक्ताओं को फ्लैट अलाट होते ही सिर्फ अपना सामान लाकर रखना है। इस अवसर पर एलजी के अलावा डीडीए उपाध्यक्ष एन सरवण कुमार सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे। उपभोक्ताओं की सुविधाओ के लिए एलजी ने व्हाटसअप पर इस आवास योजना को समर्पित चैट-बॉट सर्विस भी शुरू की है। मंगलवार को लांच की गई यह योजना भी पहले आओ पहले पाओ के आधार पर लाई गई है। जिसमें एचआईजी, एमआईजी, एलआईजी फ्लैट शामिल किए गए है। इस अवसर पर एलजी ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी का सपना हर सिर पर छत हो, को पूरा करने के लिए डीडीए कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी के विजन के अनुरूप, भारत सरकार डिजिटल इंडिया की दिशा में अनेक कदम उठा रही है। इंटरनेशनल टेलीकम्यूनिकेशन यूनियन-वर्ल्ड टेलीकम्यूनिकेशन स्टैण्डर्डाइजेशन असेंबली (डब्ल्युटीएसए) 2024 का उद्घाटन करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा था कि हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि हमारा भविष्य तकनीकी रूप से मजबूत और नैतिक रूप से सुदृढ़ हो, हमारा भविष्य नवाचार के साथ-साथ समावेशी भी होना चाहिए। इसी मंत्र के तहत डीडीए योजनाएं बना रहा है और लागू भी कर रहा है। डीडीए द्वारा शुरू की यह नई योजना सभी के लिए खुली है, जिसमें 18 वर्ष या उससे अधिक आयु के भारतीय नागरिकों को पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर समावेशी और आकर्षक घर खरीदने का अवसर मिलेगा। योजना में लोकनायकपुरम, सिरसपुर और नरेला में ईडब्ल्यूएस, एलआईजी, एमआईजी और एचआईजी फ्लैटों सहित कई श्रेणियों में गुणवत्तापूर्ण घर मौजूद है। योजना में शामिल आवासों को श्रेणियों में बांटा गया है। लोकनायकपुरम, सिरसपुर और नरेला में एलआईजी पर 25 प्रतिशत की छूट भी मिलेगी। जबकि नरेला में ईडब्ल्यूएस, एलआईजी, एमआईजी और एचआईजी फ्लैटों पर 15 प्रतिशत छूट मिलेगी। डीडीए के अनुसार योजना के तहत 27 मई 2025 को बुकिंग शुरू होगी और 26 अगस्त 2025 को योजना बंद होगी। ईडब्ल्यूएस फ्लैट के लिए बुकिंग राशि 50 हजार रूपए रखी गई है। जबकि एलआईजी फ्लैट के लिए बुकिंग राशि एक लाख रूपए तय की है। इनके अलावा एमआईजी फ्लैट के लिए बुकिंग राशि 4 लाख रूपए रखे है और एचआईजी फ्लैट के लिए डीडीए ने बुकिंग राशि 10 लाख तय की है। डीडीए द्वारा दी गई जानकारी अनुसार डीडीए श्रमिक आवास योजना 2025 की अपार सफलता के बाद उपराज्यपाल सक्सेना ने आज डीडीए की नई आवास योजना अपना घर आवास योजना 2025 लॉन्च की है। एलजी के मार्गदर्शन में, खरीदारों की सहायता के लिए डीडीए द्वारा कई नवीन उपाय शुरू किए गए हैं। वेबसाइट पर सिंगल-विंडो इंक्वायरी सिस्टम, खरीददारों तक निर्बाध सूचना का प्रसार, तथा खरीददार को संपत्ति से संबंधित सभी दस्तावेज सौंपने जैसी पहलों से डीडीए के प्रति जनता का विश्वास और भरोसा काफी बढ़ गया है।

### उपाराज्यपाल ने चैट-बॉट सर्विस भी की शुरू

नवाचार की कहानी को आगे बढ़ाते हुए, एलजी ने आज डीडीए आवास योजनाओं के लिए विकसित की गई एक समर्पित चैट-बॉट सर्विस भी शुरू की। यह चैट-बॉट 24 घंटे सातों दिन बतौर नागरिक सहायता, बेहतर संचार और सार्वजनिक पारदर्शिता के साथ बेहतर खरीदार अनुभव के लिए जनता के लिए चालू रहेगी। जिसमें आवास योजनाओं, आवेदनों और आबंटन संबंधी प्रश्नों के लिए चौबीसों घंटे सहायता प्रदान करने की व्यवस्था की गई है। एक दशक से अधिक समय तक घाटे में रहने के बाद, डीडीए ने वित्तीय वर्ष 2024-25 के अंत में 1371 करोड़ रुपये का प्रभावशाली अधिशेष दर्ज किया है। इस वर्ष का विशाल अधिशेष मुख्य रूप से एलजी वी के सक्सेना के मार्गदर्शन में विभिन्न स्थानों पर शुरू की गई सभी श्रेणियों की आवासीय इकाइयों की अभूतपूर्व बिक्री के कारण हुआ है। डीडीए की माने तो के अनुसार कई परियोजनाओं के प्रक्रियाधीन होने के कारण एलजी ने नरेला सब-सिटी में नागरिक संबंधी बुनियादी सुविधाओं पर अत्यधिक जोर दिया है। सभी विश्वविद्यालय परिसरों, प्रस्तावित अंतर्राष्ट्रीय खेल परिसर, संस्थानों, न्यायालय परिसर, पुलिस व्यवस्था और बेहतर कनेक्टिविटी के साथ आने वाले एजुकेशन हब ने नरेला को खरीदारों की मुख्य पसंद बनाने में उत्प्रेरक की भूमिका निभाई है। इनके अतिरिक्त, दिल्ली मेट्रो के रिठाला - नरेला - कुंडली कॉरिडोर की आधारशिला रखने से भी इसका स्थानीय महत्व बढ़ा है।

# यूजर चार्ज आम आदमी पार्टी ने बिना चर्चा लगाया, हमने खत्म किया : सचदेवा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



यूजर चार्ज आम आदमी पार्टी ने बिना चर्चा लगाया और यही इसके विरोध की सबसे बड़ी वजह है और दिल्ली नगर निगम के महापौर राजा इकबाल ने यूजर चार्ज की वसूली फिलहाल स्थगित करने की घोषणा की। दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने मंगलवार को प्रेसवार्ता में यह जानकारी दी। इस अवसर पर उप महापौर जय भगवान यादव, निगम जोन अध्यक्ष योगेश वर्मा एवं संदीप कपूर, निगम पार्षद शरद कपूर, दिल्ली भाजपा की आर.डब्लू.ए. प्रकोष्ठ संयोजक शिवानी आहूजा आदि के समक्ष रखा। इसी के साथ उन्होंने कहा कि दिल्ली वालों खासकर निम्न आय वर्ग कॉलोनियों के नागरिक सम्पति कर बकाया भुगतान की समस्या से जूझ रहे हैं। वहीं, महापौर राजा इकबाल सिंह ने बताया कि 2025-26 वर्ष की यूजर चार्ज वसूली स्थगित की है और साथ ही सभी वर्गों के सम्पति कर दाताओं के लिए सेटलमेंट योजना की घोषणा की। आरडब्ल्यूए ने जो सलाह सुझाव दिये हैं वह भी हमने नोट कर लिए हैं और हम शीघ्र नगर निगम में क्षेत्रीय स्तर पर बैठकें बुलायेंगे।

इस संदर्भ में दिल्ली के विभिन्न आर.डब्लू.ए. के अलावा व्यापारिक एवं औद्योगिक संगठनों के प्रतिनिधिमंडलों ने गत दिनों मुझसे मिलकर यूजर चार्ज लागू किये जाने पर अपना विरोध दर्ज कराया है और इसको लगाने में प्रक्रिया पालन ना होने के साथ ही सरचार्ज राशि भी उचित ना होने का भी आरोप लगाया है।

### आज सदन बैठक में पेश होगा यूजर चार्ज का प्रस्ताव : महापौर

इस अवसर पर अपने सम्बोधन में महापौर सरदार राजा इकबाल सिंह ने कहा कि आज की आरडब्ल्यूए की बैठक और प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा की सलाह पर इस वर्ष 2025-26 में अब कोई अतिरिक्त यूजर चार्ज नहीं लिया जाएगा क्योंकि आम आदमी पार्टी ने बिना किसी से चर्चा किए सदन में चार्ज लगाने वाले बिल पास किये। उन्होंने कहा कि बुधवार को दिल्ली नगर निगम बैठक इसके लिए एक प्राइवेट मेंबर प्रस्ताव लेकर आ रहे हैं ताकि अब आगे से कोई चार्ज नहीं लगे।

### यूजर चार्ज के नाम पर अवैध वसूली का काम कर रही है भाजपा : भारद्वाज

नई दिल्ली। यूजर चार्ज के नाम पर अवैध वसूली का काम भाजपा की नगर निगम सरकार कर रही है। आम आदमी पार्टी मुख्यालय में हुई एक प्रेस वार्ता के दौरान मीडिया को संबोधित करते हुए आम आदमी पार्टी के दिल्ली प्रदेश संयोजक सौरभ भारद्वाज ने निगम में नेता विपक्ष अंकुश नारंग के साथ भाजपा पर यह आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि कहा, कि जब दिल्ली नगर निगम में आम आदमी पार्टी का बहुमत था, तब नगर निगम के सदन की बैठक का आयोजन किया गया और उसमें सदन का बजट पेश हुआ और पारित हुआ। नेता विपक्ष अंकुश नारंग ने कहा कि जब तक भाजपा इस यूजर चार्ज नामक वसूली को बंद नहीं करती और हाउस टैक्स माफ नहीं करती, तब तक सड़क से लेकर और नगर निगम के सदन तक आम आदमी पार्टी के सभी निगम पार्षद इसका विरोध करते रहेंगे। सौरभ भारद्वाज ने कहा कि निगम में रहते हुए आप की सरकार ने हाउस टैक्स माफी का प्रस्ताव पारित किया था। 500 गज तक संपत्ति पर हाउस टैक्स हाफ और 100 गज तक संपत्ति पर हाउस टैक्स माफ किया था। केंद्र सरकार द्वारा लगाए गए नगर निगम के आयुक्त ने हाउस टैक्स माफ करने वाले प्रस्ताव को लागू नहीं किया और भाजपा द्वारा लगाए गए नगर निगम के आयुक्त ने जबरदस्ती दिल्ली की जनता पर यूजर चार्ज थोप दिया।

### कूड़ा प्राइवेट व्यक्ति को पैसा देकर उठाते हैं : नेता विपक्ष

नेता विपक्ष अंकुश नारंग ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि आज भी अधिकतर घरों के लोग घर के सामने का कूड़ा प्राइवेट व्यक्ति को पैसा देकर उठाते हैं। आज भी कॉलोनी में कई जगहों पर कूड़े के ढलावघर मौजूद हैं और लोग बदबू में जीने को मजबूर हैं। जब कूड़ा उठाने की पर्याप्त सुविधा ही नहीं, तो किस आधार पर यूजर चार्ज वसूला जा रहा है।

## लगातार दूसरे दिन बिजली की मांग हुई रिकॉर्ड स्तर में दर्ज, खपत का आंकड़ा 7400 मेगावाट पार

**नई दिल्ली।** गर्मियों के इस सीजन में लगातार दूसरे दिन मंगलवार को बिजली की मांग ने 7 हजार मेगावाट के रिकॉर्ड स्तर को पार करते हुए 7400 मेगावाट का आंकड़ा पार किया। स्टेट लोड डिस्पैच सेंटर दिल्ली (एसएलडीसी) पर दर्ज आंकड़ों के अनुसार मंगलवार दोपहर बाद 3.11 बजे अधिकतम बिजली की मांग 7401 मेगावाट दर्ज हुई। जबकि 24 घंटे पहले सोमवार को मांग का आंकड़ा 7265 मेगावाट दर्ज हुई थी। यानी दिल्ली में बिजली की खपत में 136 मेगावाट की बढ़त दर्ज हुई है। जहां बिजली की मांग बढ़ रही है वहीं कटौती की शिकायतें भी मिल रही है। जबकि दूसरी तरफ निजी बिजली आपूर्ति कंपनियों बीएसईएस और टाटा पावर का दावा है कि मांग बेशक तेजी से बढ रही है, लेकिन बिजली की कोई कमी नहीं होने की वजह से कहीं भी कटौती नहीं की जा रही। कंपनियों का दावा है कि अपने अपने क्षेत्रों में अधिकतम मांग को निर्बाध पूरा किया जा रहा है। इस बारे में बीएसईएस प्रवक्ता ने बताया कि अधिकतम मांग 7401 मेगावाट रही, जो मई के पहले 20 दिनों में अब तक की सबसे अधिक मांग है। प्रवक्ता के अनुसार कंपनी की आपूर्ति इकाइयों बीआरपीएल के क्षेत्र में मांग 3285 मेगावाट दर्ज हुई जबकि बीवाईपीएल क्षेत्र में 1559 मेगावाट की अधिकतम बिजली मांग रही जिसे सफलतापूर्वक पूरा किया गया।

## जमीन हड़पने के आरोपों पर कालका को लीगल नोटिस भेजेंगे पूर्व अध्यक्ष मनजीत सिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के पूर्व अध्यक्ष मनजीत सिंह जीके ने कहा है कि वह जल्द ही वर्तमान कमेटी के अध्यक्ष हरमीत सिंह कालका को एक कानूनी नोटिस भेजने जा रहे है। इस बारे में उनकी तरफ से बताया गया कि सोमवार को कमेटी अध्यक्ष कालका ने गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा, नेताजी नगर में स्थित गुरू ग्रंथ साहिब जी के सुखआसन स्थान की जगह को छोटी करके अपना दफ्तर बनाने का आरोप लगाया था। इस बाबत आज प्रकाशित हुई खबरों पर संज्ञान लेते हुए अब जीके ने कहा कि यह बिल्कुल ग़लत तथा आधारहीन तथ्य है। इस संबंध में दिल्ली कमेटी के मीडिया विभाग की अधिकारिक ईमेल से भेजे गए प्रेस नोट तथा प्रेस कॉन्फ्रेंस के वीडियो को हमारी लीगल टीम ने संभाल लिया है तथा कालका को लीगल नोटिस भेजने की तैयारी की जा रहीं हैं। इस बारे में जीके ने कहा कि दिल्ली कमेटी के आम चुनावों से ठीक पहले दिल्ली कमेटी प्रबंधकों द्वारा मेरे खिलाफ एजेंडा फिट करने के लिए झूठ का सहारा लेकर दनादन आरोप लगाना उनकी हताशा का प्रतीक हैं। हालांकि ये भूल जाते हैं कि यह लोग (सिरसा, कालका व काहलों) पहले भी मीडिया के सामने झूठ परोसने के आरोपों में राउज एवेन्यू कोर्ट से मेरे द्वारा दायर किए गए मानहानि केस में जमानत पर बाहर हैं। अगर कालका ने इस बार भी अपने झूठ की माफी नहीं मांगी तो एक नए केस में इन्हें जमानत लेनी पड़ सकती हैं।

## युवाओं को वैकल्पिक राजनीति का मंच देगा एसैप : केजरीवाल

**नई दिल्ली।** एसोसिएशन ऑफ स्टूडेंट्स फॉर अल्टरनेटिव पॉलिटिक्स (एसैप-एएसएपी) युवाओं को वैकल्पिक राजनीति का मंच देगा। 75 साल से चल रही मेन स्ट्रीम पॉलिटिक्स ही आज हमारे देश की सभी समस्याओं की जड़ है। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने मंगलवार को कांस्टिट्यूशन क्लब में पार्टी के छात्र संगठन को एक नए नाम व कलेवर के साथ (एसैप) को री-लॉन्च करने के बाद यह संबोधन दिया। उन्होंने कहा कि अब इसका नया नाम एसैप होगा। उन्होंने युवाओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि एएसएपी न सिर्फ़ छात्र राजनीति को एक नई दिशा देगा, बल्कि वैकल्पिक राजनीति का एक सशक्त मंच भी बनेगा। इसके ज़रिए हम एक ऐसी युवा पीढ़ी तैयार करेंगे जो राजनीति की परिभाषा को बदलेगी और देश के लिए काम करेगी। युवाओं की ऊर्जा अब बदलाव की राजनीति में लगेगी।

केजरीवाल ने कहा कि 75 साल से चल रही मेन स्ट्रीम पॉलिटिक्स ही हमारे देश की सभी समस्याओं की जड़ है। मेन स्ट्रीम पॉलिटिक्स में शिक्षा माफिया का राज मिलेगा, जबकि आम आदमी पार्टी की अल्टनेटिव पॉलिटिक्स में सबको समान शिक्षा का हक मिलेगा।

### केजरीवाल सरकार की पहचान शराब वाली सरकार की है : सचदेवा

नई दिल्ली। दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने अरविंद केजरीवाल के द्वारा पार्टी में छात्र संगठन बनाने को हास्यास्पद बताया है। उन्होंने कहा कि केजरीवाल सरकार की पहचान शराब वाली सरकार की है और उनके द्वारा आज अपनी पार्टी में छात्रसंघ का री-लाँच नई बोतल में पुरानी शराब पेश करने जैसा लगता है। दस साल सरकार में रहते हुए जो पार्टी दिल्ली विश्वविद्यालय छात्रसंघ में एक प्रत्याशी कभी जिता नहीं पाई, उसका सत्ता खोने के बाद छात्रसंघ खड़ा करने का दावा बेहद हास्यास्पद है।

## ऑपरेशन थियेटर तकनीशियन की नहीं सुन रही सरकार: कर्मचारी यूनियन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

डॉ. राम मनोहर लोहिया अस्पताल (आरएमएल) के ऑपरेशन थियेटर तकनीशियनों (ओटीटी) को बढ़े हुए वेतनमान देने में केंद्र सरकार का स्वास्थ्य एंव परिवार कल्याण मंत्रालय और डॉ. राम मनोहर लोहिया अस्पताल प्रशासन आना-कानी कर रहा है। डॉ राम मनोहर लोहिया अस्पताल कर्मचारी यूनियन ने यह जानकारी देते हुए बताया कि कोर्ट द्वारा जारी आदेश के बाद भी स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के स्वास्थ्य सचिव, जीएचएस निदेशालय के स्वास्थ्य सेवा महानिदेशक और डॉ. राम मनोहर लोहिया अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक को इस संदर्भ में जानकारी दी गई है लेकिन इस मामले में कोई सकारात्मक कार्यवाही नहीं हुई है। बता दें कि ओटीटी स्वास्थ्य देखभाल पेशेवर हैं जो ऑपरेशन थियेटर में सर्जिकल प्रक्रियाओं में विशेषज्ञ डॉक्टरों, रोगियों और संक्रमण आदि प्रोटोकॉल का पालन करते हुए सहायता करते हैं।

■ डॉ. राम मनोहर लोहिया अस्पताल के ओटीटी परेशान

आरएमएल यूनियन का कहना है कि ना तो आरएमएल से सेवानिवृत्त तकनीशियनों को पूरा लाभ दिया गया है और ना सेवारत तकनीशियनों को दिया जा रहा है और आरएमएल अस्पताल का कोई भी अधिकारी स्पष्टीकरण नहीं दे पा रहा। अनेकों चक्कर काटने के बाद भी सेवानिवृत्त कर्मियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। यूनियन का कहना है कि इन कर्मियों को मिलने वाले लाभों के बारे में चिकित्सा अधीक्षक कुछ कहता है, डिप्टी डॉयरेक्टर एडमिनिस्ट्रेशन (डीडीए) अलग बात करता है। ऊपर से रोक है, स्वास्थ्य मंत्रालय से आदेश है आदि वाक्यों से गुमराह किया जा रहा है और जब आदेश मांगे जाते हैं तो किन्तु परंतु शुरू हो जाती है और अस्पताल प्रशासन द्वारा संबंधित आदेश दिखाने में असमर्थता जाहिर की जाती है। इस घटनाक्रम से ओटीटी यानी ऑपरेशन थियेटर तकनीशियनों में भारी रोष है। यूनियन की मांग है कि संबंधित अधिकारी तुरन्त लाभ का भुगतान करने का दिशा निर्देश जारी करें। और इस की न्यायिक जांच भी शुरू करें कि स्वास्थ्य मंत्रालय के बिना किसी लिखित आदेश के लाभ का भुगतान कैसे प्रशासन द्वारा बंद किया गया।

## आप छोड़ बॉबी किन्नर पार्षद ने थामा आईवीपी का हाथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



दिल्ली नगर निगम में नवगठित इंद्रप्रस्थ विकास पार्टी में आप आदमी पार्टी (आप) के पार्षदों का शामिल होना जारी है। इसी कड़ी में मंगलवार को दिल्ली के सुलतानपुरी वार्ड संख्या 43 से निगम पार्षद बॉबी किन्नर मंगलवार ने आम आदमी पार्टी छोड़कर नवगठित इंद्रप्रस्थ विकास पार्टी (आईवीपी) का हाथ थाम लिया। पार्टी के नेता मुकेश गोयल, हेमचंद गोयल, संजय शर्मा, अनिल राणा सहित कई निगम पार्षदों की मौजूदगी में बॉबी ने अपना अनुरोध पत्र सोंपा। बॉबी किन्नर ने सिविक सेंटर स्थित पार्टी कार्यालय में कहा कि बीते ढाई वर्ष से आप नेताओं ने उन्हें बंधुआ मजदूर समझ रखा था।

पार्टी नेता मुकेश गोयल ने कहा कि एमसीडी में एक मात्र किन्नर निगम पार्षद बॉबी आज हमारी इंद्रप्रस्थ विकास पार्टी में शामिल हुई हैं। और उन्होंने दावा करते हुए बताया कि अभी कई अन्य निगम पार्षद भी हमसे संपर्क कर रहे हैं। वह निगम पार्षद जनता के लिए काम करना चाहते हैं, परंतु वह काम नहीं कर पा रहे हैं। जिसकी वजह से परेशानी हो रही है। मुकेश गोयल ने कहा कि हम जनता से जुड़े मुद्दों पर काम करेंगे। सत्ता पक्ष यदि जनता के हित में कोई प्रस्ताव लायेगा तो हम उसका समर्थन करेंगे और यदि विपक्ष जनता से जुड़े मुद्दों को उठायेगा तो हम उसका भी समर्थन करेंगे।

## यात्रियों को गर्मियों में डीटीसी की ठंडे पानी की सौगात, नेहरू प्लेस टर्मिनल पर हुई शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



दिल्ली परिवहन निगम (डीटीसी) ने अपने यात्रियों को इस भीषण गर्मी में ठंडे मीठे पीने के पानी की सौगात दी है। जिसकी शुरुआत मंगलवार को मंत्री डॉ. पंकज कुमार सिंह ने नेहरू प्लेस बस टर्मिनल पर एक स्मार्ट कोल्ड वाटर आरओ डिस्पेंसर लगाकर किया। इस अवसर पर मंत्री सिंह के अलावा , डॉ. सचिन शिंदे विशेष आयुक्त (परिवहन) और सीएमडी (डीटीसी), विशेष आयुक्त (परिवहन) और सीजीएम, डीटीसी विश्वेंद्र, डीटीसी की उप सीजीएम सुनीता चौहान के अलावा नवनीत चौधरी, पवन कुमार बांगर और अशोक कुमार आदि मौजूदो। इस अवसर पर मंत्री डॉ. पंकज कुमार सिंह ने कहा कि डीटीसी सार्वजनिक सेवा के रूप में दिल्ली वालों की पुरानी साथी है। गर्मियों के दौरान यात्रियों को पीने के पानी की बहुत जरूरत होती है। ऐसे में यात्रियों के लिए आरओ सिस्टम वाला ठंडे पानी की सुविधा देना सराहनीय कार्य है। डीटीसी के पीआर प्रबंधक राकेश कुमार के अनुसार स्मार्ट कोल्ड वाटर आरओ डिस्पेंसर का उद्घाटन और दिल्ली हीट एक्शन प्लान के तहत जल दूत स्वयंसेवी संस्था पहल का शुभारंभ हुआ है। जन कल्याण और गर्मी की मार को कम करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में है। उन्होंने बताया कि दिल्ली हीट एक्शन प्लान के तहत संबंधित एजेंसियों के सहयोग से, नेहरू प्लेस बस टर्मिनल पर एक स्मार्ट कोल्ड वाटर आरओ डिस्पेंसर से इसकी शुरुआत हुई है। इस कार्यक्रम में जल दूत स्वयंसेवी पहल का आधिकारिक शुभारंभ भी किया गया, जिसका उद्देश्य अत्यधिक गर्मी के दौरान समुदाय के नेतृत्व वाले समर्थन को बढ़ावा देना है। स्मार्ट आरओ वाटर डिस्पेंसर को डीटीसी टर्मिनल से प्रतिदिन गुजरने वाले हजारों यात्रियों को स्वच्छ और ठंडा पेयजल मुफ्त उपलब्ध कराने के लिए डिज़ाइन किया गया है। हीट एक्शन प्लान के तहत प्रशिक्षित जल दूत स्वयंसेवक पानी वितरित करने में सहायता करेंगे। ऐसी सुविधा अन्य जगहों पर भी देने की प्रक्रिया चल रही है।

## मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने किया दिल्ली गेम्स 2025 का उद्घाटन

# खिलाड़ियों को सुविधाओं के लिए दिल्ली सरकार ने खेल बजट किया दोगुना: सीएम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली




खिलाड़ियों को अब सुविधाओं के लिए दिल्ली सरकार ने खेल बजट दोगुना कर दिया है। दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में 'दिल्ली गेम्स-2025' के भव्य शुभारंभ और उद्घाटन समारोह के दौरान मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने युवाओं, कोचों और आयोजकों को संबोधित करते हुए यह कहा। इस अवसर पर उन्होंने बताया कि पिछली सरकार की तुलना में इस बार दिल्ली सरकार ने खेलों के बजट को दोगुना किया है और खिलाड़ियों को पुरस्कार देने के लिए निर्धारित फंड को चार गुना तक बढ़ा दिया गया है। हमारा उद्देश्य है कि दिल्ली का कोई भी खिलाड़ी किसी संसाधन की कमी के कारण पीछे न रह जाए। उसे वह हर सुविधा मिले जो देश की राजधानी के एक प्रतिभाशाली युवा को मिलनी चाहिए।

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर दिल्ली के युवाओं से भी आग्रह किया कि वे खेलों में भाग लें और अपनी प्रतिभा को निखारें। उन्होंने कहा कि खेल आपको न केवल फिट रखते हैं, बल्कि वे आपको जीवन के उतार-चढ़ाव का सामना करने की शक्ति भी प्रदान करते हैं। दिल्ली गेम्स 2025 एक ऐसा मंच है जहाँ आप अपनी क्षमताओं को साबित कर सकते हैं और भविष्य में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सफलता प्राप्त कर सकते हैं। अंत में, मुख्यमंत्री ने 'दिल्ली गेम्स' के सफल आयोजन हेतु पूरी आयोजन टीम को शुभकामनाएं दीं और कहा कि लगभग 12 हजार खिलाड़ियों और 40 खेल प्रतिस्पर्धाओं से युक्त यह आयोजन दिल्ली को खेलों के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों तक ले जाएगा।

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का स्पष्ट विज़न है कि खेलों को समाज के केंद्र में रखते हुए एक स्वस्थ, सक्रिय और सशक्त भारत का निर्माण किया जाए। प्रधानमंत्री की इस सोच से प्रेरित होकर दिल्ली सरकार भी राजधानी में खेलों के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध है।

बता दें कि मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मंगलवार को तालकटोरा स्टेडियम में आयोजित 'दिल्ली गेम्स-2025' के भव्य उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया। इस अवसर पर दिल्ली के कैबिनेट मंत्री आशीष सूद, सांसद योगेंद्र चंदोलिया, दिल्ली ओलंपिक्स एसोसिएशन के अध्यक्ष कुलदीप वत्स और उपाध्यक्ष संजीव शर्मा सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

### खिलाड़ियों के भविष्य को गंभीरता से ले रही है दिल्ली सरकार

मुख्यमंत्री ने आश्वासन देते हुए कहा कि मैं आपको विश्वास दिलाती हूं कि अब दिल्ली में ऐसी सरकार है जो आपके भविष्य को गंभीरता से ले रही है। हमारे खिलाड़ी केवल राज्य का नहीं, पूरे देश का गौरव हैं, और उन्हें वह हर सुविधा मिलनी चाहिए जो अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने के लिए जरूरी हो। हमारी सरकार खिलाड़ियों को न केवल बुनियादी चीजे देगी बल्कि उन्हें उच्च गुणवत्ता वाले स्टेडियम, अत्याधुनिक प्रशिक्षण केंद्र, खेल मैदान, टेक्नोलॉजी से लैस उपकरण और योग्य कोचिंग जैसी सुविधाएं भी मुहैया कराएगी। साथ ही, राज्य और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेलों को बढ़ावा देने के लिए आवश्यक वित्तीय सहयोग भी प्रदान किया जाएगा।

### अब किसी भी खिलाड़ी को दिल्ली छोड़ने की नहीं है आवश्यकता

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह बेहद चिंताजनक था कि अनेक बार दिल्ली के खिलाड़ी यहां अभ्यास करने के बावजूद सिर्फ बेहतर सुविधाओं और प्रोत्साहन की तलाश में स्वयं को अन्य राज्यों में पंजीकृत कराते थे। उन्होंने स्पष्ट किया कि अब ऐसी स्थिति नहीं आने दी जाएगी। अब किसी भी खिलाडी को दिल्ली छोड़ने की आवश्यकता नहीं है। हमारा उद्देश्य है कि सभी खिलाडी यहीं पंजीकृत हों, यहीं सभी आवश्यक सुविधाएं मिलें, सम्मान मिले और पुरस्कार दिया जाए। मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि सरकार की प्राथमिकता केवल खिलाड़ियों को मंच देना नहीं है, बल्कि खेलों को समाज के हर वर्ग तक पहुँचाना है, ताकि हर बच्चा और हर युवा खेल को न केवल एक करियर, बल्कि स्वस्थ जीवनशैली के एक अभिन्न हिस्से के रूप में अपनाए।

### विधायक निधि में भारी कटौती पर आप ने जताई कड़ी आपत्ति

**नई दिल्ली।** भाजपा सरकार दिल्लीवालों को फायदा पहुंचाने वाली योजनाओं के फंड में लगातार कटौती कर रही है। अब उसने विधायक निधि को 15 करोड़ से घटाकर 5 करोड़ रुपए कर दिया है। मंगलवार को 'आप' मुख्यालय पर विधायक निधि को लेकर दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने विधायक संजीव झा और अजय दत्त के साथ संयुक्त प्रेसवार्ता में भाजपा की दिल्ली सरकार पर यह आरोप लगाए। प्रदेश अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने विधायक निधि में भारी कटौती पर कड़ी आपत्ति जताते हुए कहा कि भाजपा ने एमएलए फंड में कटौती कर दिल्लीवालों को धोखा दिया है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने एक लाख करोड़ रुपए का बजट पेश किया था, अगर यह जुमला नहीं है, तो फिर एमएलए फंड भी बढ़ाना चाहिए था। उन्होंने कहा कि 'आप' की सरकार में विधायकों को 15 करोड़ का फंड मिलता था और विधायक अपने क्षेत्र में सारे काम करा लेते थे। दरअसल, भाजपा को सरकार चलानी नहीं आती। वरना वह विभिन्न फंड में कटौती कर जनहित की योजनाओं को बंद नहीं करती। विधायक संजीव झा ने कहा कि 27 साल बाद दिल्ली की सत्ता में आई भाजपा सभी तरह के फंड में कटौती कर लूट-खसोट में व्यस्त है। वहीं, विधायक अजय दत्त ने कहा कि दिल्ली में सरकार चलाने में विफल भाजपा विधायक फंड में कटौती कर दिल्ली के कामों को रोक रही है।

**खबर संक्षेप**

## बांगा परिवार ने की जांच शिविर का आयोजन




**फरीदाबाद।** विक्टोरा लाइफ फाउंडेशन व लक्ष्यम संस्था के द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया और उन्हें आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श प्रदान किया गया। इस मौके पर विक्टोरा लाइफ फाउंडेशन एवं बांगा परिवार की सदस्य एवं सामाजिक कार्यकर्ता मीनू बांगा ने अपने जन्मदिन को प्रेरणादायक अवसर में बदलते हुए स्लम्स के बच्चों के साथ मनाया।

## उपचार के नाम पर 1.80 लाख रुपए ठगे




**गुरुग्राम ।** साइबर क्राइम साउथ एरिया में पतंजलि कर्मी बनकर पिता के उपचार के नाम पर एक युवक से 1.80 लाख रुपए ठग लिए। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन शुरु कर दी। शिकायत में सेक्टर-67 में रहने वाले आनंद कुमार सिंह ने कहा कि उन्होंने अपने पिता शंभू नाथ सिंह का घुटने का उपचार के लिए गूगल पर पतंजलि योग पीठ सेंटर हरिद्वार के लिए सर्च किया। जहां दिए गए मोबाइल नंबर पर आनंद ने कॉल की तो उसे उपचार के प्रोसेस के बारे में बतालाया गया। वहीं उपचार का कुल खर्च 1.05 लाख रुपए बताया गया।

## स्कूल बस की टक्कर से बाइक सवार की मौत



**गुरुग्राम ।** सेक्टर-53 एरिया में स्कूल बस की टक्कर से बाइक सवार वैल्डर की दर्दनाक मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया और मृतक के भाई की शिकायत पर केस दर्ज कर लिया। पुलिस को दी शिकायत में यूपी के मेरठ निवासी मोहम्मद आरिफ ने कहा कि वह गुड़गांव की देवीलाल कॉलोनी में रहता है। उसकी गांव झाड़सा में वैल्डिंग शॉप है। जबकि उसके बड़े भाई दिल्ली के संगम विहार में रहने वाले मोहम्मद मुस्तफा की गांव वजीराबाद में वैल्डिंग शॉप है। बीती 19 मई को दोनों भाई अपनी-अपनी बाइक पर वजीराबाद से सेक्टर-31 में साइड देखने के लिए जा रहे थे।

## स्कूटी सहित आरोपी को क्राइम ब्रांच ने किया काबू

**फरीदाबाद।** क्राइम ब्रांच सेक्टर 48 की टीम ने एक वाहन चोर को स्कुटी सहित गिरफ्तार किया है।



राहुल ने पुलिस चौकी बल्लभगढ बस स्टैंड फरीदाबाद में दी शिकायत मे आरोप लगाया कि वह 17 फरवरी को नवल कालोनी बल्लबगढ में स्थित अपने होटल पर स्कुटी से गया था जब उसने रात समय करीब 10 बजे अपने होटल के बाहर आकर देखा तो स्कुटी वहां नही थी जिसे किसी अनजान व्यक्ति ने चुरा लिया।

# सेना के शौर्य और पराक्रम को सम्मान देने महिलाएं निकालेंगी सिन्दूर यात्रा

यात्रा ऑपरेशन सिन्दूर की ऐतिहासिक सफलता के उपलक्ष्य में मातृशक्ति की ओर से सेना को श्रद्धांजलि और राष्ट्र सेवा के लिए नारी शक्ति की भागीदारी का प्रतीक होगी। सिन्दूर यात्रा देश की आधी आबादी, हमारी मातृशक्ति की ओर से सेना को सम्मान और राष्ट्र को एकता का संदेश है

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

**नारी शक्ति की एकजुटता, राष्ट्रभक्ति और संस्कृति को प्रदर्शित करेंगी**

भारतीय सेना के शौर्य, साहस और समर्पण को नमन करते हुए भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा द्वारा ऐतिहासिक सिन्दूर यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष पंकज रामपाल ने कहा कि सिन्दूर यात्रा नारी शक्ति की एकजुटता, राष्ट्रभक्ति और संस्कृति की गहराई को प्रदर्शित करेगी। यह यात्रा ऑपरेशन सिन्दूर की ऐतिहासिक सफलता के उपलक्ष्य में मातृशक्ति की ओर से सेना को श्रद्धांजलि और राष्ट्र सेवा हेतु नारी शक्ति की भागीदारी का प्रतीक होगी। सिन्दूर यात्रा देश की आधी आबादी, हमारी मातृशक्ति की ओर से सेना को सम्मान और राष्ट्र को एकता का संदेश है। यह दिखाता है कि देश की सुरक्षा केवल सेना की जिम्मेदारी नहीं, अपितु प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है। भाजपा जिला कार्यालय अटल कमल पर जिला अध्यक्ष पंकज पूजन रामपाल कि अध्यक्षता में भाजपा महिला मोर्चा की बैठक संपन्न हुई जिसमें महिला मोर्चा की कार्यकर्ताओं को सिन्दूर यात्रा की जिम्मेदारी दी गई। बैठक में सिंदूर यात्रा के लिए श्रीमती प्रवीण बत्रा जोशी को जिला संयोजक, महिला मोर्चा की महामंत्री श्रीमती सीमा भारद्वाज एवं अलका भाटिया को सहसंयोजक नियुक्त किया गया। सिन्दूर यात्रा 22 मई को शाम 5 बजे फरीदाबाद सेक्टर-15 गुरुद्वारे से शुरू होकर पूरे सेक्टर में निकली जाएगी।




### ऑपरेशन सिन्दूर भारत की सैन्य शक्ति और संप्रभुता का प्रतीक

सिन्दूर यात्रा की जिला संयोजक एवं फरीदाबाद की महापौर प्रवीण बत्रा जोशी ने बताया कि ऑपरेशन सिन्दूर भारत की सैन्य शक्ति और संप्रभुता का प्रतीक है। इस अभियान के माध्यम से भारत ने न केवल आतंक के आकाओं को करारा जवाब दिया, बल्कि हर देशवासी, विशेषकर महिलाओं के आत्मसम्मान और सुरक्षा का भी संकल्प लिया है। उन्होंने कहा कि यह सिन्दूर केवल सौभाग्य का प्रतीक नहीं, बल्कि हमारे आत्मसम्मानए संस्कृति और बलिदान की पहचान है। आज की महिलाएं हर चुनौती का सामना करने को तैयार हैं, चाहे वो देश की सीमाओं की रक्षा हो या सामाजिक दायित्वों की पूर्ति। सिन्दूर यात्रा एक प्रेरक और जागरूकता फैलाने वाला आयोजन है, जो भारत की आधी आबादी, महिलाएं को एकजुट कर राष्ट्रीय चेतना को सशक्त करेगा। श्रीमती जोशी ने कहा कि भारत की महिलाएं भी किसी सैनिक से कम नहीं है जब देश की देश के एकता और अखंडता कि रक्षा कि बात हो सभी बहनें झांसी की रानी और अहिल्याबाई होल्कर बनकर खड़ी हैं।

## मंत्री राजेश नागर ने रबी फसल की खरीद के आंकड़े किए जारी

# 7435720.16 मीट्रिक टन गेहूं और 98.59% सरसों का उठान

2025-26 के दौरान हरियाणा के 22 जिलों में गेहूं और सरसों की खरीद व उठान का कार्य संपन्न हो गया है। इसके तहत सभी मंडियों में फसल खरीद का काम पूरा हो गया है और अब केवल उठान का काम चल रहा है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

प्रदेश खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामलों के मंत्री राजेश नागर ने मंगलवार को रबी की फसल खरीद के संपन्न होने की घोषणा की। उन्होंने गेहूं और सरसों की फसल खरीद के आंकड़े भी जारी किए। उन्होंने बताया कि 2025-26 के दौरान हरियाणा के 22 जिलों में गेहूं और सरसों की खरीद व उठान का कार्य संपन्न हो गया है। इसके तहत सभी मंडियों में फसल खरीद का काम पूरा हो गया है और अब केवल उठान का काम चल रहा है। उन्होंने बताया कि मंडियों में इस वर्ष सीजन में कुल 816157.68 मीट्रिक टन सरसों की आवक हुई जिसमें से 778737.77 मीट्रिक टन सरसों एजेंसियों द्वारा खरीदा गया। इस प्रकार कुल 98.59 प्रतिशत सरसों का उठान हुआ है और कुल 259388 किसानों के खातों में फसल की कीमत जमा हुई है।

### भिवानी जिले में सबसे अधिक सरसों की



इसी प्रकार इस कुल 7520312.48 मीट्रिक टन गेहूं की मंडियों में आवक हुई जिसमें से कुल 7520312.48 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की गई। राज्य में कुल 7435720.16 मीट्रिक टन गेहूं का उठान हुआ है। गेहूं के उठान का प्रतिशत 98.88 रहा। इससे प्रदेश के कुल 469830 किसानों के खातों में राशि जमा हुई है और उन्हें सीधा लाभ पहुंचा है। उन्होंने बताया कि केंद्र के लिए 7313389.78 मीट्रिक टन एवं सार्वजनिक वितरण प्रणाली के लिए 206922.70 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की गई है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष भिवानी जिले में सबसे अधिक सरसों की खरीद हुई है और सिरसा जिले में सबसे अधिक गेहूं की खरीद हुई है।

### गेहूं और सरसों का हर दाना खरीदा गया

मंत्री ने बताया कि इस वर्ष भी मंडियों में पहुंचने वाला किसान के गेहूं और सरसों का हर दाना खरीदा गया है और किसान को उनकी धनराशि सीधे खातों में पहुंचाई गई है। यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का सुशासन है।

## ट्रैफिक पुलिस व जेडओ ने लावारिस घूम रहे दो मासूमों को किया मौसी के हवाले

फरीदाबाद ट्रैफिक पुलिस निरंतर यातायात को सुचारू रूप से चलाने के लिए अपनी ड्यूटी पर सजग रहती है तो वहीं ड्यूटी से अलग सामाजिक फर्ज भी निभाती है।



इसका एक उदाहरण देखने को मिला। ट्रैफिक पुलिस जोनल अधिकारी उप निरीक्षक राजेश को सुबह बल्लभगढ़ बस स्टैंड पर परित्यक्त पाए गए दो छोटे बच्चों की सुरक्षा और भलाई सुनिश्चित की।लगभग 3 और 5 वर्ष की आयु के बच्चे एसआई राजेश को मिले। पता चला कि बच्चों की मां का निधन हो चुका है। उनका पिता, उन्हें वहां छोडक़र चला गया था। तत्काल कार्रवाई करते हुए एसआई राजेश और उनकी टीम ने बच्चों की पहचान सुनिश्चित करने के लिए काम किया। बच्चों के पास से मिले आधार कार्ड से एक मोबाइल नंबर मिला, जिस पर संपर्क किया गया। संपर्क करने पर पता चला कि वह उन दो बच्चों की मौसी जो बल्लभगढ़ में रहती हैं।

### अधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक

# सभी बड़े नालों पर सफाई के लिए पहुंच गई मशीनें



हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

नगर निगम प्रशासन फरीदाबाद नालों की सफाई को लेकर बेहद ही गंभीर है। मंगलवार को इंजीनियरिंग विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए निर्देशित किया कि नालों की सफाई में कोई लापरवाही नहीं बरती जानी चाहिए और फरीदाबाद शहर के सभी बड़े नालों पर निगम द्वारा और एफएमडीए के माध्यम से सफाई का कार्य तेज गति के साथ किया जा रहा है। निगम कमिश्नर धीरेंद्र खडग़टा के निर्देशों पर नालों की सफाई का कार्य तेज गति से शुरू किया जा चुका है और मंगलवार को लगभग सभी बड़े नाली और नालों पर जेसीबी और पॉपलैंड मशीनों की मदद से सफाई की जा रही है साथ ही नालों से निकलने वाली सिल्ट को भी साथ के साथ ही उठाया जा रहा है।

### नागरिकों को जल भराव से मिलेगा छुटकारा

कहा कि उन्होंने स्वयं संयुक्त विभागों की टीम के साथ शहर का निरीक्षण किया था जिसमें नालों की व्यवस्था ठीक नहीं थी। उसके बाद यह सफाई का काम शुरू किया गया है। बरसात से पहले नाले नालियों की सफाई करा दी जाएगी ताकि शहरवासियों को बरसात के मौसम में जल भराव जैसी समस्या से छुटकारा मिल सके। गौरतलब है कि नगर निगम द्वारा वार्ड 16, वार्ड 19, वार्ड 20, वार्ड 13, वार्ड 12 के अलावा नवादा भांखरी रोड रोड, जीवन कॉलोनी गोच्छी, इंद्रप्रस्थ कालोनी, राजीव नगर इंडसट्रियल टाऊन, सेक्टर-49, एनआईटी नंबर 5 में लोगों द्वारा नाले के ऊपर बनाए गए पक्के रैंप आदि को तोड़कर नाले को शुरू कराया गया। इसके अतिरिक्त शहर के लगभग 37 बड़े नालों पर पॉपलैंड और जेसीबी से सफाई का कार्य तेजी से चल रहा है। जबकि सफाई कर्मचारी छोटी नालियों को साफ करने का कार्य कर रहे हैं।

### आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए

## निगमायुक्त ने ली आईटी, लीगल, रेवेन्यू एवं परियोजना अधिकारियों की बैठक



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

मानेसर के नगर निगम आयुक्त आयुष सिन्हा ने मंगलवार को निगम के विभिन्न विभागों से संबंधित अधिकारियों की बैठक ली। इस दौरान आयुक्त ने केंद्र व राज्य सरकार की ओर से चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी लेकर अधिकारियों को जरूरी दिशा-निर्देश दिए। आयुक्त ने बैठक के दौरान नगर परियोजना अधिकारी से उनके विभाग की विभिन्न योजनाओं की जानकारी ली। सीपीओ महेंद्र कुमार ने आयुक्त को अवगत करवाते हुए कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत कुल 236 आवेदन प्राप्त हुए है। इस पर आयुक्त ने कहा कि कर्मचारियों को आवेदकों के घर भेजकर उनके दस्तावेज जांचने, एकत्रित करने व उनके घरों की जियो टैगिंग करने के निर्देश दिए।

### बैंक प्रबंधकों के साथ तालमेल रखने के आदेश

एनयूएलएम योजना के तहत निर्धारित लक्ष्यों को जल्द पूरा करने के आदेश दिए। साथ ही पीएम स्वनिधि योजना के तहत लंबित पड़े आवेदनों की छंटनी करके उन्हें अग्रणी बैंक प्रबंधक के साथ बैठक कर लोन दिलवाने के निर्देश दिए। साथ ही बैंक प्रबंधकों के साथ तालमेल के आदेश भी नगर परियोजना अधिकारी को दिए। इसके अलावा पीएम विश्वकर्मा योजना की समीक्षा कर लाभार्थियों को लाभ दिलाना सुनिश्चित करने को कहा। निगम के आईटी विभाग प्रबंधक प्रवीण शर्मा को आदेश देते हुए आयुक्त ने कहा कि कम्युनिटी सेंटर की बुकिंग को ऑनलाइन करने के साथ बुकिंग के ऑनलाइन तरीके भी ढूंढे व उसकी जानकारी निगम क्षेत्रवासियों को दें।

## अपनी जान जोखिम में डालकर बिजली आपूर्ति में जुटे हैं कर्मचारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम में हरियाणा कौशल रोजगार निगम के माध्यम से लगे 162 असिस्टेंट लाइनमैन का सेवाकाल 31 मार्च को समाप्त हो गया था। लेकिन डेढ़ महीना बीत जाने के बावजूद हरियाणा कौशल रोजगार निगम ने इनका सेवा विस्तार नही किया है। जबकि यह कर्मचारी अपनी जान जोखिम में डालकर पिछले सप्ताह आए आंधी तूफान में बड़ी संख्या में खंभे व ट्रांसफर गिरने से बाधित बिजली आपूर्ति बहाली के काम में दिन रात लगे हैं। सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा से संबंधित ऑल हरियाणा पावर कारपोरेशन वर्कर यूनियन इस मामले को लगातार उठा रही है, लेकिन निगम के एसई इस मामले को गंभीरता से लेने की बजाय कर्मचारियों को डराने-धमकाने का काम कर रहे हैं। ऑल हरियाणा पावर कारपोरेशनज



वर्कर यूनियन के बेनर तले मंगलवार को सभी सब डिवीजन में विरोध गेट मीटिंग की और निगम मैनेजमेंट व सरकार के खिलाफ जमकर प्रदर्शन किए गए। प्रदर्शनों को संबोधित करते हुए एएचपीसी वर्कर यूनियन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष शब्बीर अहमद गनी, सर्कल सचिव कृष्ण कुमार, यूनिट कमेटी के प्रधान करतार सिंह, मनोज जाखड़, रामचरण रामकेश, भूप सिंहए, दिनेश शर्मा चेतावनी दी कि अगर हरियाणा कौशल रोजगार निगम के माध्यम से डीएचएचबीवीएन में पिछले दो साल से काम कर रहे 162 असिस्टेंट लाइनमैन को एक्टेंशन नहीं दी तो सभी बिजली कर्मचारी कार्य बहिष्कार कर विरोध प्रदर्शन करने पर मजबूर होंगे।

**कैंटर से टकराने पर टेम्पो का चालक फंसा:** गुरुग्राम। मानेसर से दिल्ली की तरफ जा रहे एक कैंटर का अचानक टायर निकलने पर पीछे से आ रहा लोडिंग टेम्पो कैंटर की चपेट में आ गया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि टेम्पो का अगला हिस्सा बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया और ड्राइवर इसमें फंस गया। वहां से गुजर रहे वाहन चालकों की मदद से कड़ी मशक्कत के बाद फंसे हुए ड्राइवर को बाहर निकाला गया। गनीमत रही कि हादसे में कोई हताहत नहीं हुआ।


**आईएसएफ लिमिटेड**
पंजी. कार्यालय : प्लॉट नं. 13, केएच. नं. 33/7, गांव अम्बेरहई, पोल नं. जे967, सेक्टर-19, द्वारका, साउथ वेस्ट दिल्ली-110077
CIN NO : L74899DL1988PLC076648, Email id: info@isflimited.in, Website: www.isflimited.in

**31 मार्च 2025 को समाप्त चतुर्थ तिमाही और वर्ष हेतु अंकेक्षित वित्तीय परिणामों का विवरण**

(रु. लाख)

| विवरण | समाप्त तिमाही 31.03.2025 | समाप्त वर्ष 31.03.2025 | समाप्त तिमाही 31.12.2024 |
|---|---|---|---|
| प्रचालनों से कुल आय | 49.74 | 178.83 | 34.84 |
| कर के बाद साधारण गतिविधियों से शुद्ध लाभ | 18.92 | -0.65 | -87.69 |
| कर के बाद अवधि हेतु शुद्ध लाभ (असाधारण मदों के बाद) | 18.92 | -0.65 | -87.69 |
| इक्विटी शेयर कैपिटल (प्रत्यक्ष मूल्य रु. 1/- प्रत्येक) | 95000000 | 95000000 | 95000000 |
| पूर्ववर्ती लेखा वर्ष की बैलेंस शीट के अनुरूप पुनर्मूल्यांकन रिजर्व्स को छोड़कर रिजर्व्स | | 392.72 | |
| अर्जन प्रति शेयर (असाधारण मदों से पूर्व) रु. 1/- प्रत्येक के (वार्षिकृत नहीं) | 0.0199 | -0.0007 | -0.0923 |
| अर्जन प्रति शेयर (असाधारण मदों के बाद) रु. 1/- प्रत्येक के (वार्षिकृत नहीं) | 0.0199 | -0.0007 | -0.0923 |

**टिप्पणी : उपरोक्त सेबी (लिस्टिंग एवं अन्य घोषणा आवश्यकताएं) नियमनों, 2015 के नियमन 33 के तहत स्टॉक एक्सचेंजेज के पास दायर किये गये तैमाहिक/वार्षिक वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का एक सार है। तैमाहिक /वार्षिक वित्तीय परिणामों का पूर्ण प्रारूप स्टॉक एक्सचेंज वेबसाइट्स, www.isflimited.in पर उपलब्ध है।**

1) कम्पनी के वित्तीय परिणाम कम्पनी (भारतीय लेखा मानकों) नियमों, 2015 संशोधित अनुसार के तहत अधिसूचित लेखा मानकों (Ind AS) के अनुरूप तैयार किये गये हैं।
2) उपरोक्त परिणामों की समीक्षा ऑडिट कमेटी द्वारा कर ली गई है और को आयोजित इसकी बैठक में निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित कर लिये गये और रिकार्ड पर ले लिये गये हैं।
3) IND-AS 108 में परिभाषित अनुसार सेगमेंट रिपोर्टिंग लागू योग्य नहीं है क्योंकि कम्पनी का सम्पूर्ण प्रचालन केवल एक सेगमेंट से सम्बन्धित है।
4) आंकड़े आवश्यकतानुसार रिग्रुप्ड/रिअरेंज्ड कर लिये गये हैं।
5) उपरोक्त प्रस्तुत अवधियों हेतु कोई अन्य व्यापक आय नहीं है।

कृते आईएसएफ लिमिटेड
हस्ता/-
(विशाल डंग)
पूर्ण कालिक निदेशक

स्थान : दिल्ली
दिनांक : 20.05.2025


## फर्नीचर शोरूम में लगी आग भीषण, सात घंटे की मशक्कत के बाद पाया काबू

**गुरुग्राम (हरिभूमि न्यूज)।** शहर के अतुल कटारिया चौक पर देर रात को एक फर्नीचर शोरूम में आग लग गई। आग इतनी भयंकर थी कि इसकी लपटें कई किलोमीटर दूर से देखी गई। सूचना पाकर दमकल की करीब डेढ़ दर्जन से ज्यादा गाड़ियां मौके पर पहुंची। करीब 7 घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। आग लगने की वजह शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। अधिकारी नरेंद्र सिंह के मुताबिक अतुल कटारिया चौक पर कृष्णा फर्नीचर के शोरूम में अज्ञात कारणों से टॉप फ्लोर पर आग लग गई। आग की लपटें देखकर देर रात करीब सवा 12 बजे लोगों से इसकी सूचना दमकल विभाग को दी। मौके पर भीम नगर फायर स्टेशन से दमकल की दो गाड़ियों को मौके पर भेजा गया। लेकिन आग की लपटें देखकर अन्य फायर स्टेशनों से भी तुरंत ही गाड़ियां बुलाई गई। एहतियात के तौर पर सिविल डिफेंस व एसडीआरएफ भी पहुंचे। अधिकारियों ने बताया कि आग बुझाने के लिए उन्हें काफी परेशानी हुई। काफी प्रयासों से शोरूम के अन्य सभी फ्लोर को बचा लिया गया।


**हरियाणा सरकार | निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एचपीजीसीएल | आरजीटीपीपी, हिसार में यूनिट-I और II के लिए वैद्युत उपकरण और ऑग्ज. हेतु वार्षिक रखरखाव अनुबंध। | 17.05.2025 27.05.2025 | 1.82 करोड़ जीएसटी के बिना | https://etenders.hry.nic.in | 9354516231 xenemd1.rgtpp@hpgcl.org.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/40/34921/I/88/7 दि. 20.05.25



**हरियाणा सरकार | निविदा सूचना**

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प हिसार | बालसमंद डिस्ट्रीब्यूटरी हिसार के साथ-साथ हिसार-सातरोड रोड से सदर्न पैरीफेरी रोड पर कि.मी. 135/4-5 पर रेवाड़ी-भटिंडा रेलवे लाइन पर एलसी 88 पर आरओबी का निर्माण (सीएम घोषणा नं. 22926 दिनांक 21.08.2018) (स्ट्रीट लाइट्स का प्रावधान केवल)। | 14.05.2025 22.05.2025 | 28.30 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1662225651 pwd-eeed-hissar@hry.nic.in |
| 2 | लोनिवि भ व प हिसार | सिरसा जिले में एनएच 9 के साथ सिरसा जंक्शन के मिनी बाईपास पर रेवाड़ी भटिंडा सेक्शन पर कि.मी. 226/3-4 पर एलसी-146 एसपीएल पर आरओबी का निर्माण (टी/एफएस, एचटी/एलटी लाइंस की शिफ्टिंग का प्रावधान)। | 14.05.2025 22.05.2025 | 96.88 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1662225651 pwd-eeed-hissar@hry.nic.in |
| 3 | लोनिवि भ व प हांसी | करनाल असंध जीन्द हांसी तोशाम सोडीवास रोड सेक्शन हांसी तोशाम रोड एसएच-12 आरडी 127.68 से 138.68 (रोड आईडी 5198) की 4-लेनिंग/मजबूतीकरण (सीआरएफ स्कीम के तहत) (जीएसटी के बिना)। | 14.05.2025 03.06.2025 | 1755.55 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01663-259688 pwd-eepd-hansi@hry.nic.in |
| 4 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान पंचकूला हरियाणा | 5 वर्ष की अवधि के लिए सीएएक्यूएमएस के 25 स्टेशनों हेतु डेटा के प्रचालन और रखरखाव सेवाओं का नवीनीकरण। | 21.05.2025 19.06.2025 | | https://etenders.hry.nic.in dsndharyana.gov.in | 0172-2570122 Supplies@hry.nic.in |
| 5 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान पंचकूला हरियाणा | 5 वर्ष की अवधि के लिए सीएएक्यूएमएस के 03 स्टेशनों हेतु डेटा के प्रचालन और रखरखाव सेवाओं का नवीनीकरण। | 21.05.2025 19.06.2025 | | https://etenders.hry.nic.in dsndharyana.gov.in | 0172-2570122 Supplies@hry.nic.in |
| 6 | पंचायती राज रोहतक | गांव भालोठ में धर्म सिंह व्यायामशाला में शैड का निर्माण और अन्य विकास कार्य (एमपी एलएडी) + 1 कार्य। | 18.04.2025 24.04.2025 | 9.24 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9215555586 SDOPRROHTAK134@GMAIL.COM |
| 7 | पंचायती राज रोहतक | एमपी - गांव भैणी मातो में शिव मंदिर के निकट धर्मशाला में हॉल, शौचालय का निर्माण और आईपीबी बिछाना + 1 कार्य। | 14.05.2025 28.05.2025 | 18.47 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1262254150 prexeeng.roh@hry.nic.in |
| 8 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा करनाल | बाढ़ ऋतु 2025 से पूर्व आरडी 27000 से 65150 तक नारडाक डिस्टी. की मरम्मत, रखरखाव और आंतरिक सफाई + 1 कार्य। | 16.05.2025 22.05.2025 | 12.98 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0184-2255291 knldivn335@gmail.com |
| 9 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा पंचकूला | सिंचाई विभाग हरियाणा के झज्जर डिवीजन हेतु एसकेएफ एफएजी एनबीसी और एआरबी मेक के बियरिंग की आपूर्ति। | 21.05.2025 05.06.2025 | 4.28 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0172-2582542 xenproc@gmail.com |
| 10 | सिविल सर्जन, सिरसा | जिला सिरसा, हरियाणा हेतु एनटीईपी के तहत ट्यूबरकुलोसिस सम्बन्धित सेवा के प्रावधान हेतु पेशेंट प्रोवाइडिंग सपोर्ट एजेंसी (पीपीएसए) के चयन हेतु निविदा। | 21.05.2025 03.06.2025 | 1 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416126083 DTOHRSRS@RNTCP.ORG |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.etenders.hry.nic.in
पीआरडीएच-11/2026/200/34932/I/88/7 दि. 20.05.25

**खबर संक्षेप**

### संतोष यादव नौशेरा में ऑपरेशन के दौरान शहीद

**भागलपुर।** आतंकियों के खिलाफ लड़ाई में बिहार के एक और सपूत ने बलिदान दिया है। भागलपुर के



सैन्य जवान संतोष यादव जम्मू-नौशेरा में सर्च ऑपरेशन के दौरान शहीद हो गए। उनकी शहादत की खबर परिवार को मंगलवार को मिली। हाल ही में बिहार से यह चौथी शहादत है। इससे पहले ऑपरेशन सिंदूर में छपरा के मोहम्मद इम्तियाज और सीवान के रामबाबू सिंह भी शहीद हुए थे। वहीं कारगिल में पिछले दिनों नवादा के जवान मनीष कुमार शहीद हो गए थे।

### यूपी के सारे चिड़ियाघर एक सप्ताह के लिए बंद

**कानपुर।** यहां चिड़ियाघर में बर्ड फ्लू से जानवरों की मौत के बाद योगी सरकार ने बड़ा फैसला लिया है। प्रदेश के



पर्यावरण, वन, जलवायु परिवर्तन एवं जन्तु उद्यान राज्यमंत्री डॉ. अरुण कुमार सक्सेना ने यूपी के सभी चिड़ियाघरों को एक हफ्ते के लिए बंद रखने का निर्देश दिया है। उन्होंने बताया कि बर्ड फ्लू के मद्देनज़र प्रदेश के सभी प्राणि उद्यानों एवं इटावा लॉयन सफारी को आम जनता के लिए आगामी 27 मई तक बंद रखा जाएगा।

### सिगरेट पीना सिखाने वाला डॉक्टर निलंबित

**लखनऊ।** यूपी के जालौन में मासूम बच्चे को सिगरेट पीना सिखाने के मामले में बड़ी



कार्रवाई कर दी गई है। आरोपी डॉक्टर को जांच में दोषी पाए जाने के बाद निलंबित कर दिया गया है। इस मामले से जुड़ा वीडियो वायरल होने के बाद प्रदेश के उपमुख्यमंत्री व स्वास्थ्य मंत्री बृजेश पाठक ने मामले का संज्ञान लिया था। बृजेश पाठक ने तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए थे।

**जगह-जगह सेल्फी प्वाइंट जिससे आने वाले श्रद्धालु व पर्यटक सेल्फी ले सकें**

# गुप्तार घाट पर बहेगी देशभक्ति की बयार, स्थापित की गई सैम मानेकशॉ की मूर्ति और टी-55 टैंक

अयोध्या के सरयू नदी के गुप्तार घाट पर 1971 के भारत पाक युद्ध के हीरो रहे पूर्व सेनाध्यक्ष और देश के पहले फील्ड मार्शल सैम मानेक शॉ की मूर्ति का अनावरण किया गया। इसके साथ ही टी 55 टैंकों की भी स्थापना की गई।

एजेंसी ▶▶ अयोध्या

रामनगरी में सरयू के किनारे गुप्तार घाट पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जा रहा है। जगह-जगह सेल्फी प्वाइंट बनाए जा रहे हैं, जिससे आने वाले श्रद्धालु व पर्यटक सेल्फी ले सकें। कमिश्नर गौरव दयाल ने बताया कि गुप्तार घाट पर छावनी परिषद और विकास प्राधिकरण के संयुक्त प्रयास से दो जगहों का सुंदरीकरण किया गया है।





**पहले फील्ड मार्शल सैम मानेक शॉ की मूर्ति का अनावरण**

मंगलवार को एक स्थान पर 1971 के भारत पाक युद्ध के हीरो रहे पूर्व सेनाध्यक्ष और देश के पहले फील्ड मार्शल सैम मानेक शॉ की मूर्ति का अनावरण किया गया, तो दूसरी जगह पर 1965 और 1971 के युद्ध में पाकिस्तान को धूल चटाकर अपना जलवा दिखाने वाले टी 55 टैंक को स्थापित किया गया है।

#### सेना के पराक्रम और उपलब्धियों के बारे में जानकारी देने वाला स्थल

कमिश्नर ने बताया कि जिला प्रशासन का प्रयास है कि अयोध्या में पिकनिक स्पॉट को चिन्हित करके जो हमारे सेना के हीरो हैं, उनको सम्मानित करें। ऐसे प्रमुख स्थल विकसित किए जाएं, जिससे यहां आने वाले देश दुनिया के श्रद्धालुओं और पर्यटकों को सेना के पराक्रम और उपलब्धियों के बारे में जानकारी हो सके। डोगरा रेजीमेंटल सेंटर के ब्रिगेडियर कुंवर रंजीव सिंह ने बताया कि टी 55 टैंक स्टेशन के लिए रिलीज हो गया था। इसके साथ जवान रहते थे। आज इसको गुप्तार घाट पर स्थापित किया गया है। यहां पर जो पर्यटक आते हैं और जो स्थानीय आबादी है, वह लोग इस टैंक को देख सकेंगे और इसके बारे में जानकारी ले सकेंगे। जो लोग सेल्फी के शौकीन हैं, वह टैंक के साथ सेल्फी भी ले सकते हैं।

**दुश्मन को सिखाया ऐसा सबक याद रखेगा**

# योगी बोले- एक भी नागरिक की जान गई तो घर में घुसकर मारेंगे

कासगंज पहुंचे सीएम योगी ने 724 करोड़ की योजनाओं की सौगात दी। इस दौरान सीएम योगी ने कहा कि डबल इंजन की सरकार विकास कर रही है।

*बहादुर जवानों की मौजूदगी से देश की सीमाएं सुरक्षित*

*डबल इंजन की सरकार विकास कर रही*

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कासगंज पहुंचे। यहां पुलिस लाइन में उन्होंने मां सरस्वती की प्रतिमा के सामने दीप जलाकर और माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान सीएम योगी को रुद्राक्ष का पौधा भेंट किया गया। इसके बाद उन्होंने पुलिस लाइन सहित अन्य विकास योजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास किया। करीब पौने तीन घंटे तक सीएम यहां रहे।

**724 करोड़ की विकास योजनाओं का लोकार्पण**



उन्होंने कहा कि सोरों का विकास अयोध्या की तर्ज पर होगा। उन्होंने जिले में म्यूजियम बनाने, दरियागंज झील और नदरई पुल के सौंदर्यीकरण की परियोजना को भी मंजूरी दी है। सीएम ने 724 करोड़ की विकास परियोजना का लोकार्पण करते हुए कहा कि यह सौभाग्य है कि भगवान बाराह की जन्म स्थली पर आने का मौका मिला है। कहा कि यहां की धरा को नमन करता हूं। उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार विकास कर रही है। ऑपरेशन सिंदूर पर कहा कि भारत की सेना ने ऐसा सबक दुश्मन को सिखाया है, जो वो याद रखेगा। भारत ने बता दिया है कि हमारे एक भी नागरिक की जान जाएगी, तो दुश्मन को उसके घर में घुस कर मारेंगे। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने सेना के आधुनिकीकरण और सशक्तिकरण पर विशेष ध्यान दिया है।

**योगी सरकार की योजना ने बदली सोच**

## यूपी दिव्यांगजनों को मिल रहा है बराबरी का हक

सीएम योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार ने सामाजिक समावेशन को धरातल पर उतारते हुए दिव्यांगजनों के जीवन में नई उम्मीदें जगाई हैं। राज्य में संचालित दिव्यांगजन शादी-विवाह प्रोत्साहन पुरस्कार योजना ने लाभार्थियों को केवल आर्थिक सहायता ही नहीं दी, बल्कि समाज में स्वीकृति और समानता का नया विचार स्थापित किया है। यह योजना अब एक संवेदनशील पहल से आगे बढ़कर सामाजिक सोच में परिवर्तन की प्रतीक बन चुकी है। वर्ष 2017-18 से अब तक 5,893 दिव्यांग दंपत्तियों को इस योजना के माध्यम से लाभ मिल चुका है। योजना के अंतर्गत यदि वर दिव्यांग है तो 15,000 रुपए, वधू दिव्यांग हो तो 20,000 रुपए और यदि दोनों दिव्यांग हों तो 35,000 रुपए की सहायता राशि ई-पेमेंट के माध्यम से सीधे बैंक खातों में दी जाती है।

#### विवाह के उपरांत ऑनलाइन आवेदन के जरिए योजना का लाभ

सीएम योगी ने बीते वित्तीय वर्ष 2024-25 में इस योजना के लिए 264 लाख रुपए का बजटीय प्रावधान किया गया था, जिसके अंतर्गत 1131 दिव्यांग दंपत्तियों को लाभ पहुंचाने का लक्ष्य तय किया गया है। सरकार के 819 पात्र दंपत्तियों की पहचान कर इसका सीधा लाभ उन्हें दिया है। प्रदेश का दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग प्रदेश में भर में ऐसे दंपतियों की पहचान करती है और उन्हें विवाह के उपरांत ऑनलाइन आवेदन के जरिए योजना का लाभ दे रही है।

**शराब घोटाले के सिलसिले में**

## झारखंड में वरिष्ठ आईएएस अधिकारी विनय कुमार चौबे को किया गिरफ्तार



एजेंसी ▶▶ रांची

झारखंड में हुए शराब घोटाले के सिलसिले में वरिष्ठ आईएएस अधिकारी विनय कुमार चौबे को गिरफ्तार कर लिया गया है। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने इस घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में वरिष्ठ IAS अधिकारी को गिरफ्तार किया। एक अधिकारी ने इस बारे में जानकारी देते हुए बताया कि एसीबी की एक टीम सुबह चौबे के आवास पर पहुंची और उन्हें पूछताछ के लिए एजेंसी के मुख्यालय ले गई।

#### सरकार को आर्थिक नुकसान पहुंचाने के आरोप

एसीबी ने विनय कुमार चौबे पर छत्तीसगढ़ शराब सिंडिकेट के साथ मिलकर झारखंड में नई शराब नीति बनाने और राज्य सरकार को आर्थिक नुकसान पहुंचाने के आरोप लगाया। पीई की जांच के दौरान एसीबी ने कई बार तत्कालीन उत्पाद सचिव विनय चौबे और गजेंद्र सिंह से पूछताछ की।

## भारतीय प्रशासनिक सेवा के 12 अधिकारियों का तबादला

एजेंसी ▶▶ पटना

राज्य सरकार ने मंगलवार को भारतीय प्रशासनिक सेवा के 12 अधिकारियों का स्थानांतरण किया है। इनमें से आठ को उप विकास आयुक्त (डीडीसी) सह जिला परिषद के मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी के पद पर तैनात किया गया है। ये जिले हैं- जहानाबाद, भोजपुर, समस्तीपुर, कैमूर, बेगूसराय, बक्सर, सुपौल एवं मधेपुरा। सामान्य प्रशासन विभाग की अधिसूचना के अनुसार, भागलपुर की नगर आयुक्त डॉ. प्रीति को जहानाबाद का उप विकास आयुक्त सह जिला परिषद का मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी बनाया गया है।

**पेज एक का शेष**

### नौसेना के जंगी बेड़े में...

एक भव्य समारोह में नामकरण के साथ बल के जंगी बेड़े में शामिल किया जाएगा। समारोह की अध्यक्षता केंद्रीय संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत करेंगे। नौसेना ने मंगलवार को एक बयान में यह जानकारी दी।

### समुद्री व्यापारिक मार्गों ...

*मार्ग होंगे। जहाज की पहली यात्रा गुजरात से ओमान तक की होगी। जिसकी नौसेना में तैयारियां जोरशोर से चल रही हैं। जल्द ही इससे जुड़ी जानकारी साझा की जाएगी।*

### अजंता की गुफाओं की ...

*करता है। सिला हुआ हल, स्क्वायर सेल, वुडन स्पार्स व परंपरागत स्टीयरिंग तंत्र जहाज को दुनिया में नौसैन्य सेवा में तैनात बाकी जहाजों के समकक्ष लाकर खड़ा करता है।*

### जल्द दुनिया के सामने...

रहे पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद और भारत की धरती पर होने वाले किसी भी आतंकी हमले का सख्ती से जवाब देने को लेकर बने हुए सरकार के दृढ़ संकल्प से अवगत कराया। उक्त प्रतिनिधिमंडलों में से एक में अंतिम समय में तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) नेता अभिषेक बनर्जी का नाम शामिल किया गया, वह भी बैठक में शामिल हुए। टीएमसी ने हालांकि केंद्र सरकार पर एकतरफा ढंग से पार्टी नेता और सांसद यूसुफ पठान के नाम के चयन करने को लेकर अपनी नाराजगी जाहिर की। बताते चलें कि जिन देशों में यह प्रतिनिधिमंडल जाएंगे। वहां होने वाली तमाम बैठकों और संवाद प्रक्रिया में भारतीय दूतावास के अधिकारी भी मौजूद रहेंगे। प्रतिनिधिमंडल संबंधित देश के सांसदों, सरकारी-गैर-सरकारी संगठनों के प्रतिनिधियों और मीडिया से भी मुलाकात कर सकते हैं। जल्द ही बाकी बचे 4 प्रतिनिधिमंडलों (शशि थरूर, बैजयंत पांडा, रविशंकर प्रसाद और सुप्रिया सुले की अगुवाई वाले प्रतिनिधिमंडल) को भी सरकार की तरफ से जानकारी दी जाएगी।

**अब पाक का नहीं हमारा पक्ष बोलेगा :** सूत्रों ने कहा कि विदेश सचिव ने कहा कि यह सही समय है कि जब हमें यानी भारत को अपना पक्ष मामले पर दुनिया के सामने रखना चाहिए। पाकिस्तान वर्तमान में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) का अस्थायी सदस्य है। ऐसे में इस बात की संभावना है कि वो आगामी वक्त में अपना भारत विरोधी नापाक एजेंडा परिषद के समक्ष रखने की कोशिश करे। लेकिन भारत की इस कवायद से हमें लीड मिल सकती है। क्योंकि पाकिस्तान के बताने से पहले ही हम खुद अपना पक्ष दुनिया के सामने रख देंगे।

**संजय झा, शिंदे का पक्ष :** बैठक में शामिल हुए जेडीयू नेता संजय झा ने कहा, दुनिया के नेताओं को हमारा यही संदेश होगा कि अब बस बहुत हो गया। पाकिस्तान एक ऐसे चोर की तरह व्यवहार कर रहा है। जो खुद अपने ही किए हुए गुनाह की जांच करने की बात कहता है। यह हर उस बार होता आया है कि जब इतिहास में भारत ने पाकिस्तान के आतंकवाद के खिलाफ कार्रवाई करने के शब्दों, बयानों पर भरोसा किया। शिवसेना (शिंदे) नेता श्रीकांत शिंदे ने कहा, वह अपनी यात्रा में दुनिया के सामने भारत में हुई आतंकी घटनाओं के पाकिस्तान के साथ संबंधों का खुलासा करेंगे।

### ब्रीफ किया, दस्तावेज देंगे...

केवल भारत ही नहीं रही है। बल्कि ब्रिटेन, अमेरिका जैसे देशों में भी ऐसी घटनाएं इतिहास में सामने आ चुकी हैं। उन्होंने कहा, प्रतिनिधिमंडलों की यात्रा के लिए शामिल किए गए देशों का चयन रणनीतिक रूप से किया गया है।

### राहुल और आसिम मुनीर ...

एक्स हैंडल से यह पोस्टर जारी किया गया है। भाजपा आईटी सेल प्रमुख अमित मालवीय ने राहुल गांधी का एक पोस्टर जारी किया, जिसमें उनका चेहरा पाकिस्तान आर्मी चीफ आसिम मुनीर के साथ जोड़ा गया। आरोप लगाया गया कि राहुल गांधी 'पाकिस्तान की भाषा' बोलते हैं और उन्होंने 'ऑपरेशन सिंदूर' पर प्रधानमंत्री को बधाई नहीं दी। एक अन्य पोस्टर में राहुल को पाकिस्तान के पीएम शहबाज शरीफ की पीठ पर दिखाया गया। इस पोस्टर में राहुल गांधी को दीवार के उस पार से यह पूछते हुए दिखाया गया है कि हमने कितने एयरक्राफ्ट खो दिये। कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा ने जवाब में एक पोस्टर जारी किया, जिसमें जयशंकर को जयचंद कहा गया। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार ने एयरस्ट्राइक से पहले पाकिस्तान को सूचित किया था, जिससे कई आतंकी बच निकले। खेड़ा ने कहा यह चूक नहीं, अपराध था। देश को सच्चाई जानने का हक है।

### आईबी निदेशक तपन डेका...

आईपीएस अधिकारी हैं पवन डेका : आईपीएस अधिकारी पवन डेका, जो इंटेलिजेंस ब्यूरो के 28वें निदेशक हैं, ने जुलाई 2022 में अपने पूर्ववर्ती अरविंद कुमार से पदभार संभाला। वह 1995 में इंटेलिजेंस ब्यूरो में शामिल हुए और तब से महत्वपूर्ण ऑपरेशनों में शामिल रहे हैं। 25 फरवरी, 1963 को असम के सरथेबारी में जन्मे डेका का आईपीएस अधिकारी के रूप में शानदार करियर रहा है। दिल्ली विश्वविद्यालय से भौतिकी में मास्टर डिग्री पूरी करने के बाद, उन्होंने अपने पहले प्रयास में ही भारतीय पुलिस सेवा के लिए चयन प्रक्रिया पास कर ली और 1988 में हिमाचल प्रदेश कैडर का हिस्सा बन गए। तपन डेका ने 1995 में इंटेलिजेंस ब्यूरो में शामिल होने के बाद उप निदेशक, संयुक्त निदेशक, अतिरिक्त निदेशक और विशेष निदेशक के रूप में कार्य किया। डेका को 2012 में पुलिस सेवा के लिए राष्ट्रपति पदक भी मिला है। उन्होंने उत्तर-पूर्वी उग्रवाद और कश्मीर में आतंकवाद विरोधी अभियानों को भी संभाला।

### सिविल जज बनने के लिए...

दक्षता और प्रतिस्पर्धा को बनाए रखने के लिए बेहद जरूरी है। सुप्रीम कोर्ट ने ऑल इंडिया जज एसोसिएशन की याचिका पर यह फैसला सुनाया।

**दिखाना होगा सर्टिफिकेट :** सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि प्रैक्टिस की अवधि नामांकन की तारीख से मानी जा सकती है। अदालत ने साफ किया कि यह आदेश उच्च न्यायालयों में हो चुकी नियुक्तियों पर लागू नहीं होगा और भविष्य में होने वाली नियुक्तियों में ही ये शर्त लागू होगी। शर्त पूरी करने के लिए उम्मीदवार को 10 साल तक प्रैक्टिस कर चुके वरिष्ठ वकील या तय न्यायिक अधिकारी द्वारा जारी सर्टिफिकेट को दिखाना होगा। अगर कोई वकील सुप्रीम कोर्ट या उच्च न्यायालय में प्रैक्टिस कर रहा है तो उन्हें सुप्रीम कोर्ट में 10 साल तक प्रैक्टिस कर चुके वकील या तय न्यायिक अधिकारी द्वारा जारी सर्टिफिकेट पेश करना होगा।

### राहुल गांधी की कोशिश वाया...

डिजिटल रजिस्ट्री की सुविधा शामिल कर कर्नाटक के लोगों का ध्यान खींचा है। इसकी गूंज बिहार विधानसभा चुनाव तक जाए, ये कोशिश है।

**500 नए राजस्व गांवों के निर्माण की घोषणा की :** राहुल गांधी ने कहा कि कर्नाटक में कांग्रेस ने चुनाव के दौरान पांच गारंटी देने का वादा किया था, लेकिन अब छह गारंटी पूरी की हैं। इनमें सबसे महत्वपूर्ण छठी गारंटी है, जिसके तहत 1.11 लाख से अधिक गरीब परिवारों, विशेष रूप से अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, और अन्य पिछड़ा वर्ग के परिवारों को जमीन का मालिकाना हक दिया गया है। उन्होंने जोर देकर कहा कि यह कर्नाटक के भविष्य के लिए सबसे महत्वपूर्ण कदम है, क्योंकि यह गरीबों, दलितों, और आदिवासियों को सीधा लाभ पहुंचाएगा। उन्होंने बताया कि 2,000 हैबिटेशन को 'रेवेन्यू विलेज' घोषित किया गया है, और अगले छह महीनों में सभी पात्र परिवारों को जमीन का मालिकाना हक दिया जाएगा। इसके अलावा, 500 नए राजस्व गांवों के निर्माण की घोषणा की गई। जाहिर है इससे स्थानीय लोग खुश होंगे।

### गृहलक्ष्मी योजना में...

*हर महीने 8,500 रुपये जमा किए जाएंगे। यह योजना करोड़ों परिवारों की तकदीर बदलने वाली क्रांतिकारी कदम होगी। राहुल गांधी ने सामाजिक न्याय पर जोर देते हुए कहा कि कांग्रेस सरकार गरीबों, दलितों, आदिवासियों, और पिछड़े वर्गों के लिए काम करती है। उन्होंने कर्नाटक में लागू योजनाओं को इस दिशा में एक मॉडल बताया। उनके अनुसार, जमीन का मालिकाना हक देना और राजस्व गांवों का निर्माण सामाजिक और आर्थिक समावेश को बढ़ावा देता है। विदित हो कि बेरोजगार स्नातकों को 3,000 रुपये और डिप्लोमा धारकों को 1,500 रुपये मासिक भत्ता। 200 यूनिट मुफ्त बिजली और महिलाओं के लिए मुफ्त बस यात्रा जैसी योजनाएं, जो कर्नाटक में पहले से लागू हैं।*

**यूपी में मदरसों पर एक्शन पर भड़कीं मायावती**

## सरकारी स्कूलों के दाखिले में 22 लाख की गिरावट चिंतनीय

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

यूपी में कथित तौर पर अवैध मस्जिद, मजार, ईदगाह और मदरसों पर



बुलडोजर एक्शन जारी है, जिससे राज्य की सियासत गरमा गई है। इस बीच बसपा प्रमुख मायावती ने योगी सरकार पर तीखा हमला बोला है और योगी सरकार की कार्यशैली पर सवाल उठाए हैं।

मायावती ने कहा कि योगी सरकार का निजी मदरसों के खिलाफ सख्त रवैया ठीक नहीं है। उन्होंने कहा कि सरकार को इन शिक्षण संस्थानों को बंद करने के बजाय उनकी मदद करनी चाहिए। मदरसों को अवैध बताकर बंद करना बुनियादी शिक्षा और गरीब बच्चों के भविष्य के लिए नुकसानदायक है।

उन्होंने योगी सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि निजी मदरसों के प्रति सरकार अपना रवैया बदले तो बेहतर है। इसके साथ ही मायावती ने चिंता जताते हुए कहा कि प्रदेश के स्कूलों में 22 लाख बच्चों के एडमिशन में इस साल गिरावट आई है।उन्होंने प्रदेश सरकार को नसीहत देते हुए कहा कि शिक्षा के महत्व और जरूरत पर उचित ध्यान देना जरूरी है।

**शहजाद की गिरफ्तारी के बाद खुलासा**

पाक खुफिया एजेंसी का जासूस

## एटीएस के रडार पर 21 संदिग्ध, इनमें 4 महिलाएं

एजेंसी ▶▶ मुरादाबाद

एटीएस द्वारा पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई के जासूस शहजाद की



गिरफ्तारी के बाद उसके करीब 21 अन्य लोग भी जांच एजेंसियों के रडार पर हैं। इनमें चार महिलाएं भी शामिल हैं। रामपुर जिले के टांडा थाना क्षेत्र के आजादनगर निवासी शहजाद अपने कारोबार के सिलसिले में पाकिस्तान जाता था।

वहीं वह आईएसआई अधिकारियों के संपर्क में आया और जासूस बन गया। उसकी गतिविधियों की एटीएस दो माह से निगरानी कर रही थी। एटीएस ने उसके नंबर को सर्विलांस पर ले लिया था। जांच अधिकारियों ने आईएसआई एजेंटों से बातचीत का रिकॉर्ड इकट्ठा करने के बाद उसको गिरफ्तार किया। आरोप है कि शहजाद आईएसआई एजेंटों से संपर्क होने के बाद उनके प्रभाव में आ गया था। धर्म का हवाला देकर वह युवाओं को अपने संगठन से जोड़ रहा था। उसने भारतीय सिम आईएसआई के एजेंटों को उपलब्ध कराया था।

इनका इस्तेमाल पाक एजेंसी जासूसी के लिए करती थी। गिरफ्तार एजेंट रामपुर और मुरादाबाद के करीब 21 लोगों से लगातार संपर्क में था। इसमें चार महिलाएं भी शामिल हैं।

**धारा 352, 251 (2), 121 (1), 132, 221 के तहत मुकदमा दर्ज**

## एक मिनट में समझा दूंगा, कप्तान को जाकर नाम बता देना, जब दारोगा को मंच पर नेता ने हड़काया

एजेंसी ▶▶ फिरोजाबाद

यहां से एक वीडियो वायरल हो रहा है। इसमें स्थानीय नेता पहले पुलिस को मंच से ही गालियां देते हैं। जब मौके पर मौजूद दारोगा समझाने पहुंचता है तो उसे हड़का लेते हैं। माइक पर ही दारोगा को वहां से निकल जाने की चेतावनी देते हुए यहां तक कहते हैं कि यहां से निकला जा नहीं तो एक मिनट में समझा दूंगा। कप्तान साहब (पुलिस अधीक्षक) को जाकर नाम बता देना। उनका तेवर और बातें सुनकर दारोगा निकलने में ही भलाई समझता है। कुछ देर में ही यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो जाता है। अधिकारियों तक वीडियो पहुंचते ही एक्शन का आदेश कर दिया गया। कई धाराओं में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

**दारोगा ने दो पदाधिकारियों को समझाने की कोशिश की**



दरअसल नगला खंगर क्षेत्र में एक संगठन के लोगों ने मंच लगाकर और पांडाल बनाकर अपना कार्यक्रम आयोजित किया था। संगठन के बड़े पदाधिकारी मंच से बोल रहे थे। हालांकि तब तक पूरी तरह कार्यक्रम शुरू नहीं हुआ था। एक स्थानीय मामले को लेकर स्थानीय नेताजी भड़क गए और मंच से ही पुलिस के लिए अनर्गल शब्दों का इस्तेमाल करने लगे। इस पर थाना नगला खंगर के दारोगा मंच की ओर पहुंच गए। दारोगा ने मंच पर बोल रहे दो पदाधिकारियों को समझाने की कोशिश की।

#### वीडियो का लिया गया संज्ञान, होगी कठोर कार्रवाई

कुछ देर में ही यह वीडियो वायरल हो गया। थाना पुलिस का कहना है कि पूरे वीडियो का संज्ञान लिया गया है। वीडियो को लेकर नगला खंगर थाना में धारा 352, 251 (2), 121 (1), 132, 221 बीएनएस के तहत मुकदमा पंजीकृत कराया है। इस मामले को लेकर जांच चल रही है। आरोपियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जा रही है।

कान्स फिल्म फेस्टिवल



# रेड कार्पेट पर उतरीं शर्मिला और सिमी

## ‘अरण्येर दिन रात्रि’ का हुआ प्रीमियर

*पेरिस। ‘कान्स फिल्म फेस्टिवल 2025’ का रेड कार्पेट सितारों से सज गया है। इस बीच हिंदी सिनेमा की दिग्गज अभिनेत्री शर्मिला टैगोर और सिमी ग्रेवाल, सत्यजीत रे की फिल्म ‘अरण्येर दिन रात्रि’ की स्क्रीनिंग में शामिल हुईं। फिल्म के प्रीमियर पर दोनों ने रेड कार्पेट की वॉक किया और इसकी शोभा बढ़ाई।*

### सिमी ग्रेवाल का पहला प्रदर्शन

कान्स फिल्म फेस्टिवल में अभिनेत्री शर्मिला टैगोर और सिमी ग्रेवाल ने वॉक किया। ‘अरण्येर दिन रात्रि’ के विशेष प्रीमियर के लिए दोनों ने बेहतरीन ड्रेस पहनी थी। उन्होंने एक साथ रेड कार्पेट पर पोज भी दिया। शर्मिला टैगोर ने हरे रंग की शानदार साड़ी पहनी थी, जबकि सिमी ग्रेवाल आइवरी रंग की ड्रेस में रेड कार्पेट पर चलीं। फिल्म के प्रीमियर के दौरान इसे स्टैंडिंग ओवेशन भी मिला। लोगों ने खड़े होकर तालियां बजाईं। इस दौरान शर्मिला टैगोर की बेटी सबा पटौदी भी मौजूद थीं। दिलचस्प बात यह है कि सिमी ग्रेवाल का कान्स में यह पहला प्रदर्शन था।

### फिल्म को 4के में किया गया है री-स्टोर

फिल्म निर्माता सत्यजीत रे की फिल्म ‘अरण्येर दिन रात्रि’को अमेरिकी फिल्म निर्माता वेस एंडरसन के नेतृत्व में छह वर्षों में फिर से बनाया गया। इसे री-स्टोर करने का प्रोजेक्ट साल 2019 में शुरू हुआ। यह तब शुरू हुआ जब, मार्टिन स्कॉर्सेसे की द फिल्म फाउंडेशन के बोर्ड में अपने पद के माध्यम से एंडरसन ने फिल्म को संरक्षित करने के बारे में चर्चा शुरू की। निर्देशक के सत्यजीत रे के काम के प्रति जुनून ने द फिल्म फाउंडेशन के वर्ल्ड सिनेमा प्रोजेक्ट, फिल्म हेरिटेज फाउंडेशन, जेनस फिल्म्स और द क्राइटेरियन कलेक्शन के बीच सहयोगात्मक प्रयास को आगे बढ़ाया, जिसमें गोल्डन ग्लोब फाउंडेशन द्वारा फंड दिया गया।

### 24 मई को तक चलेगा फेस्टिवल

सिमी ग्रेवाल का कान्स में यह पहला प्रदर्शन था। फिल्म फेस्टिवल 2025 की शुरुआत 13 मई से हुई है। पिछले छह दिनों में कई भारतीय सितारों ने रेड कार्पेट पर वॉक किया और इसकी शोभा बढ़ाई। कईयों के लिए यह साल खास रहा, क्योंकि उन्होंने कान महोत्सव में अपना डेब्यू किया। समारोह का समापन 24 मई को होगा।




## उर्वशी का जबरदस्त नया लुक

उर्वशी रौतेला इन दिनों उर्वशी रौतेला फिल्म फेस्टिवल में अपना जलवा बिखेर रही है। हाल ही में वह जहां ऊप्स मोमेंट का शिकार हुईं, तो वहीं अगले दिन उनका एक और शानदार लुक सामने आया है। उसने अपना एक और लेटेस्ट लुक इंस्टाग्राम पर शेयर किया है, जिसमें वह स्टाइलिश बॉडीकॉन ड्रेस में लाजवाब पोज देती नजर आईं। इस नए लुक में उर्वशी बॉडीकॉन ड्रेस में नजर आ रही हैं। एक्ट्रेस की इस ड्रेस में लॉन्ग स्लीव्स के साथ नेकलाइन पर ब्राउन रंग का स्टाइलिश लुक दिया गया है। इसके साथ एक्ट्रेस ने गले में कई नेकलेस पीस पहने हुए हैं, जो उनकी खूबसूरती में चार चांद लगा रहे हैं। इस लुक के साथ उर्वशी का हेयर स्टाइल उन्हें और भी खास बनाता है। इस लुक में उर्वशी को देखकर उनके फैंस जमकर कमेंट कर रहे हैं और उनकी तारीफों के पुल बांध रहे हैं।

## डेनजल वाशिंगटन को मिला ‘पाम डी ओर’

## डकोटा जॉनसन ने दिखाई दिलकश अदा

पेरिस। हॉलीवुड अभिनेता डेनजल वाशिंगटन को कान्स फिल्म फेस्टिवल में एक बड़ा सरप्राइज मिला। अभिनेता को पाम डी’ओर पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार उन्हें सिनेमा में उनके लंबे और सफल कॅरियर को देखते हुए दिया गया।



***फिल्म की स्क्रीनिंग से पहले मिला पुरस्कार*** : यह सम्मानित पल स्पाइक ली द्वारा निर्देशित उनकी नवीनतम फिल्म ‘हाईएस्ट 2 लोएस्ट’ की स्क्रीनिंग से ठीक पहले घटित हुआ। कान्स फेस्टिवल के निदेशक थिएरी फ्रेमॉक्स ने उन्हें पुरस्कार दिया। पुरस्कार प्राप्त करने के बाद वह भावुक हो गए। डेनजल वाशिंगटन यह सम्मान पाने वाले 22वें व्यक्ति बन गए हैं।


***गर्लफ्रेंड के साथ पहुंचे ‘एक्वामैन’ एक्टर*** : ‘एक्वामैन’ फेम अभिनेता जेसन मोमोआ और अमेरिकी अभिनेत्री एड्रिया अर्जियोना ने 78वें कान्स फिल्म फेस्टिवल में हिस्सा लिया। वह दोनों ‘स्प्लिट्सविले’की स्क्रीनिंग के लिए पहुंचे। इस दौरान रेड कार्पेट पर दोनों ने पोज दिया।

### इन दिग्गजों को भी मिल चुका है पुरस्कार

2002 में मानद पाल्मे डी’ओर की शुरुआत के बाद से, इसे फिल्म जगत के कुछ सबसे सम्मानित लोगों को दिया गया है। पिछले प्राप्तकर्ताओं में क्लिंट ईस्टवुड, जोडी फॉस्टर, माइकल डगलस, मेरिल स्ट्रीप और जॉर्ज लुकास शामिल हैं। 2022 में टॉम क्रूज को भी इस पुरस्कार से सरप्राइज दिया गया था।


### जेसन और एड्रिया ने दिया रोमांटिक पोज

सोमवार को ‘फिफ्टी शेड्स ऑफ ग्रे’फेम अभिनेत्री डकोटा जॉनसन ने भी रेड कार्पेट पर जलवे बिखेरे। अभिनेत्री ने खुद को खूबसूरत कॉटन-कैंडी गुलाबी फ्रिंज गाउन में स्टाइल किया था। जॉनसन ने अपने गुलाबी लुक को चांदी की बालियों के साथ पूरा किया।‘एक्वामैन’ फेम अभिनेता जेसन मोमोआ और अमेरिकी अभिनेत्री एड्रिया अर्जियोना ने रेड कार्पेट पर रोमांटिक पोज दिया।



## कैलिफोर्निया में वेकेशन मना रही हैं माधुरी

**मुंबई।** बॉलीवुड धक-धक गर्ल इन दिनों अपने पति डॉ नेने के साथ वेकेशन एंजॉय कर रही हैं। डॉ. नेने ने अपनी पत्नी और एक्ट्रेस माधुरी दीक्षित के साथ कैलिफोर्निया की सिटी सांता मोनिका में वेकेशन की खास झलक अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर शेयर की है। इन तस्वीरों के साथ डॉ नेने ने एक खास पोस्ट भी लिखा है। डॉ. श्रीराम नेने ने आज इंस्टाग्राम पर पत्नी माधुरी दीक्षित के साथ वेकेशन की कई शानदार तस्वीरें शेयर की हैं। यह सभी तस्वीरें कैलिफोर्निया की सिटी सांता मोनिका की हैं। डॉ नेने ने इन लाजवाब तस्वीरों के साथ कैप्शन में लिखा, ‘बाहर और इधर-उधर। सांता मोनिका में माहौल बहुत अच्छा लग रहा है!’ इस तस्वीर में माधुरी अपने पति डॉ. श्रीराम नेने के साथ सेल्फी लेती नजर आ रही हैं। दोनों के चेहरों पर बड़ी सी स्माइल है।



## हेरा फेरी-3 : एक दिन शूट करके परेश गायब

**मुंबई।** परेश रावल के फिल्म ‘हेरा फेरी 3’ छोड़ने की खबर ने फैंस और फिल्म इंडस्ट्री को चौंका दिया है। फिल्म के डायरेक्टर प्रियदर्शन ने अब इस पूरे मामले पर चुप्पी तोड़ते हुए कहा कि परेश ने यह फैसला करने से पहले उन्हें कोई जानकारी नहीं दी थी। वो खुद इस स्थिति से हैरान और निराश हैं। प्रियदर्शन ने कहा, ‘फिल्म शुरू होने से पहले मैंने तीनों - अक्षय, सुनील और परेश- से क्लियर पूछा था कि क्या आप लोग तैयार हैं? सबने कहा- हां। फिर हमने एक दिन शूट भी किया। सब स्मूद चला। लेकिन, अचानक परेश जी के हटने की खबर आई... बिना कुछ बोले, बिना कोई कारण बताए। आज तक उन्होंने मुझसे इस बारे में कोई बात ही नहीं की।’ वहीं, जब हमने प्रियदर्शन से पूछा कि क्या वाकई अक्षय कुमार ने परेश रावल पर 25 करोड़ का दावा ठोका है।




## फिल्म का ऐलान करने आए हीरो-हीरोइन अपनी गुड न्यूज देकर छाए, बोले- हम शादी कर रहे हैं

*नई दिल्ली। तमिल एक्टर विशाल (47) और साई धनशिका (35) अगस्त में शादी करने जा रहे हैं। दोनों एक्टर्स ने सोमवार को चेन्नई में ‘योगी दा’ प्रेस कॉन्फ्रेंस में अपने रिश्ते को ऑफीशियली अनाउंस किया और खुशखबरी शेयर की। फैन्स से बात करते हुए धनशिका ने कहा कि वे एक-दूसरे को 15 सालों से जानते हैं, लेकिन हाल ही में डेटिंग शुरू की है। धनशिका ने कहा कि एक समाचार रिपोर्ट के वायरल होने के बाद उन्हें अपने रिश्ते को ऑफीशियल करने के लिए मजबूर होना पड़ा। उन्होंने कहा, ‘हम प्रेस कॉन्फ्रेंस में अनाउंसमेंट नहीं करना चाहते थे। उन्होंने कहा, ‘विशाल और मैं 29 अगस्त को शादी करने की प्लानिंग कर रहे हैं। मैं विशाल को पिछले 15 सालों से जानती हूं. जब भी हम पहले मिले, उन्होंने मेरे साथ हमेशा बहुत ही अच्छा व्यवहार किया।जब मैं बहुत मुश्किल में थी, तो वे मेरे घर आए और मेरे लिए आवाज उठाई। कोई भी हीरो मेरे घर कभी नहीं आया।यह उनका बहुत प्यारा व्यवहार था। अपने रिश्ते के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा, ‘अभी हाल ही में हमने एक-दूसरे से बातचीत शुरू की है और हमें लगा कि यह किसी नतीजे पर पहुंच रहा है। आपसी सहमति से हम समझ गए कि हम शादी करना चाहते हैं। मैं बस यही चाहती हूं कि वह खुश रहें. मैं तुमसे प्यार करती हूं विशाल।’ विशाल ने खुशी-खुशी अपनी शादी की खबर मीडिया को दी और कहा, ‘मेरी शादी तय हो गई है। मेरी एक लड़की मिल गई है। धनशिका के पिता यहां हैं और उनके आशीर्वाद से, मैं उसे मिलवा रहा हूं। मैं बहुत खुश हूं, और मैं धनसिका से शादी करने जा रहा हूं।*

## ‘वॉर 2’ का टीजर रिलीज, ऋतिक-जूनियर एनटीआर के बीच जबरदस्त एक्शन

**मुंबई।** फैंस का इंतजार खत्म हुआ। ऋतिक रोशन और जूनियर एनटीआर की साल की सबसे बहुप्रतीक्षित फिल्म ‘वॉर 2’ का टीजर मंगलवार को रिलीज हो गया। टीजर में ऋतिक और जूनियर एनटीआर के बीच जबरदस्त एक्शन देखने को मिला है। अब टीजर आते ही सोशल मीडिया पर वायरल है। फैंस टीजर में अपने-अपने पसंदीदा कलाकार को देखकर तरह-तरह की प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं। ‘वॉर 2’ इसी साल 14 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। अयान मुखर्जी द्वारा निर्देशित ‘वॉर 2’ यशराज फिल्म्स के



स्पाई यूनिवर्स का हिस्सा है। इससे पहले ‘वार’ 2019 में रिलीज हुई थी, जिसमें ऋतिक के साथ टाइगर श्रॉफ नजर आए थे। जूनियर एनटीआर के फैंस जहां वॉर 2 को बॉलीवुड में डेब्यू के लिए उनकी परफेक्ट फिल्म बता रहे हैं। वहीं, ऋतिक फैंस उनकी झलक देखकर काफी उत्सुक हैं। वॉर 2 के टीजर को फैंस का मिला-जुला रिस्पॉन्स मिल रहा है। अधिकांश यूजर्स टीजर को मास एंटरटेनर और शानदार बता रहे हैं। कई फैंस इस फिल्म की शानदार ओपनिंग की बात कह रहे हैं। फैंस वॉर 2 के टीजर को बेस्ट बता रहे हैं।

टीवी मसाला



## एक बार फिर दर्शकों को रोमांचित करने आ रहा ‘शक्तिमान’

**नई दिल्ली।** लंबे समय से चर्चा है कि मुकेश खन्ना के टीवी सीरियल ‘शक्तिमान’ पर बॉलीवुड फिल्म बनेगी। हालांकि अभी इस फिल्म के बारे में ज्यादा जानकारी नहीं है। लेकिन, मुकेश खन्ना एक बार फिर 1990 की दहाई के सुपरहीरो ‘शक्तिमान’ के रूप में वापस आ रहे हैं। इस बार वह वीडियो फॉर्मेट में नहीं, बल्कि ऑडियो फॉर्मेट में आने वाले हैं। पॉकेट एफएम ‘शक्तिमान’ शो को एक नई मूल ऑडियो सीरीज के तहत दोबार पेश करने वाला है। इसमें मुकेश खन्ना एक बार फिर सुपरहीरो बन रहे हैं। इस बार वह आवाज के जरिए सुपरहीरो बनेंगे। पॉकेट एफएम ने इस ऑडियो सीरीज के बारे में इंस्टाग्राम पर जानकारी दी है। पोस्ट के कैप्शन में लिखा है ‘जिस लीजेंड पर आप पहले विश्वास करते थे, वह पहले कभी न देखे गए अवतार में वापस आ रहा है। जल्द ही शक्तिमान ऑडियो सीरीज आ रही है, सिर्फ पॉकेट एफएम पर।’ पाकेट एफएम ने इंस्टाग्राम पर जो पोस्ट शेयर की है उसमें एक वीडियो भी है। वीडियो में शक्तिमान के रूप में मुकेश खन्ना मुस्कुराते हुए नजर आ रहे हैं। वीडियो पर लिखा है ‘शक्तिमान ऑडियो सीरीज जल्द आ रही है। 20 सालों तक भारत ने अपने सुपरहीरो का इंतजार किया। 20 साल के अंधेरे के बाद वह फिर से जाग गया है। शक्तिमान ऑडियो सीरीज जल्द आ रही है।’ आपको बता दें ‘शक्तिमान’ एक सुपरहीरो टेलीविजन सीरीज थी। यह सितंबर 1997 से मार्च 2005 तक डीडी नेशनल पर प्रसारित हुआ। यह सीरीज काफी मशहूर थी। इसे बच्चों ने खूब पसंद किया। इस शो के बाद 2011 में ‘शक्तिमानः द एनिमेटेड सीरीज’ और 2013 में एक टेलीविजन फिल्म, ‘हमारा हीरो शक्तिमान’ आई।

### अमिताभ की वजह से सुपरस्टार को चुकानी पड़ी थी कीमत

## संजीव कुमार ने की रिजेक्ट, विनोद खन्ना के हाथ लगी ब्लॉकबस्टर


*नई दिल्ली। अमिताभ बच्चन- विनोद खन्ना की ब्लॉकबस्टर फिल्म, जो मशहूर पटकथा लेखक सलीम-जावेद की कलम से निकली थी, जो उस समय बॉलीवुड में हिट मशीन बन चुके थे। फिल्म में विनोद खन्ना ने इंस्पेक्टर विशाल का रोल निभाया था, लेकिन ये रोल पहले संजीव कुमार को ऑफर हुआ था। लेकिन, उन्होंने स्क्रिप्ट में ‘कम स्क्रीन टाइमट की वजह से इसे रिजेक्ट कर दिया था।*

### शूटिंग के वक्त हुआ था बड़ा हादसा

साल 1978 की उस ब्लॉकबस्टर फिल्म का नाम है ‘मुकद्दर का सिकंदर’। इस फिल्म ने रिलीज के समय तहलका मचा दिया था। फिल्म की टिकट तक मिलना मुश्किल हो गया था। लेकिन, इसकी शूटिंग के वक्त एक बड़ा हादसा हो गया था। इस फिल्म को भले ही दर्शक कभी नहीं भुला पाएंगे। लेकिन, मेकर्स भी इस फिल्म को कभी नहीं भुला पाएंगे। दरअसल, फिल्म की शूटिंग के वक्त बिग बी के हाथ से कुछ ऐसा हुआ कि बॉलीवुड के मोस्ट हैंडसम एक्टर की ठोड़ी पर छह टांके आए थे।

### विनोद खन्ना के चेहरे पर लगा ग्लास

बात साल 1978 में रिलीज हुई फिल्म ‘मुकद्दर का सिकंदर’ के उस सीन की है जिसमें अमिताभ बच्चन द्वारा फेंका गया कांच का गिलास विनोद खन्ना की ठोड़ी पर जा लगा, जिससे उन्हें गंभीर चोट आई और छह टांके लगाने पड़े। दरअसल, मुकद्दर का सिकंदर’ का एक इमोशनल सीन शूट करना था। अमिताभ बच्चन अपने किरदार में इस कदर डूब गए थे कि वह उन्होंने ग्लास इतनी तेज फेंका कि ये सीधा विनोद खन्ना के चेहरे पर जा लगा। सेट पर मौजूद सभी लोग तुरंत हरकत में आए और विनोद खन्ना को तुरंत नजदीकी अस्पताल ले जाया गया। जहां उनके छह टांके आए।




### गीत और डायलॉग किए गए थे पसंद

इस फिल्म की कहानी और गीत ही नहीं, इस फिल्म के डायलॉग भी काफी पसंद किए गए थे। जितनी शराब पी है, उसी में डूब मरो! विनोद खन्ना के इस डायलॉग पर सेट पर तालियां बजी थीं। यह सीन कई बार री-टेक हुआ, क्योंकि विनोद खन्ना बार-बार अपनी हंसी रोक नहीं पा रहे थे, जब अमिताभ बच्चन शराबी अदाओं में डगमगाते थे।

### जोहरा बाई के रोल में रेखा ने डाल दी थी जान

इस फिल्म में विनोद खन्ना ने विशाल आनंद की भूमिका निभाई थी। विनोद खन्ना ने इस फिल्म को तब हामी दी थी, जब अमिताभ बच्चन के बराबर फीस ऑफर हुई थी। फिल्म में रेखा का जोहरा बाई का रोल काफी छोटा था, लेकिन उन्होंने उसमें जान डाल दी, उनकी आंखों के इमोशन्स और ‘सलाम-ए-इश्क’ में उनकी . अदायगी ने दर्शकों को दीवाना बना दिया था। विनोद खन्ना और अमिताभ की इस फिल्म ने उस वक्त एक करोड़ के बजट में बनकर 2 करोड़ 69 लाख रुपए बिजने किया था।

मुख्यमंत्री ने मंत्रिमंडल के सदस्यों के साथ देवी अहिल्या की जीवन गाथा पर आधारित नाटक देखा

# नारी सशक्तिकरण, सांस्कृतिक राष्ट्रवाद और सुशासन की मिसाल हैं देवी अहिल्याः डॉ. यादव




हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल/इंदौर

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि देवी अहिल्या सांस्कृतिक राष्ट्रवाद, नारी सशक्तिकरण और सुशासन की एक मिसाल है। उनके द्वारा कुशल प्रशासक के रूप में कराए गए जन कल्याण के कार्य आज भी हमें समाज के हर वर्ग के कल्याण की प्रेरणा देते हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव इंदौर के लता मंगेशकर ऑडिटोरियम हाल में विश्व मांगल्य सभा द्वारा पुण्यश्लोका देवी अहिल्याबाई होल्कर की जन्म त्रिशताब्दी अवसर पर 'राष्ट्र समर्था देवी अहिल्या की पुण्य गाथा' नाटक के मंचन अवसर पर उपस्थित जन समुदाय को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मंत्रिमंडल के सदस्यों के साथ इस नाटक को देखा।

## पीएम मोदी भी होंगे इस कार्यक्रम में शामिल

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि देवी अहिल्या की 300वीं जन्म जयंती के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सम्पूर्ण देश में अहिल्या उत्सव मनाए जाने का मार्ग प्रशस्त किया है और वे स्वयं भी इस कार्यक्रम में शामिल होने भोपाल आने वाले हैं। देवी अहिल्या बाई की 300वीं जन्मजयंती के अवसर पर इंदौर के राजवाड़ा में प्रदेश की कैबिनेट बैठक का आयोजन किया गया है। कैबिनेट की इस बैठक में देवी अहिल्या बाई की दूरदृष्टि से प्रेरित होकर प्रदेश के विकास के लिए अच्छे निर्णय लिए जाएंगे।



## सीएम ने की विश्व मांगल्य सभा की सराहना



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने देवी अहिल्या बाई के जीवन के विविध पहलुओं को एक नाटक के माध्यम से प्रस्तुत करने के लिए विश्व मांगल्य सभा की सराहना करते हुए कहा कि यह नाटक जन सामान्य को देवी अहिल्या बाई के कार्यों और सुशासन से परिचित कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उनके द्वारा महेश्वर में इस नाटक का कुछ भाग ही देखा गया था। लेकिन आज इंदौर में पूरा नाटक कैबिनेट के सभी सदस्यों के साथ देखने का अवसर मिला है।





## सीएम का पगड़ी पहनाकर किया स्वागत

कार्यक्रम के प्रारंभ में मुख्यमंत्री डॉ. यादव सहित कैबिनेट के मंत्रिगणों का मालवी पगड़ी पहनाकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री द्वय राजेन्द्र शुक्ल और जगदीश देवड़ा, मंत्री प्रहलाद पटेल, कैलाश विजयवर्गीय, राकेश सिंह, तुलसीराम सिलावट, मुख्य सचिव अनुराग जैन, संभागायुक्त दीपक सिंह, सांसद शंकर लालवानी, महापौर पुष्यमित्र भार्गव, विधायक मालिनी गौड़, मधु वर्मा, गोलू शुक्ला, सुमित मिश्रा एवं अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।



## चिंतन शिविर में रहा संगठन मजबूत करने पर जोर




हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अपना दल (एस) मध्य प्रदेश का चिंतन शिविर बीते रविवार आयोजित हुआ। इस महत्वपूर्ण आयोजन में संगठन की मजबूती, आगामी गतिविधियों और सदस्यता अभियान को गति प्रदान करने हेतु रणनीतिक चर्चाएं हुईं। शिविर में प्रदेश प्रभारी व राष्ट्रीय महासचिव आर. बी. सिंह पटेल और राष्ट्रीय महासचिव युवा मंच डॉ. अखिलेश पटेल मुख्य रूप से शामिल रहे। चिंतन शिविर में मध्य प्रदेश में संगठन को जमीनी स्तर पर सशक्त करने, सदस्यता अभियान को गति देने और पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने पर विशेष जोर दिया गया। यह शिविर न केवल रणनीति निर्माण का मंच रहा, बल्कि कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणा और दिशा-निर्देश प्राप्त करने का अवसर भी साबित हुआ।

इस मौके पर प्रदेश प्रभारी व राष्ट्रीय महासचिव, आर. बी. सिंह पटेल ने कहा, मध्य प्रदेश में अपना दल (एस) की जड़ें मजबूत करना हमारी प्राथमिकता है। यह चिंतन शिविर न केवल संगठन को नई दिशा देगा, बल्कि कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा और उत्साह का संचार भी करेगा। हम यहां बदलाव लाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। राष्ट्रीय महासचिव युवा मंच डॉ. अखिलेश पटेल ने युवाओं की भूमिका पर बल देते हुए कहा, युवा मंच गांव-गांव घर-घर तक पार्टी की नीतियों को पहुंचाने और सामाजिक बदलाव के लिए संकल्पबद्ध है, साथ ही पार्टी के मुद्दों को प्राथमिकता से गति देने के लिए संकल्पित हैं।

### नई तकनीकों के उपयोग को लेकर हुई विशेष चर्चा

## लोनिवि मंत्री, भास्कराचार्य संस्थान प्रमुख के बीच उच्च स्तरीय बैठक हुई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह एवं भास्कराचार्य राष्ट्रीय अंतरिक्ष अनुप्रयोग संस्थान के महा निदेशक टीपी सिंह के बीच सोमवार को मंत्री निवास कार्यालय पर नई तकनीकों के उपयोग को लेकर एक उच्च स्तरीय बैठक हुई। बैठक में मप्र सड़क विकास निगम के एमडी भरत यादव, भवन विकास निगम के एमडी सिबी चक्रवर्ती, लोनिवि प्रमुख अभियंता केपीएस राणा एवं एसआर बघेल उपस्थित थे। बैठक में प्रधानमंत्री गति शक्ति प्लेटफार्म के तहत विकसित किए जा रहे विशेष जीआईएस पोर्टल और सर्वेक्षण मोबाइल ऐप की जानकारी दी गई। बैठक में रोड ऐसेट मैनेजमेंट सिस्टम, ग्रीनफील्ड सड़कों की योजना, राज्य का रोड नेटवर्क मास्टर प्लान, रोड सेक्टर पॉलिसी और इंजीनियरों के प्रशिक्षण जैसे अहम बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। सिंह ने प्रदेश के इंजीनियरों को जीआईएस पोर्टल पर प्रशिक्षण देने की सहमति दी और आईटी संबंधी तकनीकी जरूरतों में सहयोग का आश्वासन भी दिया।

### सॉफ्टवेयर निर्मित किया जाना चाहिए

लोक निर्माण विभाग के लोकपथ मोबाइल ऐप एवं लोक कल्याण सरोवर योजना की प्रशंसा करते हुए टीपी सिंह ने सुझाव दिया कि विभाग के सभी नवाचारों के समयबद्ध क्रियान्वयन के लिये एक विस्तृत सॉफ्टवेयर सिस्टम निर्मित किया जाना चाहिए। लोक कल्याण सरोवर के निर्माण के लिए उपयुक्त स्थल का चयन गति शक्ति पोर्टल के माध्यम से किया जा सकता है। इससे अधिकतम भूजल पुनर्भरण सुनिश्चित किया जा सकेगा। उन्होंने यह भी कहा कि प्रत्येक माह 5 और 20 तारीख को किए जाने वाले औचक निरीक्षणों के लिए निर्माण कार्यों के रेंडम चयन व्यवस्था को जीआईएस पोर्टल के सहयोग से और भी बेहतर बनाया जा सकता है।

## किसानों ने कृषि मंत्री कंसाना को ज्ञापन सौंप कर बीज निगम के अधिकारी की शिकायत की

**भोपाल।** हरदा जिले सैकड़ों की संख्या में किसान कृषि मंत्री ऐदल सिंह कंसाना के बंगले पहुंचे। जहां एक ज्ञापन सौंपते हुए बीज निगम हरदा द्वारा कम उर्पाजन देने की बात कही। किसानों का कहना था कि ग्रीष्म वर्ष 2023-2024 में मूंग बीज का उर्पाजन बीज निगम केन्द्र हरदा पर किया गया है। बीज निगम द्वारा केवल 7500/- प्रति क्विंटल पर उर्पाजन घोषित किया गया है, जबकि अन्य सहकारी संस्था राष्ट्रीय बीज निगम द्वारा कृषकों को राशि 9800/- क्विंटल का उर्पाजन दर घोषित किया गया है। ̀। उपरोक्त समस्याओं के संबंध में बीज निगम से कृषि विभाग के समस्त अधिकारियों से चर्चा हो चुकी है, लेकिन अभी तक तक कोई ठोस कार्यवाही नही हो सकी है।

## कांग्रेस विधायक अभय मिश्रा ने स्थानांतरण नीति पर उठाए सवाल

**भोपाल।** सेमरिया विधानसभा क्षेत्र के विधायक अभय मिश्रा ने मध्य प्रदेश की भाजपा सरकार पर स्थानांतरण नीति में पक्षपात, भेदभाव और तानाशाही रवैया अपनाने का गंभीर आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि सरकार न केवल लोकतांत्रिक मूल्यों का हनन कर रही है, बल्कि संवैधानिक प्रावधानों और जनप्रतिनिधियों की गरिमा को भी ठेस पहुंचा रही है। साथ ही कहा कि रीवा में हाल ही में आयोजित स्थानांतरण नीति की बैठक की जानकारी उन्हें जानबूझकर नहीं दी गई, जबकि अन्य विधायकों और सांसदों को इसमें शामिल होने के लिए आमंत्रित किया गया। उन्होंने इसे एक सुनियोजित साजिश करार देते हुए कहा, यह उपेक्षा केवल मेरी नहीं, बल्कि सेमरिया की जनता का अपमान है। विधायक जनता का प्रतिनिधि होता है, न कि किसी राजनीतिक दल का गुलाम। इस प्रकार की तानाशाही रवैया लोकतंत्र के लिए खतरा है वहीं मिश्रा ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार की स्थानांतरण नीति पूरी तरह से जाति, वोट बैंक और आर्थिक लेन-देन पर आधारित है।

▶ पक्षपात , भेदभाव और तानाशाही रवैया का लगाया आरोप

### सुप्रीम कोर्ट का फैसला संविधान और कानून सर्वोपरि

## राष्ट्र सेवा में लगीं बेटियों का अपमान बर्दाश्त नहीं, इसे विस तक ले जाएंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



मंत्री विजय शाह को लेकर सुप्रीम कोर्ट द्वारा की गई सख्त टिप्पणी को लेकर कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने फैसले को संविधान और कानून सर्वोपरि बताया। वहीं इस मुद्दे पर भाजपा सरकार से शाह के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए कहा कि कर्नल सोफिया कुरैशी इस देश की बेटी हैं, भारतीय सेना का गौरव हैं। ऐसे में, मध्य प्रदेश सरकार के एक मंत्री द्वारा उनके चरित्र और धर्म पर आधारित अपमानजनक टिप्पणी न केवल उनकी व्यक्तिगत गरिमा पर हमला है, बल्कि यह भारतीय सेना, देश की एकता, और संवैधानिक मूल्यों का अपमान है। भाजपा को समझना होगा कि यह देश तानाशाही तरीकों को कभी स्वीकार नहीं करेगा। यह केवल कर्नल सोफिया कुरैशी का मामला नहीं है, बल्कि यह हमारे देश के सम्मान और एकता का सवाल है।भाजपा इस मामले पर सार्वजनिक रूप से माफी मांगे और स्पष्ट करे कि क्या विजय शाह का बयान उनकी पार्टी की सोच को दशार्ता है।पटवारी ने आगे कहा, हम इस मुद्दे को विधानसभा तक ले जाएंगे। हम जनता के बीच जाएंगे और इस मामले को हर गांव, हर शहर तक पहुंचाएंगे। भाजपा को जवाब देना होगा कि वह सेना का सम्मान करती है या अपने नेताओं के अहंकार को।

### सुप्रीम कोर्ट ने शाह के बयान को अयोग्य माना , मगर भाजपा अब भी इसे योग्य मानती है



मंत्री विजय शाह को सुप्रीम कोर्ट ने विवादित बयान देने के मामले में फटकार लगाई है। इस मामले पर मप्र विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने भी सरकार को घेरते हुए कहा कि मैं सुप्रीम कोर्ट के निर्णय का स्वागत करता हूं। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने भी शाह के बयान को 'अयोग्य' मानकर अपना फैसला सुनाया, मगर भाजपा अब भी इसे 'योग्य' मानती है और तभी अब तक मौन है। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि पूरा देश इस बयान की निंदा कर रहा है मगर भाजपा फिर भी कोई कार्रवाई नहीं कर रही। उन्होने कहा कि कोर्ट जाग गया, लेकिन सरकार नहीं जागी। दिल्ली और मप्र की सरकार को लगता है कि ये कृत्य योग्य है। अगर भाजपा सुप्रीम कोर्ट के फैसले को मानती है तो तुरंत इस्तीफा होना चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि मंत्री पद से विजय शाह जब तक इस्तीफा नहीं देते, तब तक आंदोलन जारी रहेगा।

### बीपीएमएस का 27वां निःशुल्क नेत्र जांच एवं चिकित्सा शिविर आज

## चेतन बोले, अधिकतम जरूरतमंदों को स्वास्थ्य लाभ पहुंचना ही लक्ष्य

**नई दिल्ली।** गरीबों, बीमारों, जरूरतमंदों की सेवा के लिए हमेशा तत्पर रहने वाली उत्तर भारत की प्रमुख सामाजिक संस्था भिवानी परिवार मैत्री संघ अपने मिशन को आगे बढ़ाने के लिए फिर तैयार है। 21 मई को संस्था की ओर से 27वां निःशुल्क नेत्र एवं चिकित्सा शिविर लगाया जाएगा। स्वर्गीय लाली देवी एवं मामराज कोकड़ा की पुण्य स्मृति में कोकड़ा परिवार द्वारा यह आयोजन स्थानीय श्रीकृष्ण प्रणामी मंदिर में सुबह नौ बजे से दोपहर एक बजे तक कराया जाएगा।भिवानी परिवार मैत्री संघ (बीपीएमएस) के अध्यक्ष और अंतरराष्ट्रीय कवि राजेश चेतन ने बताया कि शिविर में मरीजों की नेत्र जांच के बाद चिकित्सकों के परामर्श पर लेंस प्रत्यारोपण संस्था की ओर से बिल्कुल निःशुल्क करवाया जाएगा। यहीं नहीं, नेत्र आपरेशन के लिए मरीजों को भिवानी से गुरुग्राम अस्पताल तक ले जाने और वापस लाने का खर्च भी बीपीएमएस की ओर से वहन किया जाएगा। 15 दिन की दवा एवं चश्मे भी फ्री दिए जाएंगे। राजेश चेतन ने बताया कि शिविर में नाक, कान, गला (ईएनटी), बीपी, शुगर टेस्ट व ईसीजी फ्री करवाए जाएंगे। उन्होंने बताया कि मेडिकल जांच राजीव गांधी कैंसर अस्पताल के वरिष्ठ चिकित्सक करेंगे और अरुणोदया डेसेरेट आई हास्पिटल(एडीईएच), गुरुग्राम के दक्ष डाक्टर नेत्र जांच व आपरेशन करेंगे। कैंसर डिटेक्ट करने के लिए आशंकित मरीजों की निःशुल्क स्क्रीनिंग भी करवाई जाएगी।



मरीजों की नेत्र जांच के बाद चिकित्सकों के परामर्श पर लेंस प्रत्यारोपण निःशुल्क होगा

### रामनगर मुख्य मार्ग की घटना, पत्नी ने थाने में कराया केस दर्ज

## चलती गाड़ी से पति ने पत्नी और मासूम बच्चे को गिराया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोरबा

पति ने पत्नी और मासूम बच्चे को चलती गाड़ी से जानबूझकर गिरा दिया जिसमें दोनों घायल हो गए। यह घटना रामनगर मुख्य मार्ग पर हुई। पीड़िता अनुराधा बघेल ने आरोप लगाया है कि उसके पति कुलदीप बघेल का दूसरी युवती के साथ अवैध संबंध है।

बताया जा रहा है कि अनुराधा और कुलदीप दोनों बिलासपुर के रहने वाले है पढ़ाई के दौरान दोनों की दोस्ती हुई फिर दोस्ती प्यार में बदली और बाद शादी तक जा पहुंची। पांच साल पहले लव मैरिज किया। कुलदीप शादी के बाद अपनी पत्नी को बिलासपुर में ही छोड़ दिया और कोरबा में एक निजी बैंक में लोन दिलाने का काम करता है। जहां गांव बीच-बीच में आना जाना करता है रामनगर में किराए के मकान पर कुलदीप रहता है। दोनों की शादी के बाद दो लड़की है। अनुराधा का आरोप है कि कुलदीप, सास और ससुर उसे दो बेटियों के जन्म के बाद से प्रताड़ित करते हैं। सास और ससुर ने उसे घर से निकाल दिया था, जिसके बाद कुलदीप उसे कोरबा ले आया था। शादी के बाद वह पहली बार कोरबा आई थी जहां मानिकपुर चौकी क्षेत्र अंतर्गत रामनगर मुख्य मार्ग पर तेज रफ्तार बाइक चलाते हुए उससे लड़ने लगा कि अब तुझे मैं नहीं रखूंगा तू जान और तेरा काम जाने। यह कहते हुए गाड़ी को ब्रेक मारा जहां पत्नी और मासूम बच्ची नीचे गिर गई। दोनों को चोंटे आई हैं मासूम के चेहरे और हाथ पर चोट लगे हैं वहीं अनुराधा के हाथ और सिर पर चोंटे आई हैं।



### पीएचई के सब इंजीनियर को सीएम ने लगाई फटकार

## काम करो वरना सस्पेंशन के लिए तैयार रहोः सीएम साय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गौरेला-पेंड्रा-मरवाही

छत्तीसगढ़ सरकार के सुशासन तिहार का तीसरा चरण जारी है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सोमवार को हेलीकॉप्टर से जीपीएम (गौरेला-पेंड्रा-मरवाही) जिले के चुकतीपानी गांव पहुंचे। यहां सीएम साय ने चौपाल लगाकर ग्रामीणों से सीधा संवाद किया और सरकारी योजनाओं का फीडबैक लिया।

सीएम साय ने चौपाल लगाकर ग्रामीणों से सीधा संवाद किया और सरकारी योजनाओं का का फीडबैक लिया



ग्रामीणों ने गांव में पेयजल व्यवस्था की समस्या की शिकायत सीएम साय से की। इस पर मुख्यमंत्री ने चौपाल के बीच जल जीवन मिशन के काम में लापरवाही से नाराज होकर पीएचई के सब इंजीनियर को जमकर फटकार लगाई। उन्होंने कहा कि काम करो या फिर सस्पेंड होने के लिए तैयार रहो। सीएम साय के चुकतीपानी गांव में आगमन पर ग्रामीणों ने उनका पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया।

आदिवासी बाहुल्य गांव, चुकतीपानी में सीएम साय ने चौपाल लगाई और ग्रामीणों से सरकार के विभिन्न योजनाओं का फीडबैक लिया। सीएम ने बताया कि पेयजल समस्या के निराकरण के लिए निर्देशित किए हैं, इसके अलावा अन्य परेशानियों को देखते हुए दो महत्वपूर्ण घोषणाएं की गई है।

## कैंसर पर 'स्ट्राइक' के लिए उमड़ पड़े मददगार

**नई दिल्ली।** भिवानी परिवार मैत्री संघ के कैंसर केयर ग्रुप द्वारा रोहिणी में आयोजित विशेष कार्यक्रम 'कैंसर के योद्धा' में कैंसर पर 'स्ट्राइक' और जरूरतमंद कैंसर रोगियों के लिए दानवीर इस तरह उमड़े कि मिसाल बन गए। हर जरूरतमंद मरीज आर्थिक मदद देने के लिए कैंसर केयर ग्रुप ने जैसे ही अपील की, देखते ही देखते गरीब मरीजों के मददगारों का तांता लग गया। सौ से अधिक मरीजों की सहायता करने वाली 'मददगार सेना' खड़ी हो गई। एक उद्योगपति ने अकेले ही 50 मरीजों की मदद की घोषणा की। इस घोषणा पर बहुत देर तक जोरदार तालियां बजती रहीं।उल्लेखनीय है कि कैंसर के हर जरूरतमंद मरीज को बीपीएमएस के कैंसर केयर ग्रुप की ओर से 50 हजार रुपये की नकद सहायता अस्पताल के माध्यम से दी जाती है। 'कैंसर के योद्धा' कार्यक्रम के दौरान कैंसर केयर ग्रुप की ओर से 14500 रुपये के प्रिवेंटिव चेकअप कूपन भी निःशुल्क वितरित किए गए।बीमारी से डरना नहीं, उसे मार भगाना है कैंसर केयर ग्रुप की सचिव मीनाक्षी गर्ग ने बताया कि राजीव गांधी कैंसर रिसर्च इंस्टीट्यूट के अनुभवी चिकित्सकों ने कार्यक्रम में अपनी प्रेजेंटेशन और संबोधन से कैंसर के इलाज व बीमारी बचाव के लिए अनेक अहम उपाय बताए। बीमारी से डरना नहीं, उसे मार भगाना है। मरीज और उनके परिजन 'पैनिक' न हों। चिकित्सकों का यह संदेश भी था-'आलवेज थिंक पाजिटिव, बी पाजिटिव'।



■ बीपीएमएस के कैंसर केयर ग्रुप की ओर से 50000 की मिलती है मदद

## चिंतन

# कोरोना वायरस को हराने के लिए रहना होगा सतर्क

कोरोना की फिर से वापसी की आहट सुनाई देने लगी है। यह आशंका सताने लगी है कि क्या यह फिर से अपने पांव फैला सकता है। दिसंबर 2019 में चीन के वुहान से रहस्यमय तरीके से फैले इस वायरस ने कुछ ही महीनों में दुनिया के अनेक देशों को अपनी चपेट में ले लिया था और मार्च 2020 में विश्व स्वस्थ्य संगठन ने इसे वैश्विक महामारी घोषित कर दिया। महज तीन साल के समय में वायरस की कई लहरों ने दुनियाभर में 70 लाख से अधिक लोगों को अपनी चपेट में ले लिया। नवंबर 2023 में कोरोना वायरस की अंतिम लहर देखी गई थी, लेकिन बीते कुछ दिनों के दौरान एक बार फिर कोरोना की आहट सुनाई देने लगी है। एशिया के सिंगापुर, हॉन्गकॉन्ग, चीन और थाईलैंड में कोरोना वायरस के मामले बढ़ रहे हैं। सिंगापुर में एक मई से 19 मई के बीच 3000 मरीज सामने आए हैं। अप्रैल के आखिरी हफ्ते तक ये संख्या 11,100 थी। यहां मामलों में 28 फीसदी का इजाफा हुआ है। हॉन्गकॉन्ग में जनवरी से अब तक 81 मामले सामने आए हैं। इनमें से 30 की मौत हो चुकी है। चीन और थाईलैंड में भी अलर्ट जारी किया गया है। हालांकि, यहां मरीजों की संख्या के बारे में कोई जानकारी नहीं दी गई है। मुंबई के केईएम अस्पताल में सोमवार को 2 कोविड पॉजिटिव मरीजों की मौत हुई है। हालांकि डॉक्टरों का कहना है कि इनकी मौत कोविड से नहीं, बल्कि पुरानी बीमारियों की वजह से हुई है। एक मरीज को मुंह का कैंसर था और दूसरे को किडनी से जुड़ी बीमारी नेफ्रोटिक सिंड्रोम थी। इसके अलावा भी अलग-अलग राज्यों में मरीजों की संख्या में इजाफा हो रहा है। इस लिस्ट में सबसे पहले नंबर पर केरल का नाम है। केरल में इस वक्त कोविड-19 के सबसे ज्यादा मरीज हैं। प्रदेश में इस वक्त कोरोना के 69 मामले एक्टिव हैं। दूसरे नंबर पर महाराष्ट्र है, जहां 44 मामले हैं। इसके अलावा तमिलनाडु में 34, कर्नाटक में 8, गुजरात में 6 और दिल्ली में करीब 3 मामले सामने आए हैं। हरियाणा, राजस्थान और सिक्किम में भी एक-एक मामले हैं। एशिया में कोरोना के मामले बढ़ने की वजह वायरस का नया वैरिएंट बताया जा है। इस बार संक्रमण के लिए ओमिक्रॉन के नए वैरिएंट जेएन 1 और उसके सब-वैरिएंट्स एलएफ7 और एनबी1.8 को जिम्मेदार माना जा रहा है। वैसे अब तक ऐसा कोई सबूत नहीं मिला है जिससे यह लगे कि ये नए वैरिएंट पहले से ज्यादा खतरनाक या तेजी से फैलने वाले हैं। इसके बावजूद सरकार ने स्वास्थ्य अमले को सक्रिय कर दिया है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों के साथ लगातार बैठकें हो रही हैं और सरकार अलर्ट मोड पर है। डर है कि यह लहर कमजोर इम्यूनिटी वाले लोगों पर अपना असर दिखा सकती है। इसके चलते देशभर में सुरक्षा के उपाए किए जा रहे हैं। सरकार तो अपने स्तर पर हर संभव प्रयास कर रही है। हमें और आपको भी कोरोना के नए वायरस को लेकर सतर्क रहने की जरूरत है। जैसे हमने पहले कोरोना को हराया है, इस बार फिर उसे हराना है। इसके लिए सावधानियां बरतना बहुत जरूरी है। अगर आपको सूखी खांसी, नाक बहना या बंद होने, सिरदर्द, गले में खराश, बुखार और थकावट होने, स्वाद या गंध का महसूस न होने के साथ पाचन की दिक्कत हो रही है तो तुरंत खुद को दूसरों से अलग कर लें। घर से बाहर न निकलें। तुरंत चिकित्सक से संपर्क करें। भीड़-भाड़ वाले क्षेत्रों में न जाएं। बार-बार हाथ धोते रहें और हाथ मिलाने से पहरेज करें। बस ऐसे ही कुछ उपायों से हम कोरोना को सहजता से पराजित कर सकते हैं। डरें नहीं, सतर्क रहें।



आतंक विरोधी दिवस

अखिलेश आर्येन्दु

# आतंकवाद को नेस्तनाबूद करना जरूरी

चार दशकों से भारत में कई खूंखार आतंकवादी संगठन सक्रिय हुए हैं। 11 राज्यों में दशकों से वामपंथी नक्सलवाद हिंसक गतिविधियां चलाता रहा है जिसमें हजारों लोग और पुलिस बल (सेना के जवान भी) इसके शिकार हुए हैं। जम्मू-कश्मीर में पाकिस्तान द्वारा पोषित आतंकवादियों की घुसपैठ पूरी तरह खत्म नहीं हुई। दुनिया में आतंकवाद जिस तेजी से बढ़ा है, ऐसे में भारत के सामने आतंकवाद खत्म करने की बहुत बड़ी चुनौती है। इस चुनौती को दुनिया के उन सभी देशों को स्वीकार करने की जरूरत है जो आतंकवाद के खतरे से कई तरह से पीड़ित हैं। देखना यह होगा कि भारत के सामने आतंकवाद की आई चुनौती में दुनिया के कौन-कौन से देश खुलकर साथ देते हैं।

दुनिया में सबसे विकट, गंभीर और बर्बरता का पर्याय आतंकवाद वर्षों से मानवता का विध्वंसक बना हुआ है। इससे महज जान-माल का खतरा ही नहीं पैदा हुआ है बल्कि इंसानियत की हत्या आतंकवाद के जरिए हो रही है। आर्थिक, सामाजिक, राजनीतिक और मनोवैज्ञानिक स्तर पर इससे अत्यंत गम्भीर समस्याएं पैदा हुई हैं। अमेरिका, अफ्रीका, रूस, फ्रांस, जर्मन, जापान जैसे विकसित देश इसकी बर्बर हिंसक गतिविधियों से पीड़ित तो हैं ही, एशिया के तकरीबन सभी मुल्क जिसमें भारत सबसे ज्यादा आंतरिक और विदेशी (बाह्य) दोनों से गम्भीर रूप से पीड़ित है। भारत में आतंकवाद के कई कारण और रूप हैं, जिसमें राजनीतिक कारण सबसे अहम है, जिसमें अलगाववादी आंदोलन, जातीय संघर्ष, सीमावर्ती क्षेत्रों में तनाव और पड़ोसी देश द्वारा सीमा से आतंकवादियों की घुसपैठ कराकर आतंकवाद फैलाना शामिल है। धर्म या मजहब के नाम पर भी कट्टरपंथी सोच और हिंसा भी आतंकवाद का महत्वपूर्ण कारण है। वैचारिक मतभेद, हिंसा द्वारा विचारधारा को फैलाने के हथियार के रूप में इसका इस्तेमाल आम है। सामाजिक-आर्थिक असमानता भी आतंकवाद की एक वजह रही है जैसे वामपंथी नक्सलवाद का जन्म, जो बाद में हथियारबंद तथाकथित आंदोलन बन गया।

पिछले चार दशकों से भारत में कई खूंखार आतंकवादी संगठन सक्रिय हुए हैं। ग्यारह राज्यों में दशकों से वामपंथी नक्सलवाद हिंसक गतिविधियां चलाता रहा है जिसमें हजारों लोग और पुलिस बल (सेना के जवान भी) इसके शिकार हुए हैं। सामाजिक विभाजन को बढ़ावा देने वाले और धर्म व मजहब के नाम पर हिंसा करने वाले, अपनी बात जबरन मनवाने वाले संगठन भारत में अराजकता फैलाने का काम करते रहे हैं। कुछ राज्यों में आतंकवाद की वजह से उद्योग, पर्यटन और दूसरे तमाम क्षेत्रों में रोजगार में कमी आई है। इससे शासन और सरकार की स्थिरता पर गहरा असर रहा है। साथ में, देशभर में अराकता का माहौल पैदा करने की इनकी कोशिश जगजाहिर है। यह देशों के बीच संघर्ष और तनाव पैदा करने का काम भी करता है। भारत में 2014 के पहले पाकिस्तान, बांग्लादेश, नेपाल की सीमा से आतंकवादी घुसपैठ करते थे और बहुत बड़े पैमाने पर भारत में तकरीबन सभी राज्यों में बम विस्फोट और हिंसा की बर्बर घटनाएं आए दिन होती थीं, जिससे बड़ी तादाद में जान-माल का नुकसान होता था। कहना न होगा कि भाजपा के सत्ता में आने के बाद कानून व्यवस्था हर तरह से चाक-चौबंद की गई और आतंकवादी घटनाओं पर कुछ ही महीने में काबू पा लिया गया। लेकिन जम्मू-कश्मीर में पाकिस्तान द्वारा पोषित आतंकवादियों की घुसपैठ पूरी तरह खत्म नहीं हुई। इसी दौरान धारा 370 खत्म की गई और जम्मू-कश्मीर को पुनर्गठित कर तीन राज्यों कश्मीर, जम्मू और लद्दाख में विभाजित कर इन्हें केंद्र शासित घोषित कर दिया गया। केंद्र सरकार के पिछले दस वर्ष आजादी के इतिहास में कई विकट समस्याओं के समाधान वाले रहे हैं। यह सरकार की नीतियों में अमूलचूल बदलाव से संभव हुआ। विदेश नीति के मामले निर्गुट नीति की जगह 'सर्वगुट' नीति को अपनाया गया। गौरतलब है कि 1947 से 2013 तक भारत की विदेश नीति निर्गुट, समझौतावादी और हिंसा



का जवाब अहिंसा से देने की रही है। यही वजह है कि पिछले चार दशकों से अधिक समय से पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद और घुसपैठ की घटनाएं भारत में लगातार जारी रहीं। पानी की तरह पैसा बहाकर भी धारा 370 के लागू रहने की वजह से केंद्र का यहां सीमित हस्तक्षेप था, जिसकी वजह से आतंकवाद लगातार फलता-फूलता रहा। जाहिर तौर पर पिछले कई दशकों से आतंकवाद अंतरराष्ट्रीय शांति और सुरक्षा के लिए एक बड़ा खतरा बन गया है। यूं तो भारत में आतंकवादी गतिविधियां 50 के दशक में ही बड़े पैमाने पर चालू हो गई थीं। विश्वभर में वामपंथ के उत्थान के बाद आतंकवादी गतिविधियां दुनिया के तमाम मुल्कों में देखी जाने लगी थीं, जिसके जद में यूरोप, अमेरिका, जापान, जर्मनी और भारत जैसे अनेक देश आए, लेकिन भारत में आतंकवाद सबसे ज्यादा गंभीर, मुखर और बर्बर गतिविधियों का एक विस्तृत स्वरूप में जारी रहा है। इसलिए 1967 में गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम बनाया गया। इस अधिनियम को संशोधित किया गया है जिसमें संघीय सरकार को संगठनों और व्यक्तियों को 'आतंकवादी के रूप में नामित करने की शक्ति मिली है। इसके अलावा राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम, 1980 (एनएसए)। यह अधिनियम अत्यंत कारगर है जिसमें अधिनियम अधिकारियों को आतंकवादियों से ताल्लुक रखने वाले गुटों के सदस्यों को बिना किसी प्रदर्शन के घोषित अवधि के लिए हिरासत में रखने की अनुमति देता है। फिर पोटा कानून बनाया गया लेकिन 2002 में यह अधिनियम निरस्त कर दिया गया।

आतंकवादी और विघटनकारी गतिविधियों (रोकथाम) अधिनियम (टाडा) 1985 में लागू किया गया, जिसे 1995 में निरस्त कर दिया गया था। इसके अलावा भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) के विभिन्न प्रावधानों का इस्तेमाल किया जाता है। आंतकवादी गतिविधियों को रोकने में आर्म्स एक्ट लागू है जो आतंकवादी गतिविधियों में इस्तेमाल होने वाले हथियारों के संबंध में लागू किया गया है। इसी क्रम में विस्फोटक अधिनियम कानून भी लागू है जो विस्फोटक चीजों के इस्तेमाल से संबंधित मामलों से ताल्लुक रखता है। आज दुनिया में आतंकवाद एक ऐसी बर्बर मानवता विरोधी और सहिष्णुता विरोधी कवायद बन गया है जिससे डर, दहशत और खौफ पैदा होना आम बात है। भारत में नक्सलवाद भी आतंकवाद जैसा रहा, लेकिन अब नक्सलवाद की जड़ें तकरीबन सूख गई हैं जिससे आतंरिक आतंकवादी कवायदों पर लगाम लगी है। पूर्वोत्तर भारत में तमाम राजनीतिक, जातीय व सामाजिक संगठनों के जरिए भी हिंसक गतिविधियां लगातार चलती आई हैं। ये आतंकवादी गतिविधियां जैसी ही हैं। भारत में आतंकवाद का सबसे खतरनाक खेल पाकिस्तान पोषित आतंकवाद की वजह से है। एक पड़ोसी देश द्वारा आतंक, हिंसा और खौफ पैदा करना अंतरराष्ट्रीय कानून के मुताबिक भी अपराध है। यह अपराध पाकिस्तान बार-बार कभी लुके-छिपे तो कभी खुलेआम करता रहता है। लेकिन अब भारत की विदेश नीति बदल चुकी है-'पहले छेड़ेंगे नहीं, छेड़ा तो छोड़ेंगे नहीं, के तहत पड़ोसी मुल्क को उसकी करतूतों की सजा देने के लिए पिछले दिनों सिन्दूर ऑपरेशन कर पाकिस्तान स्थित 9 आतंकवादी प्रशिक्षण शिविरों को नष्ट कर दिया गया। भारत का दृढ़संकल्प है कि आतंकवाद को जड़ से खत्म कर दिया जाएगा। दुनिया में आतंकवाद जिस तेजी से बढ़ा है, ऐसे में भारत के सामने आतंकवाद खत्म करने की बहुत बड़ी चुनौती है। इस चुनौती को दुनिया के उन सभी देशों को स्वीकार करने की जरूरत है जो आतंकवाद के खतरे से कई तरह से पीड़ित हैं। देखना यह होगा कि भारत के सामने आतंकवाद की आई चुनौती में दुनिया के कौन-कौन से देश खुलकर साथ देते हैं।

(लेखक पत्रकार, चिंतक और समाजसेवी हैं, ये उनके अपने विचार हैं।

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

## सामरिक चुनौती

डॉ. एल.एस. यादव




# रक्षा बजट को बढ़ाना होगा

ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत की रक्षा तैयारियां बढ़ाने की आवश्यकता महसूस की जाने लगी है। भारत का रक्षा तंत्र भी इसको समझ चुका है, इसीलिए रक्षा मंत्रालय ने सरकार को 50000 करोड़ रुपये का रक्षा फंड बढ़ाने का प्रस्ताव दिया है। उम्मीद की जा रही है कि भारत की केन्द्र सरकार रक्षा बजट में बढ़ोत्तरी कर सकती है क्योंकि यह समय की जरूरत भी है। यदि यह प्रस्ताव मान लिया जाता है तो भारत का कुल रक्षा बजट सात लाख करोड़ रुपये से ज्यादा हो जाएगा। उल्लेखनीय है कि एक फरवरी 2025 को पेश किए गए बजट में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने रक्षा क्षेत्र के लिए 6.81 लाख करोड़ रुपये आवंटित किए थे। नई बढ़ोत्तरी होने से यह धनराशि 7.31 लाख करोड़ रुपये हो जाएगी। निश्चित है कि इस राशि को खर्च करके रक्षा तैयारियों को मजबूती प्रदान की जा सकेगी। वित्त वर्ष 2025-26 के लिए आवंटित 6.81 लाख करोड़ रुपये की तुलना में 2024-25 में सशस्त्र बलों के लिए 6.22 लाख करोड़ रुपये दिए गए थे। इस हिसाब से रक्षा बजट में इस साल के लिए 9.5 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी की गई थी क्योंकि भारत के दो रक्षा मोर्चों पर चुनौतियां ज्यादा बढ़ गई थीं। ऑपरेशन सिंदूर के बाद यह अनुभव हुआ कि रक्षा चुनौतियां और ज्यादा बढ़ गई हैं जिनसे निपटने के लिए अब और अधिक रक्षा संसाधनों की जरुरत है। इसीलिए रक्षा बजट में 50000 करोड़ रुपये की बढ़ोत्तरी किया जाना अत्यंत आवश्यक हो गया है। यदि इसे मान लिया जाता है तो इससे अत्याधुनिक हथियारों की खरीद व नवीनतम हथियारों का उत्पादन देश में भी बढ़ाया जा सकेगा। ऐसा होने पर भारत दोनों मोर्चों पर सुरक्षा चुनौतियों से निपटने में सक्षम हो सकेगा। पहलगाम की बैसरन घाटी में हुए आतंकवादी हमले के बाद भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत आतंकियों और उनके सरगनाओं पर कड़ा प्रहार करके पाक अधिकृत कश्मीर के तकरीबन नौ आतंकवादी ठिकाने ध्वस्त कर दिए। इसके बाद बौखलाए पाकिस्तान ने भारत पर जवाबी हमले प्रारम्भ कर दिए तो भारत ने इनका भी मुहंतोड़ जवाब देते हुए उनके कई सामरिक अड्डे ध्वस्त कर दिए। इस तरह भारत की सैन्य ताकत को संसार के सभी देशों ने देखा और जाना कि भारत से टकराव का अंजाम क्या होगा। यह बात सभी को मालूम है कि भारत की सामरिक बढ़त उसकी मजबूत सामरिक तैयारी के कारण प्राप्त हुई। विदित हो कि बीते कुछ वर्षों में भारत ने अपनी रक्षा तैयारियों को मजबूती प्रदान करने के लिए स्वदेशी रक्षा उत्पादन एवं आवश्यक आधुनिकतम रक्षा हथियारों की खरीद करके अपने सैन्य ढांचे को मजबूती प्रदान की है। भारतीय सेनाओं ने पाकिस्तान से निपटने के लिए ऑपरेशन सिंदूर के दौरान रूस के एस-400 मिसाइल डिफेंस सिस्टम, बराक-8 मिसाइल सिस्टम, स्वदेश निर्मित आकाशतीर मिसाइल सिस्टम को तैनात कर रखा था। इसके अलावा पिचैरा और लो लेवल एयर डिफेंस गन की तैनाती ने बेहतरीन ढंग से मदद की। इस तरह भारत के मल्टी लेयर्ड एयर डिफेंस सिस्टम ने पाकिस्तान के ड्रोन व मिसाइल सहित सभी तरह के आक्रमणों को बेअसर कर दिया। चीन ने पाकिस्तान को जो घातक हथियार दिए थे, पाकिस्तान ने उनका भारत के विरुद्ध प्रयोग किया लेकिन वे भी पाकिस्तान के काम नहीं आए। गौरतलब है कि चीन ने पाकिस्तान को जे-10 सी लड़ाकू विमान व उसमें लगी पीएल-15 किस्म की दी थीं। इनके अलावा परमाणु बम दागने वाली एसएच-15 तोप व घातक किलर ड्रोन भी दिए थे। इन सबका पाकिस्तान ने जमकर प्रयोग करते हुए भारत की जमीन को चीनी हथियारों का परीक्षण केन्द्र बनाया लेकिन सब असफल रहा। इसलिए अब संभावना यही बन रही है कि भविष्य में जब कभी भारत का चीन या पाकिस्तान से टकराव होगा तो ये दोनों देश एक साथ मिलकर भारत के सामने होंगे क्योंकि चीन ने पाकिस्तान को नई सैन्य मदद देने की योजना पर काम करना शुरू कर दिया है। पाकिस्तान की चीन से अत्याधुनिक एवं पांचवीं पीढ़ी के लड़ाकू विमान जे-35 खरीदने की योजना है। चीन पाकिस्तान की नौसेना को मजबूत करने के लिए अत्याधुनिक तकनीक वाली हंगोर श्रेणी की पनडुब्बी और हाइपरसोनिक मिसाइलें भी देना चाह रहा है। निश्चित रूप से इस सहयोग का मकसद भारत के मुकाबले पाकिस्तान की ताकत को मजबूत करना है। ऐसे में भारत का रक्षा बजट बढ़ाया जाना समय की जरूरत है। इसके तहत रक्षा तैयारियों को नई गति देते हुए सरकार ने ब्रह्मोस, आकाश सहित अन्य स्वदेशी मिसाइलों व दूसरी प्रमुख उन्नत किस्म की स्वदेशी हथियार प्रणालियों में तेजी लाने को लिए संबंधित रक्षा कंपनियों को निर्देश दे दिए हैं। ऑपरेशन सिंदूर से यह स्पष्ट हो गया है कि आधुनिक युद्धों में इन्हीं हथियारों की प्रमुख भूमिका होगी। ऐसे में बढ़ाया जाने वाला रक्षा बजट इन्हीं क्षेत्रों में खर्च होने की संभावना होगी।

(लेखक सैन्य विज्ञान विषय के प्राध्यापक रहे हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# चेतना का मूल आधार है अस्तित्व का ज्ञान



संकलित

## दर्शन

जब हम दर्शनशास्त्र का अध्ययन करते हैं, तो हमें यह ज्ञान होता है कि संपूर्ण विश्व एक है। आध्यात्मिक, भौतिक, मानसिक तथा प्राण-जगत भिन्न-भिन्न नहीं हैं। समस्त विश्व, यहां से वहां तक, एक है। बात इतनी ही है कि अलग-अलग दृष्टिकोण से देखे जाने के कारण वह विभिन्न प्रतीत होता है। 'मैं शरीर हूं, इस भावना से जब तुम अपनी ओर देखते हो तो यह भूल जाते हो कि मैं मन भी हूं'। और, जब तुम अपने को मनोरूप में देखने लगते हो, तो तुम्हें अपने शरीरत्व की विस्मृति हो जाती है। विद्यमान वस्तु केवल एक है और वह तुम हो। वह तुम्हें जड़ या शरीर के रूप में अथवा मन या आत्मा के रूप में दिख सकती है। जन्म, जीवन, मरण ये सब भ्रम मात्र हैं। न कोई कभी मरता है और ना कोई कभी जन्म लेता है। होता इतना ही है कि मनुष्य एक स्थिति से दूसरी स्थिति में चला जाता है। लोगों को मृत्यु से इतना भय पाते देख मुझे बहुत दुख होता है। वे मानो जीवन को पकड़ कर रखने की सतत चेष्टा करते रहते हैं। वे कहते हैं कि मृत्यु के बाद हमें जीवन दो। हमें मरणोत्तर जीवन दो। यदि कोई आए और उन्हें बताए कि मृत्यु के बाद भी वे विद्यमान रखेंगे, तो वे कितने आनंदित होते हैं? वस्तुतः मनुष्य के अमरत्व में मैं अविश्वास ही किस तरह कर सकता हूं? मैं मृत हूं, यह कल्पना ही मैं किस प्रकार कर सकता हूं? तुम यदि अपने को मृत सोचने की कोशिश करो तो देखोगे कि तुम अपने मृत शरीर को देखने के लिए वर्तमान हो ही। जीवन का अस्तित्व एक ऐसा आश्चर्यमय सत्य है कि तुम एक क्षण भी उसका विस्मरण नहीं कर सकते, क्योंकि अपने अस्तित्व के बिना यह विस्मरण भी बिल्कुल ही असंभव है।

# आइस्क्रीम की एक डिश



संकलित

## प्रेरणा

एक बार एक छोटा सा लड़का एक होटल में गया। कुछ ही देर में वहां वेटर आया और उसने पूछा आपको क्या चाहिए सर? छोटे बच्चे ने उल्टा पुछा! वैनिला आइसक्रीम कितने रुपए का है ? उस वेटर वाले ने जवाब दिया 50 रुपए का। यह सुन कर उस छोटे लड़के ने अपने जेब में हाँथ डाल कर कुछ निकाला और हिसाब किया। उसने दूबारा पूछा कि संतरा फ्लेवर आइसक्रीम कितने का है। वेटर ने दूबारा जवाब दिया और कहा 35 रुपए का सर। यह सुनने के बाद उस लड़के ने कहा! मेरे लिए एक संतरा फ्लेवर आइसक्रीम ले आईये। कुछ ही देर में वेटर आइसक्रीम की प्लेट और साथ में बिल लेकर आया और उस बच्चे के टेबल पर रखकर चले गया। उस लड़के ने उस आइसक्रीम को खाने के बाद पैसे दिए और वह चले गया। जब वह वेटर वापस आया तो वह दंग रहे गया यह देखकर कि उस लड़के नें खाए हुए आइसक्रीम प्लेट के बगल में आइस-क्रीम के 35 रुपए के साथ उसके लिए 15 रुपए का टिप छोड़ गया था। उस लड़के पास 50 रुपए होने पर भी उसने उस वेटर के टिप के बारे में पहले सोचा न की अपने आइसक्रीम के बारे में। उसी प्रकार हमें अपने फायदे के बारे में सोचने से पहले दूसरों के बारे में भी सोचना चाहिए। हमारा ध्यान कभी दूसरो के भलाई की और नहीं जाता। हम पहले अपनी भलाई में ही लगे रहते हैं।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### मलेरिया भगाने के लिए जनजागरण जरूरी


मलेरिया एक प्राचीन लेकिन अब भी प्रासंगिक बीमारी है, जिसने सदियों से मानव सभ्यता को प्रभावित किया है। यह मुख्य रूप से एनोफिलीज नामक मादा मच्छर के काटने से फैलता है, जो प्लाज्मोडियम परजीवी से संक्रमित होती है। जब यह परजीवी मानव शरीर में प्रवेश करता है तो वह यकृत और रक्त कोशिकाओं में पहुंच कर वहां अपनी संख्या बढ़ाता है और शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली को क्षतिग्रस्त करता है। लोगों को मलेरिया के खतरों और उससे बचाव के उपायों के प्रति जागरूक करने के लिए प्रतिवर्ष 25 अप्रैल को विश्व स्वास्थ्य संगठन की पहल पर विश्व मलेरिया दिवस मनाया जाता है। इस वर्ष मलेरिया दिवस की थीम 'मलेरिया का अंत हमारे साथ : पुनर्निवेश, पुनर्कल्पना, पुनर्जागृति' रखी गई थी, जिसका निहितार्थ यह है कि मलेरिया को समाप्त करने की जिम्मेदारी अब हम सबकी है।

*– प्रतीक पटले, भाटापारा*

## करंट अफेयर

# लैंटर्नफ्लाई के प्रसार को रोकने में मददगार बने प्रशिक्षित कुत्ते

पत्तों पर रहकर पौधों को नुकसान पहुंचाने वाला चित्तीदार लैंटर्नफ्लाई' वह कीट है जिसे एक दशक पहले पहली बार अमेरिका में देखा गया था। हालांकि, अब यह ईस्ट कोस्ट और मिडवेस्ट में फैल चुका है। शोधकर्ता इसके प्रसार को धीमा करने के लिए एक नया हथियार इस्तेमाल कर रहे हैं। यह हथियार कुछ और नहीं बल्कि कुत्ते हैं। विशेष रूप से प्रशिक्षित कुत्ते इस कीट के अंडों को फूटने से पहले ही सूंघ सकते हैं। एक अंडे से 30 से 50 चित्तीदार लैंटर्नफ्लाई उत्पन्न हो सकती हैं। क्लीवलैंड मेट्रोपार्क्स प्रबंधक कोनी हॉसमैन ने बताया कि अब तक कुत्तों ने 4,000 से अधिक अंडों को ढूंढा है, यानि इनसे पैदा होने वाले 2,00,000 कीटों को खत्म करने में मदद मिली है। हॉसमैन ने बताया कि अप्रैल में कुछ ही घंटों में कुत्तों ने क्लीवलैंड मेट्रोपार्क्स चिड़ियाघर में लगभग 1,100 अंडे के ढेर खोज निकाले। उन्होंने कहा, 'कोई भी मामूली कुत्ता इन अंडों को नहीं ढूंढ सकता है। ऐसे विशेष कुत्तों की सूंघने की क्षमता अद्भुत होती है और उन्हें अपनी सेवा साबित करने के लिए कई परीक्षा पास करनी पड़ती है।' इन कुत्तों को वर्जीनिया टेक विश्वविद्यालय के एक समूह के नेतृत्व में एक शोध परियोजना के माध्यम से प्रशिक्षित किया गया था।



## ऑफ बीट

# बोरियत खराब मानी जाती है विज्ञान लाभकारी मानता है

हम सभी ने उदासी और उबाऊ स्थितियों का सामना किया है जिसमें रुचियों को लेकर उदासीनता की स्थिति होती है और मानसिक प्रोत्साहन कम हो जाता है। अंततः जब हमारा ध्यान भटक जाता है तो हम विरक्त से हो जाते हैं। समय धीरे-धीरे बीतता हुआ प्रतीत होता है, और हम बेचैनी भी महसूस करने लगते हैं। चाहे वह कोई ऐसी फिल्म देखना हो जो निराश करती हो, कोई बच्चा शिकायत करता हो कि "करने के लिए कुछ नहीं है", या कोई वयस्क बैठक के दौरान ध्यान न दे रहा हो। कुल मिलाकर बोरियत एक सार्वभौमिक अनुभव है। सामान्यतः उबाऊपन या बोरियत को किसी वर्तमान गतिविधि में ध्यान या रुचि बनाए रखने में कठिनाई के रूप में परिभाषित किया जाता है और इसे आमतौर पर एक नकारात्मक स्थिति के रूप में देखा जाता है, जिसे हमें अनुभव करने से बचने या रोकने का प्रयास करना चाहिए। लेकिन क्या होगा अगर बोरियत को सकारात्मक स्थिति के रूप में देखने का कोई और तरीका हो? क्या बोरियत को अपनाना सीखना फायदेमंद हो सकता है? मस्तिष्क का तंत्र परस्पर जुड़े क्षेत्रों की एक प्रणाली है जो विभिन्न कार्यों का समर्थन करने के लिए एक साथ काम करते हैं। हम इसकी तुलना एक ऐसे शहर से कर सकते हैं जहां उपनगर (मस्तिष्क क्षेत्र) सड़कों (तंत्रिका मार्ग) से जुड़े हुए हैं।



## ट्रेंड

### वैज्ञानिक समुदाय को क्षति

पद्म विभूषण डॉ. एम.आर. श्रीनिवासन का निधन भारत के वैज्ञानिक समुदाय के लिए एक बड़ी क्षति है। परमाणु ऊर्जा कार्यक्रम के पीछे एक दूरदर्शी व्यक्ति, उनके नेतृत्व ने हमारे परमाणु भविष्य को आकार दिया।

-योगी आदित्यनाथ, सीएम, उप्र



### बलूचिस्तान सबसे उपेक्षित

पाकिस्तान का सबसे बड़ा और सबसे अधिक संसाधन संपन्न प्रांत होने के बावजूद, बलूचिस्तान इसका सबसे उपेक्षित और अविकसित क्षेत्र बना हुआ है। एक विरोधाभास जो दशकों के व्यवस्थित आर्थिक और राजनीतिक शोषण को दर्शाता है।

-हिमंत विश्व शर्मा, सीएम, असम



### स्कूली शिक्षा पर ध्यान दें

सरकारी स्कूलों के हालात यूपी व बिहार में यह अति-दयनीय होने से बहुजन गरीब परिवारों का बहुप्रतीक्षित विकास बाधित व इनके बच्चों का भविष्य अंधकारमय। ऐसे में स्कूली शिक्षा पर ध्यान देकर इन्हें बंद करने के बजाय प्रोत्साहन जरूरी।

-मायावती, पूर्व सीएम, उप्र



### नशा-विरोधी मुहिम

टीएसी की बैठक में पहला एजेंडा आदिवासी बहुल गांवों में शराब की दुकानें एवं बार खोलने का लाइसेंस देने का है। अपने सार्वजनिक जीवन की शुरुआत, मैंने नशा-विरोधी मुहिम से की थी और झारखंड की युवा पीढ़ी को नशे के दलदल में धकेलने की इस कोशिश का पुरजोर विरोध होगा।

-चंपई सोरेन, पूर्व सीएम, झारखंड



### अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से hbcgpati@gmail.com पर भेज सकते हैं।

## केंद्र की सुप्रीम कोर्ट से अपील, वक्फ कानून को चुनौती देने पर कहा

# वक्फ पर अंतरिम आदेश के लिए 3 मुद्दों पर ही हो सुनवाई

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट से अपील की कि वे वक्फ कानून को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर कोई आंतरिम आदेश पारित करते हैं तो 3 मुद्दों तक इसे सीमित रखें।

इनमें एक मुद्दा है अदालत द्वारा घोषित, वक्फ बाय यूजर या वक्फ बाय डीड संपत्ति को डी-नोटिफाई करने का है। दूसरा केंद्रीय और प्रदेश वक्फ बोर्ड के गठन से जुड़ा है, जिनमें गैर मुस्लिमों को शामिल किए जाने का विरोध हो रहा है और तीसरा मुद्दा वक्फ कानून के उस प्रावधान से जुड़ा है, जिसमें जिलाधिकारी द्वारा जांच और उसकी मंजूरी के बाद ही किसी संपत्ति को वक्फ संपत्ति घोषित किया जाएगा।

### खास बात

- एक मुद्दा है अदालत द्वारा घोषित, वक्फ बाय यूजर या वक्फ बाय डीड संपत्ति को डी-नोटिफाई करने का, दूसरा बोर्ड के गठन से ज़ुड़ा हुआ है

### याचिकाकर्ताओं की दलील अन्य मुद्दों पर पहुंचीं: एसजी मेहता



केंद्र की ओर से पेश हुए सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने मुख्य न्यायाधीश जस्टिस बीआर गवई, जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ से कहा कि पूर्व की पीठ की तरह सुनवाई को सीमित रखा जाए। मेहता ने कहा कि अदालत ने 3 मुद्दों की पहचान की थी। हमने सभी का जवाब दे दिया है। अब याचिकाकर्ता लिखित सबमिशन में कई अन्य मुद्दों को उठा रहे हैं। मैंने 3 मुद्दों पर हलफनामा दाखिल कर दिया है। मेहता ने कहा कि केंद्र ने इन तीन मुद्दों पर अपना जवाब दाखिल कर दिया है। उन्होंने कहा कि हालांकि, याचिकाकर्ताओं की लिखित दलीलें अब कई अन्य मुद्दों तक हैं।

### सिब्बल और सिंघवी ने कहा याचिकाकर्ताओं ने किया केंद्र सरकार के सबमिशन का विरोध



*याचिकाकर्ताओं की तरफ से पेश हुए वकीलों कपिल सिब्बल और अभिषेक मनु सिंघवी ने सॉलिसिटर जनरल के इस सबमिशन का विरोध किया। इससे पहले 17 अप्रैल को हुई सुनवाई में केंद्र ने सुप्रीम कोर्ट को सुनिश्चित किया था कि वे किसी भी वक्फ संपत्ति को डी-नोटिफाई नहीं करेंगे, इनमें वक्फ बाय यूजर भी शामिल है। साथ ही वक्फ बोर्डों में नई नियुक्ति पर भी कोई नई नियुक्ति न करने की बात कही थी। सिंघवी ने कहा कि तत्कालीन सीजेआई (संजीव खन्ना) ने कहा कि हम मामले की सुनवाई करेंगे और देखेंगे कि क्या अंतरिम राहत दी जानी चाहिए।*

### शीर्ष अदालत ने कहा

#### कोर्ट तब तक हस्तक्षेप नहीं कर सकता जब तक ठोस मामला न हो

*वक्फ (संशोधन) अधिनियम 2025 की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। सीजेआई बीआर गवई ने वक्फ संशोधन अधिनियम को चुनौती देने वाले याचिकाकर्ताओं से कहा कि संसद द्वारा पारित कानून में संवैधानिकता की धारणा होती है और जब तक कोई ठोस मामला सामने नहीं आता। कोर्ट इसमें हस्तक्षेप नहीं कर सकती। इससे पहले कोर्ट ने तीन मुद्दे तय किए थे –उपयोगकर्ता द्वारा वक्फ, वक्फ परिषद और राज्य वक्फ बोर्डों में गैर-मुस्लिमों का नामांकन और वक्फ के तहत सरकारी भूमि की पहचान। केंद्र ने तब आश्वासन दिया था कि वह मामले का हल होने तक इन मुद्दों पर कार्रवाई करेगा।*

### सीजेआई ने प्रोटोकाल मामले पर कहा


#### तुच्छ मुद्दे को आगे न बढ़ाएं इसे यहीं करें खत्म



चीफ जस्टिस बीआर गवई ने प्रोटोकॉल वाले मामले को आगे न बढ़ाने की अपील की है। महाराष्ट्र प्रोटोकॉल विवाद पर गवई ने कहा कि एक तुच्छ मुद्दे को अधिक नहीं बढ़ाना चाहिए। इसे लेकर खेद व्यक्त कर दिया गया। यह मामला अब बंद है। सभी से इस मुद्दे को शांत करने का आग्रह है।' सुप्रीम कोर्ट की ओर से जारी प्रेस नोट में जोर देकर कहा गया कि इस तरह के छोटे मामलों पर अनावश्यक विवाद से बचना चाहिए। महाराष्ट्र के मूल निवासी न्यायमूर्ति गवई रविवार को सार्वजनिक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए मुंबई आए थे। कार्यक्रम में मुख्य सचिव, पुलिस महानिदेशक और मुंबई पुलिस आयुक्त सहित राज्य के प्रमुख अधिकारी अनुपस्थित रहे थे, जिसकी काफी आलोचना हुई।

## खबर संक्षेप

### सोने की तस्करी में रान्या को जमानत



**बेंगलुरु।** सोने की तस्करी मामले में कन्नड़ एक्ट्रेस रान्या राव और दूसरे आरोपी कोंडारू राजू को आर्थिक अपराधों की स्पेशल कोर्ट ने जमानत दी है। कोर्ट ने 2 जमानती गवाह और 2-2 लाख के बॉन्ड जमा करने को कहा है। जज विष्णनाथ सी. गौदार ने यह शर्त रखी कि दोनों आरोपी न तो देश छोड़ सकते हैं और न ही दोबारा ऐसा जुर्म करेंगे।

### ट्रेन में आग से हड़कंप कोई हताहत नहीं



**किशनगंज।** किशनगंज से सटे गैसल रेलवे स्टेशन पर एक बार फिर बड़ा रेल हादसा होने से बाल-बाल बचा। यहां डीएमयू में आग लग गई। किशनगंज एनजेपी रेलखंड के गैसल रेलवे स्टेशन पर दोपहर में सिलीगुड़ी-मालदा कोर्ट डीएमयू पैसेंजर पहुंची थी। इंजन के पिछले कोच गार्ड ब्रेक में आग से अफरा-तफरी मच गई। कई हताहत नहीं हुआ है।

### महाराष्ट्र सरकार में मंत्री बने एनसीपी के भुजबल



**मुंबई।** एनसीपीके दिग्गज नेता छगन भुजबल का आखिरकार इंतजार आज खत्म हो गया। मंगलवार को राजभवन में शपथ ग्रहण समारोह में राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने छगन भुजबल को मंत्री पद की शपथ दिलाई। भुजबल देवेंद्र फडणवीस के नेतृत्व वाले महाराष्ट्र मंत्रिमंडल में शामिल हो गए हैं। छगन ने कहा, जो विभाग दिया जाएगा मैं संभाल लूंगा।

### पत्थर खदान में चट्टान दरकने से 5 की मौत



**शिवगंगा।** तमिलनाडु के शिवगंगा जिले में पत्थर खदान में अचानक चट्टान दरकने से पांच लोगों की मौत हो गई और दो घायल हो गए। मृतकों में ज्यादातर मजदूर थे। पुलिस और अग्निशमन एवं बचाव सेवा कर्मियों ने पत्थरों को हटाने के बाद तीन लोगों के शवों को बाहर निकाला। अस्पताल ले जाते समय 2और लोगों की मौत हो गई, जबकि 2 को मदुरै के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## भाजपा नेता मालवीय का विपक्ष के नेता पर करारा हमला

'आपरेशन सिंदूर' की सफलता पर भाजपा ने कांग्रेस को दिखाया आइना

# राहुल 'पाक' की भाषा मत बोलिए हमने कितने जेट गिराए ये पूछिए

**भारत की सफलता के बाद विपक्ष की ओर से नित नए आरोपों की हो रही बौछार**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

ऑपरेशन सिंदूर' को लेकर बार-बार विदेश मंत्री एस जयशंकर के बयान पर उठाने को लेकर कांग्रेस नेता राहुल गांधी घिरते जा रहे हैं। अब भाजपा ने उन पर तंज कसा है। भाजपा नेता अमित मालवीय ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा कि राहुल पाकिस्तान की भाषा बोल रहे हैं।

वे यह क्यों नहीं पूछ रहे कि हमने पाकिस्तान के कितने फाइटर जेट मार गिराए? राहुल यह भी बताएं कि उन्होंने ऐसे सफल ऑपरेशन के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बधाई क्यों नहीं दी? ऑपरेशन सिंदूर के बाद अब उस पर राजनीतिक बयानबाजी जोड़ पकड़ने लगी है। जयशंकर की एक टिप्पणी पर सवाल उठाते हुए राहुल ने सरकार पर नए आरोप लगाए गए हैं। राहुल ने कहा है कि हमारे हमले से पहले पाकिस्तान को इसकी जानकारी देना एक अपराध था। राहुल ने कहा कि जयशंकर ने सार्वजनिक रूप से स्वीकार किया है कि भारत सरकार ने ऐसा किया। ऐसा करने के लिए किसने अधिकृत किया और इसके कारण हमारी वायुसेना ने कितने विमान खो दिए?

### वे निशान-ए-पाकिस्तान बन रहे



भाजपा ने लगातार दूसरे दिन राहुल पर पलटवार किया। उन्होंने कहा कि यह आश्चर्य की बात नहीं है कि राहुल पाकिस्तान और उसके हितैषियों की भाषा बोल रहे हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री को ऑपरेशन सिंदूर के लिए बधाई तक नहीं दी। ऑपरेशन स्पष्ट रूप से भारत की ताकत को दर्शाता है। इसके बजाय वे बार-बार पूछते हैं कि हमने कितने जेट खो दिए? एक सवाल जो पहले ही डीजीएमओ ब्रीफिंग में भी उठाया जा चुका है। पते की बात यह है कि उन्होंने एक बार भी यह नहीं पूछा कि संघर्ष के दौरान कितने पाकिस्तानी जेट मार गिराए गए या भारतीय सेना की ओर से पाकिस्तानी एयरबेस पर बमबारी के दौरान कितने विमान अपने हैंगर में खड़े रहते हुए नष्ट हो गए। राहुल के लिए आगे क्या है? निशान-ए-पाकिस्तान? वे जबरन भारतीय सेना और सरकार पर सवाल करते हैं। वे चीन के परेमी हैं।

### जयशंकर ने कही थी यह बात

*दिल्ली में जयशंकर ने कहा था कि यह स्पष्ट है कि कौन गोलीबारी बंद करना चाहता था। हमने आतंकवादी ढांचे को नष्ट करके जो लक्ष्य निर्धारित किए थे, उन्हें हासिल कर लिया है। चूंकि प्रमुख लक्ष्य हासिल कर लिए गए थे, इसलिए मुझे लगता है कि हमने उचित रूप से यह रुख अपनाया, क्योंकि ऑपरेशन की शुरुआत में ही हमने पाक को यह संदेश भेज दिया था कि हम आतंकवादी ढांचे पर हमला कर रहे हैं, न कि सेना पर।*

### खरगे ने केंद्र को घेरा

#### ऑपरेशन सिंदूर को बताया 'छोटा सा युद्ध'



पहलगाम आतंकी हमले को लेकर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने केंद्र सरकार को घेरा। उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर को छोटा सा युद्ध बताया। कर्नाटक में कांग्रेस की समर्पण-संकल्प रैली को संबोधित करते हुए खरगे ने कहा कि पहलगाम में 26 लोग इसलिए मारे गए क्योंकि मोदी सरकार ने वहां पर्यटकों को सुरक्षा मुहैया नहीं कराई। मोदी कश्मीर नहीं गए क्योंकि खुफिया एजेंसियों ने उन्हें ऐसा करने से मना किया था। अगर उन्हें बताया गया होता तो लोगों की जान बचाई जा सकती थी। रैली को संबोधित करते हुए राहुल ने कहा कि मुझे यह जानकारी मिली कि कर्नाटक में बहुत से लोग जमीन के मालिक हैं।

### चीन में बनी पाकिस्तानी मिसाइल हैं राहुल



राहुल गांधी ऑपरेशन सिंदूर को लेकर लगातार सवाल पूछ रहे हैं। उन्होंने विदेश मंत्री एस. पर सवाल उठाए थे। उनके इस पोस्ट के बाद मोदी सरकार के मंत्री ने जोरदार निशाना साधा है। केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने राहुल गांधी के पोस्ट पर जवाब देते हुए कहा कि राहुल गांधी चीन में बनी पाकिस्तानी मिसाइल हैं। वे केवल गैरजिम्मेदाराना बात कर रहे हैं।

### पाकिस्तान में घुसकर एक भी आतंकवादी को नहीं मारा



**अयोध्या।** अपनी जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वामी प्रसाद मौर्य ने कहा कि पाक में घुसकर एक भी आतंकवादी को नहीं मारा गया है। ऐसी क्या बात हो गई कि 24 घंटे के भीतर ही मोदी सरकार बैकफुट पर थी। सब टांय-टांय फुस्स हो गया। देश को खुशी हुई कि देर आए दुरुस्त आए, ऑपरेशन सिंदूर के जरिए आतंकवाद का खत्म होगा लेकिन कुछ नहीं हुआ।

### हिरासत में भेजे गए प्रो. अली



**सोनीपत।** कर्नल सोफिया कुरैशी पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने वाले सोनीपत की यूनिवर्सिटी के असिस्टेंट प्रोफेसर अली खान महमूदाबाद को सोनीपत जिला कोर्ट ने उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। इस मामले में अब अगली सुनवाई 27 मई को होगी। इस बीच प्रोफेसर के पूर्वजों पर पाकिस्तान की एक राजनीतिक पार्टी को फंडिंग देने का भी आरोप है।

## विश्व स्वास्थ्य महासभा में बोले पीएम

# वैश्विक स्वास्थ्य के लिए सहयोग और एकजुटता को बताया जरूरी



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए जिनेवा में आयोजित 78वें विश्व स्वास्थ्य महासभा को संबोधित किया। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देते हुए इस वर्ष की थीम 'वन वर्ल्ड फॉर हेल्थ' का स्वागत किया और कहा कि यह भारत की वैश्विक स्वास्थ्य संबंधी सोच से मेल खाती है। इस दौरान उन्होंने 2023 की अपनी उस ऐतिहासिक भाषण में इसका मंत्र दिया था। पीएम ने कहा कि एक स्वस्थ विश्व का भविष्य समावेश, एकीकृत दृष्टिकोण और सहयोग पर आधारित होना चाहिए। उन्होंने बताया कि भारत के स्वास्थ्य सुधारों की नींव सबको साथ लेकर चलने पर टिकी है। उन्होंने 'आयुष्मान भारत' योजना का भी उल्लेख किया

### स्वास्थ्य, कल्याण केंद्रों की भी चर्चा

पीएम ने भारत के हजारों स्वास्थ्य एवं कल्याण केंद्रों की चर्चा की, जो कैंसर, मधुमेह और हाई ब्लड प्रेशर जैसी बीमारियों की समय रहते जांच करने में मदद करते हैं। उन्होंने जन औषधि केंद्रों का भी जिक्र किया, जो उच्च गुणवत्ता वाली दवाइयां बहुत ही कम कीमत पर उपलब्ध कराते हैं। तकनीक के उपयोग की सराहना करते हुए भारत के डिजिटल स्वास्थ्य पहलों को भी उजागर किया जैसे कि गर्भवती महिलाओं और बच्चों के टीकाकरण को ट्रैक करने वाला डिजिटल प्लेटफॉर्म और यूनिक डिजिटल हेल्थ आईडी, जो बीमा, रिकॉर्ड्स और इलाज की जानकारी को जोड़ती है। उन्होंने बताया कि भारत की मुफ्त टेलीमेडिसिन सेवा से अब तक 34 करोड़ से अधिक परामर्श हो चुके हैं। इन पहलों के चलते लोगों के अपने खर्च में कमी आई है।

### कमजोर वर्ग की देखभाल हो प्रमुखता

पीएम मोदी ने कहा कि दुनिया का स्वास्थ्य इस बात पर निर्भर करता है कि हम सबसे कमजोर वर्ग की कितनी अच्छी देखभाल करते हैं। उन्होंने वैश्विक दक्षिण का उल्लेख करते हुए कहा कि यह क्षेत्र स्वास्थ्य संबंधी चुनौतियों से ज्यादा प्रभावित है। उन्होंने बताया कि भारत का मॉडल दोहराने योग्य, बढ़ाने योग्य और टिकाऊ है और भारत अपने अनुभव पूरी दुनिया खासकर ग्लोबल साउथ के साथ साझा करने को तैयार है। उन्होंने आगामी 11वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस जो जून में मनाया जाएगा, का भी उल्लेख किया और बताया कि इस वर्ष की थीम ' योगा फॉर वन अर्थ, वन हेल्थ' है। उन्होंने सभी देशों से इसमें भाग लेने का आग्रह किया।

## जिला कलेक्ट्रेटों को बम से उड़ाने की धमकी

# सीकर, टोंक, राजसमंद और भीलवाड़ा में हाई अलर्ट, भवनों को खाली कराया



एजेंसी ▶▶ जयुपर

राजस्थान के कई जिलों के कलेक्ट्रेट कार्यालयों को सोमवार को बम से उड़ाने की धमकी मिली, जिससे प्रशासनिक महकमे में अफरातफरी मच गई। सीकर, टोंक, राजसमंद और भीलवाड़ा जिलों में कलेक्ट्रेट को उड़ाने की धमकी ई-मेल के जरिए दी गई, जिसके बाद चारों जगह सुरक्षा एजेंसियों ने मोर्चा संभाल लिया और कलेक्ट्रेट परिसरों को खाली करवाकर बम निरोधक दस्तों और डॉग स्क्वॉड की मदद से सघन तलाशी अभियान चलाया गया।

### सीकर में डॉग स्क्वॉड ने की तलाशी

सीकर कलेक्ट्रेट को सुबह एक संदिग्ध ईमेल प्राप्त हुआ, जिसमें परिसर को आरडीएक्स से उड़ाने की धमकी दी गई थी। कलेक्टर के निजी सचिव सर्वेश माथुर ने बताया कि ईमेल मिलते ही जिला प्रशासन और वरिष्ठ अधिकारियों को सूचना दी गई और तत्काल कलेक्ट्रेट भवन को खाली करवा कर पूरे परिसर को सील कर दिया गया।

## उत्तराखंड सरकार का फैसला

# यहां के मदरसों के बच्चों को पढ़ाया जाएगा 'ऑपरेशन सिंदूर' का अध्याय



एजेंसी ▶▶ देहरादून

उत्तराखंड के मदरसों में अब बच्चों को ऑपरेशन सिंदूर के बारे में पढ़ाया जाएगा। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व वाली उत्तराखंड सरकार ने राज्य में मदरसा पाठ्यक्रम में ऑपरेशन सिंदूर पर एक पूरा अध्याय शुरू करने का निर्णय लिया है। जिसमें भारतीय सेना की वीरता और देश के प्रति समर्पण की प्रेरणादायक कहानी शामिल होंगी। पूरे उत्तराखंड में 451 पंजीकृत मदरसों में 50,000 से अधिक छात्र नामांकित हैं, जो अब ऑपरेशन सिंदूर के बारे में अध्ययन करेंगे।

### पाठ्यक्रम में जल्द शामिल होगा

उत्तराखंड मदरसा बोर्ड ने मंगलवार को कहा कि उत्तराखंड के मदरसों के पाठ्यक्रम में, हाल में भारतीय सैन्य बलों द्वारा पाकिस्तान और उसके कब्जे वाले कश्मीर में आतंकी ठिकानों को नष्ट करने के लिए चलाए गए 'ऑपरेशन सिंदूर' की गाथा को शामिल किया जाएगा।

## कर्नाटक के विभिन्न स्थानों पर यलो अलर्ट जारी

12 घंटे में 130 मिली बारिश, करीब 500 घरों में घुस गया पानी

# बेंगलुरु में बारिश से बिगड़े हालात 5 की मौत, सड़कें हो गईं जलमग्न

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

आईएमडी ने बेंगलुरु के लिए ऑरेंज अलर्ट और कर्नाटक के विभिन्न स्थानों पर यलो अलर्ट जारी किया है। यहां लगभग 12 घंटों में 130 मिमी बारिश से बेंगलुरु का भारी नुकसान हुआ है। 5 लोगों की मौत हो गई है, 500 घरों में पानी भर गया, 20 से अधिक झीलें उफान पर हैं। महत्वपूर्ण क्षेत्रों की दर्जनों सड़कें जलमार्गों में तब्दील हो गई हैं, अंडरपास और फ्लाईओवरों पर पानी भर गया है, यातायात के लिए कई घंटों तक वाहनों की आवाजाही बाधित रही और बेंगलुरु के कई इलाकों में सार्वजनिक बस सेवाएं ठप हो गईं। विभाग ने 5 दिन तक बेंगलुरु में भारी बारिश का अनुमान लगाया है।

### केरल में 5 दिन पहले मानसून देगा दस्तक



बेंगलुरु में फ्लाईओवर पर पानी

*दक्षिण-पश्चिम मानसून तय अनुमानित समय से पहले केरल में दस्तक दे सकता है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने मंगलवार को कहा कि दक्षिण-पश्चिम मानसून के अगले चार-पांच दिनों में केरल पहुंचने की संभावना है। यह 1 जून की सामान्य तिथि से काफी पहले है। मौसम विभाग ने पहले पूर्वानुमान लगाया था कि मानसून 27 मई तक केरल में दस्तक देगा। आईएमडी के आंकड़ों के मुताबिक, अगर मानसून उम्मीद के मुताबिक केरल पहुंचता है तो यह 2009 के बाद से सबसे जल्दी दस्तक देगा। तब यह 23 मई को शुरू हुआ था।*

# ऑपरेशन सिंदूर के बाद किसी की ओर से कोई हस्तक्षेप या मध्यस्थता नहीं की गई

## भारत-पाक सीजफायर पर कांग्रेस के खुर्शीद ने कहा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री सलमान खुर्शीद ने 'ऑपरेशन सिंदूर' को लेकर बड़ा बयान दिया। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दावा किया था कि उनकी वजह से भारत-पाकिस्तान के बीच सीजफायर हुआ था। इसके बाद से मोदी सरकार विपक्षी दलों के निशाने पर है। हालांकि अब सलमान सलमान खुर्शीद ने कहा है कि किसी ने कोई हस्तक्षेप नहीं किया, कोई मध्यस्थता नहीं हुई।इसके पहले कई कांग्रेसी केंद्र सरकार पर बार-बार सवाल उठा रहे हैं। अब इसमें कई विपक्षी पार्टियां शामिल हो गई हैं।

### जो भी हुआ 2 देशों के बीच था



विदेश सचिव विक्रम मिस्री की ब्रीफिंग के बाद कांग्रेस नेता खुर्शीद ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि भारत और पाकिस्तान के बीच समझ में किसी ने कोई हस्तक्षेप नहीं किया, कोई मध्यस्थता नहीं हुई। लेकिन जब दुनिया में ऐसी चीजें होती हैं तो अलग-अलग लोग संदेश भेजने की कोशिश करते हैं। लेकिन जो कुछ भी हुआ है, वह सिर्फ दो देशों के बीच हुआ है। जब मामला बढ़ा तो यह हमारे दो देशों के बीच था। जब यह खत्म हुआ तो यह दोनों देशों के बीच खत्म हुआ। इसकी शुरुआत पाकिस्तान के डीजीएमओ ने की। उन्होंने कहा कि हमें इसे खत्म कर देना चाहिए। हमने कहा कि अगर वे तैयार हैं तो ऐसा किया जाना चाहिए।

## कांग्रेस ने मीडिया की स्वतंत्रता पर हमला व तानाशाही करार दिया

# 'गुजरात समाचार' के मालिक बाहुबली की गिरफ्तारी पर भड़का विपक्ष

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

गुजरात के सबसे पुराने अखबार गुजरात समाचार के मालिक 73 वर्षीय बाहुबली शाह की गिरफ्तारी को कांग्रेस पार्टी ने मीडिया की स्वतंत्रता पर हमला करार दिया है। बताया जा रहा है कि 25 साल पुराने मामले में ईडी ने कथित धोखाधडी और मनी लांड्रिंग के मामले में उन्हें गिरफ्तार किया है।

पार्टी ने गिरफ्तारी को भाजपा सरकार की तानाशाही और प्रेस को नियंत्रित करने की कोशिश बताया। कांग्रेस ने कहा कि 'गुजरात समाचार' पिछले 25 वर्षों से नरेंद्र मोदी, अमित शाह, और गुजरात सरकार के खिलाफ भ्रष्टाचार के मुद्दों को बेबाकी से उठाता रहा है।

### पार्टी का दावा: गिरफ्तारी का उद्देश्य उनसे बदला लेना है

*पार्टी ने दावा किया कि इस गिरफ्तारी का उद्देश्य उनसे बदला लेना है। एआईसीसी और गुजरात प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने सरकार से इस कार्रवाई पर स्थिति स्पष्ट करने और यह बताने की मांग की कि क्या गुजरात में सवाल पूछने वाले अन्य पत्रकारों को भी निशाना बनाया जाएगा? लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने इसे सरकार की तानाशाही करार दिया। गुजरात कांग्रेस अध्यक्ष शक्तिसिंह गोहिल ने भी इस कार्रवाई की निंदा करते हुए कहा कि बाहुबली शाह की गिरफ्तारी का असली कारण अखबार द्वारा सरकार और प्रधानमंत्री के खिलाफ आलोचनात्मक लेख प्रकाशित करना है। उन्होंने इसे प्रेस की स्वतंत्रता को कुचलने का प्रयास बताया। दिल्ली में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कांग्रेस विधायक जिग्नेश मेवाणी ने भी इस कार्रवाई पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि 'गुजरात समाचार' पिछले 25 वर्षों से केंद्र और राज्य सरकार की आलोचनात्मक रिपोर्टिंग करता रहा है, और इसी कारण इसे निशाना बनाया जा रहा है। कांग्रेस के अलावा, आम आदमी पार्टी के नेता अरविंद केजरीवाल ने भी इस कार्रवाई की निंदा की। उन्होंने एक्स पर लिखा कि यह भाजपा के हताशा को दर्शाता है, जो हर उस आवाज को दबाना चाहती है जो सच बोलती है। केजरीवाल ने इसे पत्रकारिता का गला घोंटने की कोशिश बताया।*

### मनी लॉन्ड्रिंग से जुड़ा है मामला

*ईडी ने इस कार्रवाई को मनी लॉन्ड्रिंग और वित्तीय धोखाधड़ी के एक मामले से जोड़ा है, लेकिन अभी तक इस मामले में विस्तृत जानकारी सार्वजनिक नहीं की गई है। भाजपा सरकार की ओर से इस मुद्दे पर कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है, जिसे विपक्ष ने और सवालों को जन्म देने वाला बताया है।*

### ईडी ने कई स्थानों पर की छापेमारी

बताया गया कि पिछले हफ्ते पहले आयकर विभाग ने दो दिनों तक 'गुजरात समाचार' के ठिकानों पर तलाशी अभियान चलाया था। शनिवार की सुबह ईडी ने कई स्थानों पर छापेमारी की और इसके बाद शाह को हिरासत में लिया गया। गिरफ्तारी के कुछ समय बाद, उनकी तबीयत बिगड़ने के कारण उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया, और उसी दिन उन्हें स्वास्थ्य आधार पर जमानत मिल गई। 'गुजरात समाचार' के मैनेजिंग एडिटर और बाहुबली के बड़े भाई, श्रेयांश शाह ने बताया कि आयकर विभाग ने दो दिनों तक उनके कार्यालयों और ठिकानों की गहन तलाशी ली, जिसके बाद ईडी ने बाहुबली शाह को गिरफ्तारी वारंट के साथ हिरासत में लिया।

## खबर संक्षेप

### आईएचएच समूह ने दाइची सैंक्यो से मांगा हर्जाना

**नई दिल्ली।** मलेशिया की आईएचएच हेल्थकेयर ने जापान की दाइची सैंक्यो से 200 अरब येन (11,800 करोड़ रुपये) का हर्जाना मांगा है। भारतीय अस्पताल संचालक फोर्टिस के नियंत्रण के लिए आईएचएच की बोली को रोकने का आरोप लगाते हुए यह हर्जाना मांगा गया है। आईएचएच की टोक्यो स्थित अप्रत्यक्ष सहायक कंपनी नॉर्दर्न टीके वेंचर्स (एनटीके) ने दाइची सैंक्यो के खिलाफ जारी हर्जाने की मांग में संशोधन करने के लिए तोक्यो जिला न्यायालय का दरवाजा खटखटाया है।

### रुपया 21 पैसे टूटकर 85.63 प्रति डॉलर पर हुआ बंद

**मुंबई।** घरेलू बाजारों में कमजोर रुख के बीच रुपया मंगलवार को 21 पैसे टूटकर 85.63 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि अमेरिका में 10 साल के बॉन्ड प्रतिफल में हालिया उछाल राजकोषीय और मौद्रिक नीतियों पर बढ़ती चिंताओं को दर्शाता है, जिससे कर्ज की लागत बढ़ रही है। विदेशी पूंजी की निकासी और कच्चे तेल की कीमतों में तेजी से भी रुपये पर दबाव पड़ा। हालांकि, अमेरिकी डॉलर सूचकांक में नरमी ने गिरावट को सीमित किया।

### फाइजर का लाभ 85 फीसदी बढ़कर 330.94 करोड़ रुपए

**नई दिल्ली।** फाइजर लिमिटेड का जनवरी-मार्च तिमाही में शुद्ध लाभ 85 प्रतिशत बढ़कर 330.94 करोड़ रुपये हो गया। कंपनी का जनवरी-मार्च, 2024 में मुनाफा 178.86 करोड़ रुपये रहा था। फाइजर लिमिटेड ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि समीक्षाधीन तिमाही में उसकी परिचालन आय बढ़कर 591.91 करोड़ रुपये हो गई जो पिछले वर्ष समान अवधि में 546.63 करोड़ रुपये थी।

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## लोगों के लिए सुरक्षित खाद्य सुनिश्चित करने का प्रयास

# फलों को पकाने सिंथेटिक रसायन का उपयोग रोके राज्य, फसाई की अपील

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

खाद्य नियामक एफएसएसएआई ने लोगों के लिए सुरक्षित खाद्य सुनिश्चित करने के अपने प्रयासों के तहत सभी राज्यों से फलों को पकाने वाले तत्वों (एजेंटों) और सिंथेटिक रसायन लेप (कोटिंग्स) के अवैध उपयोग को रोकने को कहा है।

- राज्यों से फलों पर कोटिंग्स का उपयोग रोकने कहा

नियामक ने मंगलवार को एक बयान में कहा, ''भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से इस बारे में अपनी जांच में तेजी लाने और गैर-अनुमति प्राप्त फलों को पकाने वाले एजेंटों के अवैध उपयोग को रोकने के लिए विशेष प्रवर्तन अभियान चलाने का आग्रह किया है। साथ ही सिंथेटिक रंगों या गैर-अनुमति प्राप्त मोम के साथ फलों को रंगने और कोटिंग करने पर भी रोक लगाई है।''

**खास बातें**

- फसाई ने राज्यों से अपने यहां जांच में तेजी लाने कहा
- अवैध उपयोग को रोकने विशेष प्रवर्तन अभियान चलाने का आग्रह



### गोदामों व भंडारण केंद्रों का किया जा सकेगा निरीक्षण

*प्रवर्तन अभियान के तहत एफएसएसएआई ने सुझाव दिया है कि गोदामों और भंडारण केन्द्रों का निरीक्षण किया जा सकता है, विशेष रूप से उन पर जहां पकाने के लिए कैल्शियम कार्बाइड जैसे पदार्थों का उपयोग करने का संदेह है।*

### फल बाजार व मंडियों की निगरानी बढ़े

सभी राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के खाद्य सुरक्षा आयुक्तों और एफएसएसएआई के क्षेत्रीय निदेशकों से अनुरोध किया गया है कि वे फल बाजारों और मंडियों पर कड़ी निगरानी रखें, ताकि कैल्शियम कार्बाइड जैसे एजेंटों का उपयोग करके फलों को पकाने के अवैध उपयोग को रोका जा सके, जिसे आमतौर पर 'मसाले' के रूप में जाना जाता है।

### खाद्य सुरक्षा मानक के तहत चलेगा मुकदमा

इसमें कहा गया, ''परिसर में या फलों के टोकरे के साथ संग्रहीत कैल्शियम कार्बाइड की उपस्थिति को खाद्य व्यवसाय संचालक (एफबीओ) के खिलाफ परिस्थितिजन्य साक्ष्य के रूप में माना जाएगा, जिससे संभावित रूप से खाद्य सुरक्षा और मानक (एफएसएस) अधिनियम 2006 के तहत मुकदमा चलाया जा सकता है।''

### कैल्शियम कार्बाइड का उपयोग वर्जित

खाद्य सुरक्षा और मानक (बिक्री पर प्रतिबंध और रोक) विनियम, 2011 के तहत फलों को कृत्रिम रूप से पकाने के लिए कैल्शियम कार्बाइड का उपयोग सख्त वर्जित है। नियामक ने बताया कि इस पदार्थ के उपयोग से गंभीर स्वास्थ्य जोखिम पैदा होते हैं और यह मुंह के छाले, गैस्ट्रिक जलन पैदा करने के लिए जाना जाता है और इसमें कैंसरकारी गुण होते हैं।''

### कृत्रिम रूप से पकाने एथेफॉन का उपयोग

इसके अलावा, एफएसएसएआई ने ऐसे मामलों की भी पहचान की है जहां एफबीओ केले और अन्य फलों को सीधे रसायन में डुबोकर कृत्रिम रूप से पकाने के लिए एथेफॉन घोल का उपयोग कर रहे हैं। इस संदर्भ में, प्राधिकरण ने ''फलों को कृत्रिम रूप से पकाना - एथिलीन गैसः एक सुरक्षित फल पकाने वाला'' शीर्षक से एक व्यापक मार्गदर्शन दस्तावेज जारी किया है।

### एथेफोन का उपयोग केवल एथिलीन बनाने में हो

दस्तावेज में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि एथेफोन का उपयोग केवल एथिलीन गैस बनाने के स्रोत के रूप में किया जा सकता है और इसे निर्धारित मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) के अनुरूप सख्ती से अमल में लाना चाहिए। यह एसओपी, जिसमें प्रतिबंध, कक्ष की आवश्यकताएं, हैंडलिंग की स्थिति, एथिलीन गैस के स्रोत, अनुप्रयोग प्रोटोकॉल, उपचार के बाद के संचालन और सुरक्षा दिशानिर्देश शामिल हैं।

## मार्केट न्यूज

### अच्छा स्वास्थ्य ही जीवन की असली सफलता हैः राधिका



Radhika Cheema, Chairperson - IKJ Care

**चंडीगढ़।** दिविसा हर्बल्स प्राइवेट लिमिटेड और IKJ केयर फाउंडेशन द्वारा HSBC बैंक के सहयोग से एक हेल्थ चेकअप शिविर का सफल आयोजन किया गया। इस शिविर में कंपनी के सभी कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। हेल्थ चेकअप शिविर के दौरान कर्मचारियों के ब्लड शुगर, कोलेस्ट्रॉल प्रोफाइल, क्रिएटिनिन, कैल्शियम और यूरिक एसिड संबंधी परीक्षण किए गए, जिससे कर्मचारियों को अपने स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने में सहायता मिले। कार्यक्रम में IKJ केयर फाउंडेशन की चेयरपर्सन राधिका चीमा ने सभी को स्वास्थ्य के महत्व के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में सेहतमंद रहना सबसे बड़ा वरदान है, और इसके लिए जरूरी है कि हम समय रहते अपनी सेहत का ध्यान रखें। उन्होंने यह भी कहा कि छोटी - छोटी सावधानियां अपनाकर हम गंभीर बीमारियों से बच सकते हैं। इस मौके पर SBS ग्रुप ऑफ कंपनीज के फाउंडर डॉ. संजीव जुनेजा ने भी कर्मचारियों से संवाद करते हुए कहा कि संतुलित आहार, नियमित व्यायाम और सकारात्मक सोच से व्यक्ति न सिर्फ शारीरिक रूप से बल्कि मानसिक रूप से भी मजबूत बना रहता है। डॉ. जुनेजा देशभर में आयुर्वेदिक जागरूकता फैलाने के लिए जाने जाते हैं और डॉ. ऑर्थो, रूप मंत्रा, सच्ची सहेली, पेट सफा, एक्यूमॉस, इचकू, आई मंत्रा और बैडमैन जैसे लोकप्रिय ब्रांड्स को स्थापित करने में उनका विशेष योगदान रहा है।

## बुनियादी उद्योगों की वृद्धि दर अप्रैल में पड़ी सुस्त

**नई दिल्ली।** कच्चे तेल, रिफाइनरी उत्पादों और उर्वरक के उत्पादन में गिरावट आने से अप्रैल में आठ प्रमुख बुनियादी उद्योगों की वृद्धि दर आठ माह के निचले स्तर 0.5 प्रतिशत पर आ गई। मंगलवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों में यह जानकारी दी गई। एक साल पहले की समान अवधि में बुनियादी उद्योगों का उत्पादन 6.9 प्रतिशत की दर से बढ़ा था। वहीं मार्च, 2025 में बुनियादी उद्योगों का उत्पादन 4.6 प्रतिशत बढ़ा था। प्रमुख बुनियादी उद्योगों में कोयला, कच्चा तेल, रिफाइनरी उत्पाद, प्राकृतिक गैस, इस्पात, सीमेंट, बिजली और उर्वरक शामिल हैं।

**उत्तर रेलवे**

**ई–निविदा (ई–प्रोक्यूर्मेंट) के माध्यम से निविदा आमंत्रण**

निम्नलिखित कार्य के लिये वरिष्ठ मंडल अभियंता/III, उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल में ई–निविदा आमंत्रण।

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य का नाम | एडीईएन/डीएलआई के तहत एसएसई/डब्ल्यू/डीएलआई/लाइन के सेक्शन में जेई/यमुना ब्रिज और एसएसबी के सेक्शन में सेवा भवनों और स्टेशन भवनों की मरम्मत के लिए पीई 30.06.2026 के लिए वार्षिक जोन कार्य। |
| 2. | कार्य की अनुमानित लागत (रूपये) | Rs. 98,50,125.75 (रुपये अठानवे लाख पचास हजार एक सौ पच्चीस और पचहत्तर पैसे मात्र) |
| 3. | बयाना राशि (रूपये) | Rs. 1,97,000/– (रुपये एक लाख सतानवे हजार मात्र) |
| 4. | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रुपये) | Rs. 0.00 |
| 5. | निविदा बोली प्रस्तुत करने और निविदा खोलने की तिथि और समय | 13.06.2025 को 15.00 तक। |
| 6. | वेबसाइट विवरण जहां निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है। | निविदा www.ireps.gov.in वेबसाइट पर उपलब्ध। |

• ठेकेदारों को ई–टेंडर प्रणाली में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे ई–प्रोक्योरमेंट सिस्टम (IREPS) साइट यानी www.ireps.gov.in के अंतर्गत पंजीकृत होना चाहिए। • सभी नियमों और शर्तों के लिए कृपया निविदा दस्तावेज देखें। • मैनुअल निविदाये स्वीकृत नहीं की जाएगी। • निविदा दस्तावेज और बयाना की लागत केवल नेट बैंकिंग या भुगतान गेटवे के माध्यम से स्वीकार्य होगी। सं: 128-W/280/ई–निविदा सूचना/03-2025-26/W-3 दिनांक: 19.05.2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 1474/25

**उत्तर रेलवे**

**ई–निविदा (इ–प्रोक्यूमेंट) के माध्यम से निविदा आमंत्रण**

निम्नलिखित कार्य के लिए वरिष्ठ मंडल अभियंता–III, उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल मे ई–निविदा आमंत्रण।

| | |
|---|---|
| कार्य का नाम | एडीईएन/एनडीएलएस के अधीन एसएसई/वर्क्स/एनडीएलएस/स्टेशन के अनुभाग में सीवाईएम कार्यालय पुराने शताब्दी शेड और एसी शेड सहित कार्यालयों की मरम्मत और नवीनीकरण तथा एडीईईएन/एनडीएलएस के अधीन एसएसई/डब्ल्यू/एनडीएलएस/स्टेशन के अनुभाग में एनडीएलएस में वाशिंग लाइनों और प्लेटफॉर्म की खराब हो चुकी पाइप लाइनों की मरम्मत/प्रतिस्थापन और अन्य संबद्ध कार्य। |
| कार्य की अनुमानित लागत (रुपये) | रु.2,29,20,409.30/– (रुपये दो करोड़ उनतीस लाख बीस हजार चार सौ नौ और तीस पैसे मात्र) |
| बयाना राशि (रुपये) | रु.2,64,600/– (रुपये दो लाख चौसठ हजार छः सौ मात्र) |
| निविदा प्रपत्र का मूल्य (रुपये) | रु.0.00 |
| निविदा बोली प्रस्तुत करने और निविदा खोलने की तिथि और समय | 09.06.2025 को 15:00 तक। |
| वेबसाइट विवरण जहां निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है | निविदा www.ireps.gov.in वेबसाइट पर उपलब्ध। |
| आवंटन | 04–410–32 |

• ठेकेदारो को ई–टेंडर प्रणाली में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे ई–प्रोक्योरमेंट सिस्टम) IREPS) साइट यानी www.ireps.gov.in के अंतर्गत पंजीकृत होना चाहिए।
• सभी नियमों और शर्तों के लिए कृपया निविदा दस्तावेज देखें।
• मैनुअल निविदाये स्वीकृत नहीं की जायेगी।
• निविदा दस्तावेज और बयाना की लागत केवल नेट बैंकिंग या भुगतान गेटवे के माध्यम से स्वीकार्य होगी।

निविदा संख्या : 128–डब्लू/280/ई–निविदा सूचना/01–2025–26/डब्यू–3
दिनांक : 19.05.2025 1475/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## सोना 490 रुपये टूटा, चांदी में 1,000 रुपये की गिरावट

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

कमजोर मांग के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में मंगलवार को सोने की कीमत 490 रुपये की गिरावट के साथ 96,540 रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गई। अखिल भारतीय सराफा संघ ने यह जानकारी दी। सोमवार को 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 97,030 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी।

- सोना घटकर 96,540 रुपये प्रति दस ग्राम

इसी के साथ 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 450 रुपये की गिरावट के साथ 96,130 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) रह गई। इससे पहले के कारोबारी सत्र में यह 96,580 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक-जिंस सौमिल गांधी ने कहा, /"मंगलवार को सोने में मामूली गिरावट दर्ज की गई। अमेरिका-चीन व्यापार युद्धविराम के बारे में जारी आशावाद, साथ ही रूस और यूक्रेन के बीच युद्धविराम की उम्मीदें, सकारात्मक जोखिम भावना को बढ़ा रही हैं और सुरक्षित निवेश के लिए सोने की अपील को कमजोर कर रही हैं।/" मंगलवार को चांदी की कीमतें 1,000 रुपये गिरकर 97,500 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) रह गईं।



### सोने की कीमतों पर प्रतिकूल प्रभाव

*गांधी ने कहा कि फेडरल रिजर्व के एक अन्य सदस्य द्वारा उठाए गए आक्रामक रुख के बाद कारोबारी अमेरिकी केंद्रीय बैंक की भविष्य की ब्याज दरों में कटौती को लेकर अनिश्चित हैं, जिससे सोने की कीमतों पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है।*

## बिकवाली दबाव से सेंसेक्स 873 अंक लुढ़का

एजेंसी ▶▶| मुंबई

स्थानीय शेयर बाजार में मंगलवार को लगातार तीसरे कारोबारी सत्र में गिरावट आई और बीएसई सेंसेक्स 873 अंक का गोता लगा गया। एचडीएफसी बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज और आईसीआईसीआई बैंक जैसे प्रमुख शेयरों में गिरावट से बाजार नुकसान में रहा।

- शेयर बाजार में लगातार तीसरे दिन गिरावट

तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 872.98 अंक यानी 1.06 प्रतिशत लुढ़क कर 81,186.44 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान, एक समय यह 905.72 अंक लुढ़क गया था। सेंसेक्स के तीस शेयरों में से 27 नुकसान में जबकि तीन लाभ में रहे। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 261.55 अंक यानी 1.05 प्रतिशत की गिरावट के साथ 24,683.90 अंक पर बंद हुआ। विश्लेषकों ने कहा कि निवेशकों ने मुनाफावसूली का विकल्प चुना।

सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में इटर्नल (पूर्व में जोमैटो) में सबसे अधिक 4.10 प्रतिशत की गिरावट आई। इसके अलावा मारुति, महिंद्रा एंड महिंद्रा, अल्ट्राटेक सीमेंट, पावर ग्रिड, नेस्ले, बजाज फाइनेंस, हिंदुस्तान यूनिलीवर और एशियन पेंट्स भी प्रमुख रूप से नुकसान में रहीं। एचडीएफसी बैंक में 1.26 प्रतिशत और सूचकांक में मजबूत हिस्सेदारी रखने वाली रिलायंस इंडस्ट्रीज में 1.13 प्रतिशत की गिरावट आई। दूसरी तरफ टाटा स्टील, इन्फोसिस और आईटीसी के शेयर लाभ के साथ बंद हुए।



### निवेशकों ने मुनाफा वसूली की

जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लि. के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, ''प्रमुख सकारात्मक संकेतकों के अभाव और अमेरिकी राजकोषीय स्थिरता पर मौजूदा अनिश्चितता के साथ, निवेशकों ने मुनाफावसूली का विकल्प चुना और सतर्क रुख अपनाया। निवेशकों को भारत-अमेरिका व्यापार समझौते पर अधिक स्पष्टता की प्रतीक्षा है और इस बीच उन्होंने बिकवाली को तरजीह दी।''

## खाद्य गोदामों के उन्नयन पर होंगे 1,280 करोड़ खर्च

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

केंद्रीय खाद्य मंत्री प्रल्हाद जोशी ने मंगलवार को कहा कि सरकार सरकारी स्वामित्व वाले भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) और केंद्रीय भंडारण निगम (सीडब्ल्यूसी) के मौजूदा गोदामों के बुनियादी ढांचे को उन्नत करने के लिए लगभग 1,280 करोड़ रुपये का निवेश करेगी।

जोशी ने कहा कि सरकार सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) में पारदर्शिता लाने, दक्षता में सुधार करने और रिसाव को रोकने के लिए नवीनतम तकनीकों का उपयोग कर रही है। उन्होंने कहा कि समग्र उद्देश्य राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत राशन की दुकानों के माध्यम से 80 करोड़ से अधिक लोगों को गुणवत्तापूर्ण खाद्यान्न की आपूर्ति करना है।




- पीडीएस में पारदर्शिता लाने रिसाव रोकने नवीनतम तकनीक का उपयोग

### वर्तमान में 2278 गोदाम

*यहां एक सम्मेलन को संबोधित करते हुए, जोशी ने कहा कि वर्तमान में 2,278 गोदाम हैं, जिनमें स्वामित्व वाले और किराये पर लिए गए गोदाम शामिल हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) अपने गोदामों के बुनियादी ढांचे के उन्नयन पर 1,000 करोड़ रुपये और सीडब्ल्यूसी 280 करोड़ रुपये का निवेश करेगा।*

### घाटे को कम करने में मिलेगी मदद

*जोशी ने कहा कि इससे विभिन्न स्तर पर घाटे को कम करके एफसीआई और सीडब्ल्यूसी दोनों को भारी बचत करने में मदद मिलेगी। सम्मेलन के दौरान जोशी ने कहा कि केंद्र इन गोदामों में प्रौद्योगिकी और बुनियादी ढांचे में सुधार के लिए ये निवेश करेगा। उन्होंने कहा कि सरकार किसी भी आपात स्थिति के दौरान खाद्यान्न के भंडारण और वितरण के लिए पूरी तरह तैयार है।*

**उत्तर रेलवे**

**अधिसूचना**

**दिल्ली मंडल, उत्तर रेलवे में सेवाओं की अतिआवश्यकता के कारण मासिक पारिश्रमिक के आधार पर सेवानिवृत्त रेलवे कर्मचारियों की पुनर्नियुक्ति**

दिनांक 03.06.2025 को या उससे पहले Sr. Tech/Fitter/Heritage Shed Rewari (Level-6) (कुल 01 रिक्ति) के लिए दिल्ली मंडल, उत्तर रेलवे में मासिक पारिश्रमिक के आधार पर पुनर्नियुक्ति के लिए सेवानिवृत्त रेल कर्मचारियों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। दिनांक 03.06.2025 को पुनर्नियुक्ति के लिए अधिकतम ऊपरी आयु की सीमा 65 वर्ष (65 years) है। कर्मचारी को हटाया गया/बर्खास्त किया गया/ अनिवार्य सेवानिवृत्ति अनुशासनात्मक कार्रवाई या लंबित सतर्कता मामलों के परिणाम स्वरूप या समीक्षाधीन सेवानिवृत्त कर्मचारियों को फिर से नियुक्त किया जा रहा है, सुरक्षा के तहत कवर किया गया संबंधित सेवानिवृति योजना / सुरक्षा कर्मचारियों के लिए गारंटीकृत रोजगार के लिए उदार सक्रिय सेवानिवृत्ति योजना (LARSGESS) पुनर्नियुक्ति के लिए पात्र नहीं हैं।
अधिक जानकारी के लिए और आवेदन डाउनलोड करने के लिए हमारी वेबसाइट www.nr.indianrailways.gov.in>हमारे बारे में>डिवीजन>दिल्ली>कार्मिक > दिल्ली डिवीजन पर सेवा निवृत रेलवे कर्मचारियों की फिर से नियुक्ति (कुल 01 रिक्ति) और www.nr.indianrailways.gov.in>News & Recruitment > Recruitment > Notification पर जाएं। 1478/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## राशिफल

**मेष** — किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकता है। जीवनसाथी का साथ मिलेगा। घर–परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। भाग–दौड़ अधिक रहेगी।

**वृष** — बातचीत में सन्तुलित रहें। नौकरी में स्थान परिवर्तन के योग बन रहे हैं। परिवार से दूर रहना पड़ सकता है। अनियोजित खर्च बढ़ेंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**मिथुन** — मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु आत्मसंयत भी रहें। क्रोध से बचें। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।लेखनादि–बौद्धिक कार्यों से मान–सम्मान की प्राप्ति होगी।

**कर्क** — परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जाना हो सकता है। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाग–दौड़ बढ़ेगी। लाभ के अवसर मिलेंगे।

**सिंह** — मन अशान्त रहेगा। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। अफसरों का सहयोग मिलेगा। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। सफलता के योग बन रहे हैं।

**कन्या** — पठन–पाठन में रुचि रहेगी। लेखनादि–बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। सुस्वादु खान–पान में रुचि बढ़ेगी। सेहत का ध्यान रखें। कार्यक्षेत्र में सफलता मिलेगी।

**तुला** — शैक्षिक कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। भागदौड़ अधिक रहेगी। खर्च अधिक रहेंगे। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**वृश्चिक** — किसी पैतृक सम्पत्ति के लिए विवाद की स्थिति बन सकती है। वाहन के रख–रखाव पर खर्च बढ़ सकते हैं। नए कारोबार की शुरुआत हो सकती है।

**धनु** — मन में उतार–चढ़ाव रहेंगे। कारोबार की स्थिति में सुधार होगा। लाभ के अवसर मिल सकते हैं। परिवार में सद्भाव बनाये रखें। क्रोध की अधिकता रहेगी।

**मकर** — मन अशान्त रहेगा। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। चिकित्सीय खर्च बढ़ेंगे। भाग–दौड़ अधिक रहेगी। रहन–सहन कष्टमय हो सकता है।


**कुंभ** — मन शान्त रहेगा। धार्मिक संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। जीवनसाथी के परिवार के किसी बुजुर्ग से धन की प्राप्ति हो सकती है।

**मीन** — संयत रहें। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। परिवार के साथ यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है।नए कारोबार की शुरुआत हो सकती है।

### जलवायु जोखिमों से बचाव के लिए बीमा उत्पाद लाने की तैयारी

**नई दिल्ली।** साधारण बीमा कंपनी न्यू इंडिया एश्योरेंस इस महीने अपने खुदरा और कारोबारी ग्राहकों को जलवायु जोखिमों के खिलाफ वित्तीय सुरक्षा देने वाला एक पैरामीट्रिक बीमा उत्पाद लेकर आएगी।
बाजार हिस्सेदारी के हिसाब से देश की सबसे बड़ी साधारण बीमा कंपनी के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक गिरिजा सुब्रमण्यन ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पैरामीट्रिक बीमा भारी बारिश, तेज हवा और बाढ़/सूखे जैसी आपदाओं से होने वाले नुकसान को कवर करता है। सुब्रमण्यन ने कहा कि पैरामीट्रिक बीमा उत्पाद के दायरे में जलवायु संबंधी अधिकांश अनिश्चितताएं आएंगी जो दैनिक आजीविका, रोजगार सृजन को प्रभावित करती हैं। न्यू इंडिया एश्योरेंस का मार्च तिमाही में शुद्ध लाभ लगभग दो प्रतिशत गिरकर 347 करोड़ रुपये रहा। वित्त वर्ष 2023-24 की मार्च तिमाही में उसे 354 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ था।
प्राकृतिक आपदा उद्योगों के लिए गंभीर सरदर्द प्राकृतिक आपदाओं की तीव्रता और आवृत्ति में बढ़ोतरी बीमा उद्योग के लिए गंभीर सिरदर्द बनती जा रही है।

## शब्द पहेली - 5873




**बाएँ से दाएँ**
1.जायकेदार,लजीज–5
4.नट का खेल–4
7.राय,वोट–2
8.दुरुह,कठिन–3
9.प्रहार,घात–2
10.अचरज भरा कार्य–4
11.शराब,मद्य–2
13.साझेदार–4
14.क्षण,लम्हा–2
16.सहयोग–3
18.अड़िग–3
19.कैद, बंधक–3,2
21.चुगली करना–2,3
24.धावक (अंग्रेजी–3)
26.अग्नि, आग–3
28.टैक्स, हाथ–2
29.एक मुगल सम्राट–4
30.टकटकी–2
32.कैंची से काटना–4
33.आत्मा–2
35.सीरा,मिष्ठान–3
36.आगमन–2
37.जोरदार–4
38.तेज दौड़ना–5

**ऊपर से नीचे**
1.बुरी आदत–2
2.झगड़ा,रार–4
3.फिल्मी दुनिया–3,2
4.लेखनी,पेन–3
5.इस पर रोटी सेंकते हैं–2
6.वटवृक्ष–4
7.मन को भाने वाला–5
10.बुरा आचरण–4
12.यमराज–2
15.चुनौती–4
17.विदरण,एकता भंग–3
18.आर्द्रक–4
20.भूमि,धरती–3
22.आवेश में आना–4
23.नामकरण–2,3
25.नरक में रहना–5
26.जामफल–4
27.बेल,लतिका–2
29.प्रार्थना,ईश्वर वंदना–4
31.जलजला–3
34.मैं का बहुवचन–2
36.रुपये का सोलहवां भाग–2

**शब्द पहेली- 5872 का हल**







# चंडीगढ़ में होंगे प्लेऑफ के मुकाबले, फाइनल होगा अहमदाबाद में

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली


इंडियन प्रीमियर लीग का रोमांच अपने चरम पर पहुंचने वाला है। इस बार के टूर्नामेंट के लिए प्लेऑफ और फाइनल के वेन्यू की घोषणा हो चुकी है।

क्रिकेट प्रशंसकों के लिए यह खबर बेहद खास है क्योंकि इस बार चंडीगढ़ में प्लेऑफ के मुकाबले देखने को मिलेंगे तो वहीं फाइनल मुकाबले के लिए भी भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने वेन्यू तय कर लिया है। आईपीएल 2025 के लिए बीसीसीआई के शेड्यूल अनुसार प्लेऑफ के पहले दो मुकाबले मुल्लांपुर में खेले जाएंगे। तो वहीं फाइनल मैच अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में होना तय किया गया है।

## भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड की बैठक में शेड्यूल हुआ तैयार

### पहले कोलकाता में होना था फाइनल

बता दें कि आईपीएल का जब पहले शेड्यूल का ऐलान किया गया था, तो उस समय फाइनल की मेजबानी कोलकाता के ईडन गार्डन को दी गई थी। हालांकि, भारत-पाकिस्तान के बीच तनाव के बाद इसके वेन्यू में बदलाव किया गया है। मीडिया की एक रिपोर्ट सामने आई है, जिसमें प्लेऑफ के मुकाबले मुल्लांपुर में कराने की बात कही गई है।



### चंडीगढ़ में होंगे पहले दो प्लेऑफ मैच

आईपीएल के पहले दो प्लेऑफ मुकाबले चंडीगढ़ के पास मुल्लांपुर में खेले जाएंगे। मुल्लांपुर का महाराजा यादवेंद्र सिंह इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम इस बार इन अहम मैचों की मेजबानी करेगा। यह स्टेडियम पंजाब क्रिकेट एसोसिएशन का नया मैदान है, जो हाल ही में बीसीसीआई और आईसीसी से अंतरराष्ट्रीय मैचों की मंजूरी पा चुका है। यह स्टेडियम 33,000 दर्शकों की क्षमता वाला है और अपनी खूबसूरत बनावट के लिए जाना जाता है।

### इस स्टेडियम में हो चुके हैं मुकाबले

मुल्लांपुर में पहला प्लेऑफ क्वालिफायर 1 होगा, जिसमें टॉप-2 टीमें आमने-सामने होंगी, और दूसरा मुकाबला एलिमिनेटर होगा, जिसमें तीसरे और चौथे नंबर की टीमें भिड़ेंगी। इस स्टेडियम में पहले भी आईपीएल के कुछ मैच हो चुके हैं, जहां पंजाब किंग्स ने अपनी मेजबानी की थी।

### अहमदाबाद में होगा फाइनल

आईपीएल 2025 का फाइनल मुकाबला अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला जाएगा। यह स्टेडियम दुनिया का सबसे बड़ा क्रिकेट स्टेडियम है, जिसमें 1 लाख से ज्यादा दर्शक एक साथ बैठकर मैच का लुत्फ उठा सकते हैं। अहमदाबाद को एक बार फिर से फाइनल की मेजबानी मिलना इस बात का सबूत है कि यह शहर बड़े क्रिकेट आयोजनों का पसंदीदा स्थान बन चुका है।

### ढेर सारी खूबियां हैं नरेंद्र मोदी स्टेडियम की

नरेंद्र मोदी स्टेडियम अपनी शानदार सुविधाओं और बड़े स्क्रीन के लिए मशहूर है। यहां रात में होने वाले मैचों में स्टेडियम की रंग-बिरंगी लाइटें दर्शकों का उत्साह और बढ़ा देती हैं। आईपीएल का फाइनल इस स्टेडियम में खेला जाना फैंस के लिए एक शानदार अनुभव होगा।

खास खबर

## दिग्वेश को अभिषेक से भिड़ना पड़ा महंगा, एक मैच के लिए निलंबित



**मुंबई।** इंडियन प्रीमियर लीग के 61वें मैच में लखनऊ सुपर जायंट्स के स्पिनर दिगवेश राठी को सनराइजर्स हैदराबाद के सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा से उलझना महंगा पड़ गया है। इस मामले में भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने राठी पर मैच फीस का 50 प्रतिशत जुर्माना लगाने के साथ 2 डिमेरिट अंक दिए हैं। इसके साथ ही उनके डिमेरिट अंकों की संख्या 5 होने पर उन्हें आखिरी मैच से निलंबित भी कर दिया गया है।

**क्या है पूरा मामला?** : दरअसल, मैच में एलएसजी से मिले 206 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए अभिषेक ने 20 गेंद में 59 रन की ताबड़तोड़ पारी खेल थी। इस दौरान राठी ने उन्हें आउट कर ट्रेडमार्क सिग्नेचर स्टाइल सेलिब्रेशन किया तो अभिषेक भड़क गए। उन्होंने राठी के पास जाकर कुछ कहा तो मामला और गरमा गया। इसके बाद दोनों के बीच जुबानी जंग तेज हो गई। ऐसे में अंपायर और साथी खिलाड़ियों को बीच-बचाव कर मामला शांत करना पड़ा।

## मुंबई इंडियंस ने बेयरस्टो, ग्लीसन और असलंका को अनुबंधित किया



**नई दिल्ली।** पांच बार की आईपीएल चैंपियन मुंबई इंडियंस ने 26 मई को टीम के अंतिम लीग मैच के बाद अपनी-अपनी राष्ट्रीय टीम के साथ जुड़ने के लिए रवाना होने वाले विदेशी खिलाड़ियों के एक समूह के विकल्प के तौर पर जॉनी बेयरस्टो, रिचर्ड ग्लीसन और चरिथ असलंका को अनुबंधित किया है। इंग्लैंड के विल जैक्स और दक्षिण अफ्रीका के रेयान रिकेल्टन और कॉर्बिन बॉश 26 मई को पंजाब किंग्स के खिलाफ मुंबई के अंतिम लीग मैच के बाद वापस लौट जाएंगे। तीनों वैकल्पिक खिलाड़ी प्लेऑफ चरण से ही उपलब्ध होंगे, बशर्ते कि मुंबई इंडियंस नॉकआउट दौर के लिए क्वालीफाई कर ले।

**शामिल खिलाड़ियों की कीमत** : जारी विज्ञप्ति में कहा गया जॉनी बेयरस्टो 5.25 करोड़ रुपये में टीम में शामिल होंगे।'' इंग्लैंड के तेज गेंदबाज रिचर्ड ग्लीसन एक करोड़ रुपये के आधार मूल्य पर रेयान रिकेल्टन जबकि श्रीलंकाई बल्लेबाज चरिथ असलंका 75 लाख रुपये में कॉर्बिन बॉश की जगह लेंगे।

## बेंगलुरु को मिली बड़ी खुशखबरी, बल्लेबाजों की नाक में दम करने वाला गेंदबाज हुआ फिट!



**मुंबई।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के फैंस के लिए एक शानदार खबर सामने आई है। टीम के स्टार तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड अब पूरी तरह फिट हो गए हैं और उन्होंने नेट्स में गेंदबाजी शुरू कर दी है। यह खबर आईपीएल 2025 के प्लेऑफ से ठीक पहले आई है, जो आरसीबी के लिए एक बड़ा बूस्ट है। जोश हेजलवुड ऑस्ट्रेलिया के एक अनुभवी तेज गेंदबाज हैं, जो अपनी सटीक गेंदबाजी के लिए जाने जाते हैं। इस सीजन में वह चोट की वजह से कुछ समय के लिए बाहर थे। इससे पहले, उन्हें कंधे में तकलीफ हुई थी, जिसके कारण वह कई अहम मैचों में नहीं खेल पाए थे लेकिन अब उनकी वापसी की खबर ने आरसीबी टीम और फैंस को राहत दी है। हेजलवुड ने नेट्स में गेंदबाजी शुरू कर दी है और वह पूरी तरह फिट नजर आ रहे हैं। उनकी सटीक लाइन और लेंथ बल्लेबाजों को हमेशा परेशान करती है, और अब वह प्लेऑफ में विपक्षी टीमों के लिए बड़ा खतरा बन सकते हैं।

### आईपीएल पाइंट टेबल


| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| गुजरात | 12 | 9 | 3 | 18 |
| बेंगलुरु | 12 | 8 | 3 | 17 |
| पंजाब | 12 | 8 | 3 | 17 |
| मुंबई | 12 | 7 | 5 | 14 |
| दिल्ली | 12 | 6 | 5 | 13 |
| कोलकाता | 13 | 5 | 6 | 12 |
| लखनऊ | 12 | 5 | 7 | 10 |
| हैदराबाद | 12 | 4 | 7 | 9 |
| राजस्थान | 14 | 4 | 10 | 8 |
| चेन्नई | 13 | 3 | 10 | 6 |



ऑरेंज कैप — साई सुदर्शन, 617 रन, गुजरात

पर्पल कैप — प्रसिद्ध कृष्णा, 21 विकेट, गुजरात

### खबर संक्षेप



#### श्रीकांत ने मलेशिया मास्टर्स के मुख्य ड्रॉ में जगह बनाई

**कुआलालंपुर।** भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी किदांबी श्रीकांत ने मंगलवार को मलेशिया मास्टर्स सुपर 500 टूर्नामेंट के मुख्य ड्रॉ में जगह बना ली है। क्वालीफाइंग दौर में यह भारत के लिए एकमात्र अच्छी खबर रही, क्योंकि अन्य भारतीय खिलाड़ी एकल वर्ग में क्वालीफायर की चुनौती से पार नहीं पा सके। यह टूर्नामेंट बीडब्ल्यूएफ टूर सुपर 500 सीरीज का हिस्सा है और इसमें दुनिया के चोटी के खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। यह प्रतियोगिता विश्व रैंकिंग की दृष्टि से महत्वपूर्ण है। शीर्ष भारतीय शटलर पीवी सिंधू और एचएस प्रणय बुधवार को 475,000 डॉलर इनामी इस प्रतियोगिता में अपने-अपने अभियान की शुरुआत करेंगे।

#### कार्लसन बनाम 'विश्व' बाजी ड्रॉ रही



**बर्लिन।** नॉर्वे के शतरंज ग्रैंडमास्टर मैग्नस कार्लसन को सोमवार को दुनिया भर के एक लाख 43 हजार से अधिक लोगों ने ड्रॉ पर मजबूर कर दिया जो इस पूर्व विश्व चैंपियनशिप के खिलाफ एक साथ मिलकर खेल रहे थे। 'मैग्नस कार्लसन बनाम विश्व' के नाम से सुर्खियां बटोरने वाला यह ऑनलाइन मुकाबला चार अप्रैल को 'चेस.कॉम' पर शुरू हुआ था जो दुनिया की सबसे बड़ी शतरंज वेबसाइट है। यह पहला ऑनलाइन फ्रीस्टाइल मुकाबला था जिसमें विश्व चैंपियन ने हिस्सा लिया।

#### ब्राइटन ने लीवरपूल को 3-2 से हराया




**ब्राइटन।** स्थानापन्न खिलाड़ी जैक हिन्सेलवुड के गोल की मदद से ब्राइटन ने इंग्लिश प्रीमियर लीग में सोमवार को यहां लीवरपूल को 3-2 से हराकर यूरोपीय क्लब फुटबॉल में खेलने की अपनी मामूली उम्मीदों को जीवंत रखा। अगर चौथे स्थान पर चल रही चेल्सी की टीम अगले हफ्ते यूरोपा कांफ्रेंस लीग जीत लेती है जो संभावना है कि प्रीमियर लीग में आठवें स्थान की टीम अगले सत्र में कांफ्रेंस लीग में जगह बना सकती है। सोमवार की जीत से ब्राइटन की टीम प्रीमियर लीग अंक तालिका में आठवें स्थान पर पहुंच गई।

## सुपर किंग्स को 6 विकेट से दी मात

# 'वंडर किड' रघुवंशी की पारी से रॉयल्स ने चेन्नई को हराकर आईपीएल से विदा ली

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली




वैभव सूर्यवंशी के 33 गेंद में 57 रन की मदद से राजस्थान रॉयल्स ने अपने आखिरी मैच में मंगलवार को महेंद्र सिंह धोनी की चेन्नई सुपर किंग्स को विकेट से हराकर आईपीएल से विदा ली। जीत के लिये 188 रन का लक्ष्य रॉयल्स ने 17.1 ओवर में चार विकेट खोकर हासिल कर लिया। इस जीत के साथ रॉयल्स अब 13 मैचों में आठ अंक लेकर दस टीमों में नौवें स्थान पर है जबकि चेन्नई 12 मैचों में आठ अंक के साथ आखिरी स्थान पर है और उसे एक पायदान ऊपर आने के लिये अब अपने आखिरी मैच में गुजरात टाइटंस पर बड़े अंतर से जीत दर्ज करनी होगी। कोच राहुल द्रविड़ की खोज चौदह वर्ष और 54 दिन के सूर्यवंशी उस समय पांच दिन के थे जब धोनी की कप्तानी में भारतीय टीम ने 2011 में वनडे विश्व कप जीता था। धोनी के प्रशंसकों से भरे अरूण जेटली स्टेडियम पर ऐसी साहसिक पारी खेलकर उन्होंने साबित कर दिया कि बदलाव के दौर से गुजर रहे भारतीय क्रिकेट का भविष्य सुरक्षित हाथों में है। यही बात चेन्नई के आयुष म्हात्रे के लिये भी कही जा सकती है जिन्होंने खराब शुरूआत से चेन्नई को निकालकर आठ विकेट पर 187 रन तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई। रॉयल्स को यशस्वी जायसवाल से आक्रामक शुरूआत मिली लेकिन वह चौथे ओवर में अंशुल कम्बोज की गेंद पर बोल्ड हो गए। उन्होंने 19 गेंद में पांच चौकों और दो छक्कों की मदद से 36 रन बनाये। इसके बाद सूर्यवंशी और कप्तान संजू सैमसन ने 59 गेंद में 98 रन की साझेदारी की। इस सत्र में शतक बना चुके सूर्यवंशी ने मैदान के चारों ओर दर्शनीय स्ट्रोक्स लगाकर अपनी प्रतिभा की झलक एक बार फिर पेश की। दूसरे छोर पर सैमसन ने भी रनगति को तेज बनाये रखा। इन दोनों के क्रीज पर रहते रॉयल्स आसान जीत की ओर बढती दिख रही थी। अश्विन ने एक ही ओवर में दोनों को पवेलियन भेजकर पासा पलटने की कोशिश की। चौदहवें ओवर में सैमसन (31 गेंद में तीन चौकों , दो छक्कों के साथ 41 रन) को ब्रेविस के हाथों लपकवाने के बाद सूर्यवंशी को रविंद्र जडेजा के हाथों कैप आउट कराके पवेलियन भेजा । इसके बाद हालांकि ध्रुव जुरेल (12 गेंद में 31 रन) और शिमरोन हेटमायेर (पांच गेंद में 12 रन) ने टीम को जीत तक पहुंचाया।

पहले बल्लेबाजी के लिये भेजी गई चेन्नई की शुरूआत एक बार फिर खराब रही और दूसरे ओवर के बाद उसके दो बल्लेबाज पवेलियन लौट चुके थे जब स्कोर बोर्ड पर 12 रन ही टंगे थे। इसके बाद म्हात्रे (20 गेंद में 43 रन), ब्रेविस (25 गेंद में 42 रन) और शिवम दुबे (32 गेंद में 39 रन) ने उपयोगी पारियां खेली । धोनी 14वें ओवर में बल्लेबाजी के लिये आये लेकिन 17 गेंद में 16 रन बनाकर आखिरी ओवर में मधवाल का शिकार हुए।

### प्ले ऑफ में दावा मजबूत करने आज मुंबई और दिल्ली में होगी भिड़ंत

**मुंबई।** एकमात्र उपलब्ध प्ले ऑफ स्थान के लिए चुनौती पेश कर रही मुंबई इंडियन्स और दिल्ली कैपिटल्स की टीम बुधवार को जब यहां आमने-सामने होंगी तो दोनों की नजरें इस मुकाबले को जीतकर अपना दावा मजबूत करने पर टिकी होंगी। मुंबई का पलड़ा हालांकि भारी नजर आ रहा है। टीम ने बेहद खराब शुरुआत के बाद जोरदार वापसी की और अब शीर्ष चार में शामिल है। दिल्ली की शुरुआत काफी अच्छी रही थी लेकिन टीम अपने पिछले छह मैच में सिर्फ एक जीत दर्ज कर पाई है। दिल्ली कैपिटल्स और मुंबई इंडियंस के बीच होने वाला यह मैच 21 मई को वानखेड़े स्टेडियम में सायं 7.30 बजे से खेला जाएगा। बता दें कि सोमवार को सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ लखनऊ सुपरजाइंट्स की हार के साथ टीम की प्ले ऑफ में जगह बनाने की उम्मीद भी खत्म हो गई जिससे अब मुकाबला मुंबई इंडियंस और दिल्ली कैपिटल्स के बीच होगा। गुजरात टाइटन्स, पंजाब किंग्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने पहले ही नॉकआउट में जगह पक्की कर ली है। ऐसे में प्लेऑफ में बने रहने के लिए दोनों टीमों को जीत जरूरी है।

फिटनेस पर है महिला हॉकी टीम का फोकस

## योयो टेस्ट में 19 से ऊपर जा रहा है स्कोर : कप्तान सलीमा टेटे



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय क्रिकेटरों के योयो टेस्ट स्कोर अक्सर सुर्खियों में रहते हैं लेकिन पिछले कुछ अर्से से महिला हॉकी टीम फिटनेस पर लगातार काफी मेहनत कर रही है और कप्तान सलीमा टेटे का कहना है कि उनकी टीम का योयो टेस्ट का स्कोर 19.4 तक जा रहा है।

सलीमा ने यहां एक कार्यक्रम में कहा कि कोच हरेंद्र सिंह के आने के बाद से सबसे ज्यादा काम महिला टीम की फिटनेस पर हुआ है और इसका नतीजा देखने को मिल रहा है। सलीमा ने कहा हरेंद्र सर ने फिटनेस पर सबसे ज्यादा काम किया है। फिटनेस होने पर किसी भी टीम को हम हरा सकते हैं। जिन खिलाड़ियों के पास गति नहीं थी, अब उनके खेल में काफी बदलाव आया है। सुनेलिटा टोप्पो, नवनीत कौर, शर्मिला जैसी कई खिलाड़ी हैं जिनके पास गजब की रफ्तार है।

**भारतीय टीम का यूरोप दौरा 14 से :** अब हम यूरोप में प्रो लीग में बेहतर प्रदर्शन की पूरी कोशिश करेंगे। भारतीय टीम 14 से 29 जून तक एफआईएच प्रो लीग के यूरोप चरण में लंदन, एंटवर्प, बर्लिन में आस्ट्रेलिया, अर्जेंटीना, बेल्जियम और चीन के खिलाफ दो दो मैच खेलेगी।


### योयो टेस्ट दुनियाभर में किया जाता है

क्या महिला हॉकी खिलाड़ियों को भी योयो टेस्ट से गुजरना होता है, यह पूछने पर सलीमा ने कहा बिल्कुल। ब्रेक के बाद जब भी घर से आते हैं तो योयो टेस्ट देना होता है। अब तो योयो स्कोर 19.4 तक जाने लगा है।'योयो इंटरमिटेंट रिकवरी टेस्ट' खिलाड़ियों की फिटनेस और गतिशीलता का आकलन करने के लिये दुनिया भर में किया जाता है। यह एक तरह का बीप टेस्ट होता है जिसमें खिलाड़ी को 20 मीटर की दूरी पर रखे गए दो कोणों के बीच दौड़ना होता है। पुरूष खिलाड़ियों में 20 से अधिक और महिलाओं में 16 से अधिक का स्कोर अच्छा माना जाता है।

**फिटनेस ड्रिल में बहुत भागना होता है** : फिटनेस ड्रिल के बारे में पूछने पर उन्होंने कहा हमारे तीन तीन मिनट के स्मॉल गेम होते हैं जिसमें बहुत भागना होता है। यह काफी मुश्किल होता है जिसमें फिटनेस की अच्छी ड्रिल हो जाती है। भारतीय महिला टीम का हाल ही में आस्ट्रेलिया दौरे पर प्रदर्शन औसत रहा जिसमें टीम सिर्फ एक मैच जीत सकी लेकिन सलीमा ने कहा कि इस दौरे से मिली सीख यूरोप में एफआईएच प्रो लीग के अगले चरण में काफी काम आयेगी।

## ओलंपियन भाला फेंक खिलाड़ी शिवपाल डोप परीक्षण में विफल

### आठ साल के प्रतिबंध का खतरा



**नई दिल्ली।** ओलंपियन भाला फेंक खिलाड़ी शिवपाल सिंह अपने करियर में दूसरी बार डोप परीक्षण में विफल हो गए हैं और अगर वह दोषी पाए जाते हैं तो उन पर अधिकतम आठ साल का प्रतिबंध लग सकता है। तोक्यो ओलंपिक में हिस्सा लेने वाले 29 वर्षीय शिवपाल के बारे में पता चला है कि इस साल की शुरुआत में प्रतियोगिता के इतर लिया गया उनके मूत्र के नमूने का नतीजा जांच में प्रतिबंधित पदार्थ के लिए पॉजिटिव आया है। वह उस समय एनआईएस पटियाला में प्रशिक्षण ले रहे थे। शिवपाल को राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (नाडा) ने अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया है। मामले की जानकारी रखने वाले एक सूत्र ने नाम जाहिर नहीं करने की शर्त पर पीटीआई को बताया, ''हां, प्रतिबंधित पदार्थ के लिए उनके परीक्षण का नतीजा पॉजिटिव आया है। यह उनका दूसरा डोप अपराध है।''अगर शिवपाल दोषी पाए जाते हैं और उन पर लंबा प्रतिबंध लगता है तो उनका करियर लगभग खत्म हो जाएगा।

जीटी के कप्तान शुभमन गिल और साई सुदर्शन ने खेली नाबाद 205 रन की पारी

## आईपीएल इतिहास में पहले विकेट के लिए की गई सर्वोच्च साझेदारियां, राहुल-डिकॉक ने ठोंके 210 रन

**मुंबई।** इंडियन प्रीमियर लीग 2025 के 60वें मैच में गुजरात टाइटंस ने दिल्ली कैपिटल्स को 10 विकेट से हराकर प्लेऑफ में जगह बना ली। मैच में डीसी ने पहले खेलते हुए 199/3 का स्कोर बनाया था। जवाब में जीटी ने साई सुदर्शन (108*) और शुभमन गिल (93*) की उम्दा पारियां से जीत हासिल कर ली। दोनों के बीच नाबाद 205 रन की साझेदारी हुई। आईपीएल इतिहास में पहले विकेट की सर्वोच्च साझेदारियों के लिए इनके नाम भी हैं सुर्खियों में।

**केएल राहुल-क्विंटन डिकॉक - 210* रन बनाम केकेआर, 2022**

आईपीएल में पहले विकेट के लिए सर्वोच्च साझेदारी का रिकॉर्ड केएल राहुल और क्विंटन डिकॉक के नाम दर्ज है। दोनों ने साल 2022 में लखनऊ सुपर जायंट्स की ओर से कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ 210 रन की साझेदारी निभाई थी। एलएसजी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए डिकॉक (140*) और राहुल (68*) की पारियों से बिना किसी नुकसान के 210 रन का स्कोर बनाया था। जवाब में केकेआर की टीम 208/8 का ही स्कोर बना पाई थी।



### गिल-सुदर्शन - 210 रन बनाम सीएसके, 2024

इस सूची में दूसरे नंबर पर गिल और सुदर्शन हैं। दोनों ने साल 2024 में **GT** की ओर से चेन्नई सुपरकिंग्स के खिलाफ पहले विकेट के लिए 210 रन की साझेदारी निभाई थी। जीटी ने पहले खेलते हुए गिल (104) और सुदर्शन (103) की पारियों के दम पर 3 विकेट पर 231 का स्कोर बनाया था। जवाब में सीएसके की टीम डेरिल मिचेल (63) और मोईन अली (56) की पारियों के बाद 196/8 का ही स्कोर बना पाई थी।

**गिल-सुदर्शन - 205* रन बनाम डीसी , 2025**

इस सूची में तीसरे नंबर पर भी गिल और सुदर्शन ही हैं। दोनों ने आईपीएल 2025 के 60वें मुकाबले में जीटी की ओर से डीजी के खिलाफ पहले विकेट के लिए 205* रन की साझेदारी निभाई। डीसी ने पहले खेलते हुए राहुल (112*) की शानदार शतकीय पारी की बदौलत 199/3 का स्कोर बनाया था।

सिर्फ 2381 गेंद में ढेर किए दिग्गज बल्लेबाज

# हर्षल ने सबसे तेज लिए 150 आईपीएल विकेट

एजेंसी ▶▶| मुंबई

इंडियन प्रीमियर लीग 2025 में सनराइजर्स हैदराबाद के तेज गेंदबाज हर्षल पटेल ने लखनऊ सुपरजायंट्स के खिलाफ मैच के दौरान अहम उपलब्धि हासिल की। दरअसल, उन्होंने इस प्रतिष्ठित लीग में अपने 150 विकेट पूरे किए। एलएसजी के एडेन मार्करम उनके आईपीएल करियर का 150वां शिकार बने। उन्होंने इकाना स्टेडियम में मार्करम (61) को बोल्ड कर दिया।

### इस विशेष सूची में शामिल हुए हर्षल

आईपीएल के इतिहास में हर्षल अब 150 विकेट लेने वाले 5वें तेज गेंदबाज बने हैं। उनसे पहले तेज गेंदबाजों में भुवनेश्वर कुमार (193), ड्वेन ब्रावो (183), जसप्रीत बुमराह (178), और लसिथ मलिंगा (170) ऐसा कर चुके हैं। स्पिनरों को भी शामिल किया जाए तो हर्षल आईपीएल में 150 विकेटों का आंकड़ा छूने वाले कुल 12वें गेंदबाज बने हैं। वह डेथ ओवर्स में उम्दा गेंदबाजी करने के लिए जाने जाते हैं।



### सबसे कम गेंदों में चटकाए 150 विकेट

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, हर्षल ने 150 आईपीएल विकेट (2,381) पूरे करने के लिए सबसे कम गेंदें फेंकी। उन्होंने श्रीलंका और मुंबई इंडियंस के दिग्गज मलिंगा को पीछे छोड़ दिया, जिन्हें यह उपलब्धि हासिल करने के लिए 2,444 गेंदों का सहारा लिया था। इस सूची में चहल (2,543 गेंदें), ब्रावो (2,656) और बुमराह (2,832) अन्य हैं। हर्षल पारियों (114) के लिहाज से दूसरे सबसे तेज 150 विकेट लेने वाले गेंदबाज बने हैं। उनसे आगे मलिंगा (105 पारी) हैं।

### ऐसा रहा है हर्षल का आईपीएल कॅरियर

हर्षल ने साल 2012 में दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ अपना आईपीएल करियर शुरू किया था। वह अब तक 117 मैचों की 114 पारियों में लगभग 23 की औसत के साथ 150 विकेट चटका चुके हैं। इसमें 5 बार 4 विकेट और 1 बार 5 विकेट हॉल शामिल है। उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 5/27 का रहा है। वह लीग इतिहास में 2 बार पर्पल कैप भी हासिल कर चुके हैं।

भारत के दुश्मन कांपेगे थरथर

# सुखोई विमान को मिली एआई की ताकत, रूस ने किया सफल परीक्षण, भारतीय बेड़े में शामिल होगी नई तकनीक

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

रूस ने पहली बार सुखोई एसयू-57एम लड़ाकू विमान को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) सिस्टम के साथ उड़ाया है। इस विमान ने 15 मई को एआई के साथ पहली उड़ान भरी थी। एसयू-57 को रूस के यूनाइटेड एयरक्राफ्ट कॉरपोरेशन (यूएसी) और सुखोई डिजाइन ब्यूरो ने मिलकर बनाया है। यह रूस की हवाई युद्ध क्षमताओं को बढ़ाने के लिए तैयार पांचवीं पीढ़ी का स्टील्थ फाइटर जेट है। मॉस्को में एक प्रेजेंटेशन के दौरान टेस्ट पायलट सर्गेई बोगदान ने बताया कि यह मील का पत्थर, हवाई श्रेष्ठता, जमीनी हमले और समुद्री हमले मिशनों के लिए डिज़ाइन किए गए अत्याधुनिक मल्टीरोल फाइटर जेट की रूस की खोज में एक महत्वपूर्ण छलांग है। बता दें, ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत ने पाकिस्तान और पाक अधिकृत कश्मीर में कई आतंकी ठिकानों पर सटीक निशाना साधा था। इस दौरान भारत के सुखोई एसयू-30एमकेआई विमानों ने एक बार फिर अपनी उपयोगिता साबित की। अब रूस ने इस विमान का नया वर्जन लॉन्च किया है।



*रूस ने एसयू-57एम की पहली एआई-एसिस्टेड फ्लाइट को फिलहाल एक प्रोटोटाइप के रूप में तैयार किया गया है। जानकार इस प्रयोग को रूस के एयरोस्पेस इतिहास में मील का पत्थर बता रहे हैं*

**एआई से ये होगा लाभ**

- पायलट तेजी से फैसले ले सकेंगे
- पायलट पर लोड कम हो जाएगा
- अत्यधिक जोखिम का निर्णय एआई लेगा

## फिलहाल प्रोटोटाइप मॉडल तैयार किया गया

रूस ने एसयू-57एम की पहली एआई-एसिस्टेड फ्लाइट को फिलहाल एक प्रोटोटाइप के रूप में तैयार किया गया है। जानकार इस प्रयोग को रूस के एयरोस्पेस इतिहास में मील का पत्थर बता रहे हैं। रूस की टेस्टिंग के दौरान एक पायलट कॉकपिट में मौजूद था। हालांकि फाइटर जेट की फ्लाइट कंट्रोल, नेविगेशन और टारगेट चुनने की क्षमता जैसी चीजें एआई की मदद से ही नियंत्रित की गई। विशेषज्ञों के हवाले से बताया कि एआई की मदद से पायलट तेजी से फैसले ले सकेंगे। वहीं यह पायलट के लोड को कम करने और अधिक जोखिम वाले फैसले लेने में भी मदद कर सकता है।

## भारत के पास 250 से अधिक सुखोई

*बता दें कि सुखोई जेट्स भारतीय वायुसेना के बेड़े का सबसे अहम हिस्सा हैं। भारतीय वायु सेना के पास 250 से अधिक एसयू-30एमकेआई विमान हैं। भारत के सबसे बड़े रक्षा सहयोगी रूस के साथ 1996 में हुए एक सौदे के तहत एसयू-30एमकेआई कार्यक्रम की शुरुआत हुई थी। तब से इसे हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) द्वारा असेंबल और निर्मित किया जाता रहा है। अब रूस के इस कदम से भारतीय बेड़े में भी नई तकनीक शामिल की जा सकेगी।*



**ये भी अहम**

फाइटर जेट की फ्लाइट कंट्रोल, नेविगेशन और टारगेट चुनने की क्षमता जैसी चीजें एआई की मदद से ही नियंत्रित की गई

## अमेरिकी जेट को देगा सीधी टक्कर

एसयू-57एम, बेसलाइन एसयू-57 का एक उन्नत संस्करण है, जो रूस के पीएके एफए (फ्रंट-लाइन एविएशन का संभावित वैमानिकी परिसर) कार्यक्रम का उत्पाद है। इसे 1999 में मिग-29 और एसयू-27 के लिए एक स्टील्थ तकनीक से लैस उत्तराधिकारी विकसित करने के लिए शुरू किया गया था। मूल एसयू-57 लड़ाकू विमान ने पहली बार 2010 में उड़ान भरी और 2020 में सीमित मात्रा में रूसी सेना में शामिल किया गया। यह मॉडल अमेरिका के एफ-22 रैप्टर और एफ-35 लाइटनिंग टू जैसे जेट को सीधी टक्कर दे सकता है।

सीएम ने कहा- पुलिस शिकायतें धैर्यपूर्वक सुनें, तुरंत एफआईआर दर्ज करें और त्वरित कार्रवाई करें

# यूट्यूब चैनलों पर आपत्तिजनक सामग्री की जांच होगी, सख्त कार्रवाई की जाएगी: नायब

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा है कि यूट्यूब चैनलों पर प्रसारित आपत्तिजनक सामग्री की जांच की जाए और आवश्यक कार्रवाई की जाए। उन्होंने पुलिस और सिविल प्रशासन को निर्देश दिए कि वे जमीनी स्तर पर एक टीम के रूप में कार्य करें ताकि अपराध और अपराधियों का प्रभावी तरीके से खात्मा किया जा सके। उन्होंने कहा, "मेरा लक्ष्य हरियाणा को एक 'शून्य अपराध राज्य' बनाना है।"

मुख्यमंत्री मंगलवार को सिविल सचिवालय में अपराध और कानून व्यवस्था की स्थिति को लेकर आयोजित राज्य स्तरीय समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार पूरे प्रदेश में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। इस बैठक में मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी, मुख्यमंत्री के मुख्य प्रधान सचिव राजेश खुल्लर, गृह विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ. सुमिता मिश्रा, पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर, जेल महानिदेशक मोहम्मद अकील, हरियाणा पुलिस हाउसिंग कॉरपोरेशन के प्रबंध निदेशक ओ.पी. सिंह, एडीजीपी सीआईडी सौरभ सिंह सहित पुलिस विभाग के कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।



## विदेश में बैठे गैंगस्टरों के प्रत्यर्पण प्रक्रिया में तेजी लाने के निर्देश

मुख्यमंत्री ने दोहराया कि हरियाणा में गैंगस्टरों के लिए कोई स्थान नहीं है। उन्होंने पुलिस को निर्देश दिए कि विदेश मंत्रालय और अन्य केंद्रीय एजेंसियों के साथ मिलकर विदेशों में छिपे गैंगस्टरों के प्रत्यर्पण या डिपोर्ट की प्रक्रिया को तेज किया जाए। साइबर अपराध के खिलाफ उठाये सख्त कदम, धोखाधड़ी से बची जनता की पूंजी साइबर अपराध के मामलों की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा अपनाए गए कई उपायों के कारण साइबर ठगी के मामलों में कमीं आई है। इन प्रयासों का उद्देश्य नागरिकों की मेहनत की कमाई को साइबर अपराधियों से सुरक्षित रखना है। हरियाणा में अपराध दर में आई उल्लेखनीय कमी : मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में हरियाणा में अपराध दर में उल्लेखनीय गिरावट आई है, लेकिन इसे पूरी तरह खत्म करने के लिए निरंतर और लक्षित प्रयास जारी रखने होंगे। उन्होंने पुलिस को निर्देश दिया कि थाने में आने वाले हर व्यक्ति की बात ध्यान से सुनी जाएं, शिकायतों की तुरंत एफआईआर दर्ज की जाएं और उस पर त्वरित कार्रवाई हो। उन्होंने कहा कि इससे पीड़ितों को समय पर न्याय मिलेगा और पुलिस के प्रति जनता का विश्वास भी मजबूत होगा। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि किसी भी शिकायतकर्ता को एफआईआर दर्ज करवाने के लिए बार-बार थाने के चक्कर न लगाने पड़ें। यदि किसी कारणवश एफआईआर दर्ज नहीं की जा सकती, तो पुलिस को उसे स्पष्ट कारणों की जानकारी देनी होगी ताकि शिकायतकर्ता संतुष्ट हो सके।

## ड्रग्स के खिलाफ राज्य सरकार के अभियान दें रहे सकारात्मक परिणाम

मुख्यमंत्री ने नशे के खिलाफ राज्य सरकार द्वारा चलाए गए अभियानों जैसे 'साइक्लोथॉन' और जागरूकता कार्यक्रमों की समीक्षा करते हुए बताया कि इन पहलों से युवाओं में नशे के दुष्प्रभावों को लेकर सकारात्मक जागरूकता फैली है। उन्होंने कहा कि सिर्फ युवां ही नहीं, समाज के सभी वर्गों ने इन अभियानों में उत्साहपूर्वक भाग लिया है, जिससे नई पीढ़ी को नशे से दूर रखने में मदद मिली है। उन्होंने स्पष्ट किया कि हत्या, दुष्कर्म, और पोक्सो एक्ट जैसे गंभीर अपराधों में संलिप्त अपराधियों, गैंगस्टरों और दोहराव वाले अपराधियों के परिवारों को किसी भी प्रकार की सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं मिलना चाहिए। एक प्रस्ताव जल्द तैयार करने के निर्देश भी दिए। साथ ही उन्होंने कहा कि पैरोल या फरलो पर छोड़े गए अपराधियों की गतिविधियों पर कड़ी नजर रखी जाए ताकि वे इस दौरान कोई नया अपराध न करें।

केन्द्रीय मंत्री बोले, कृषि विकास दर 5 प्रतिशत बनाए रखना लक्ष्य

# कृषि उत्पादन बढ़ाने और लागत घटाने में अनुसंधान की बहुत अहम भूमिका: शिवराज

- कहा, दलहन-तिलहन में भी जिनोम एडिटिंग पद्धति के जरिए उत्पादन बढ़ाने पर जोर
- 'पेस्टिसाइड और फर्टिलाइजर का अनियंत्रित उपयोग मिट्टी के स्वास्थ्य को खराब कर रहा'

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

कृषि विश्वविद्यालयों के कुलपतियों और आईसीएआर संस्थानों के निदेशकों के वार्षिक सम्मेलन के अवसर पर केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण व ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि कृषि शिक्षा, अनुसंधान और विस्तार अत्यंत महत्वपूर्ण स्तंभ हैं। कृषि उत्पादन बढ़ाने और लागत घटाने में अनुसंधान की बहुत अहम भूमिका है। शिवराज सिंह ने कहा कि हमारी कोशिश है कि लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए सभी संस्थान एक दिशा में काम करें। साथ ही, कृषि विकास दर 5 प्रतिशत बनाए रखना हमारा लक्ष्य है। चौहान ने देशभर के कृषि विश्वविद्यालयों के कुलपतियों और आईसीएआर संस्थानों के निदेशकों के वार्षिक सम्मेलन का आज पूसा, दिल्ली स्थित सुब्रमण्यम सभागार में शुभारंभ किया। कृषि एवं किसान कल्याण राज्यमंत्री भागीरथ चौधरी, आईसीएआर के महानिदेशक डॉ. एम.एल. जाट एवं सभी उप महानिदेशक, सहायक महानिदेशक सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।



## एक राष्ट्र-एक कृषि-एक टीम के रूप में काम करेंगे

उन्होंने कहा कि एक राष्ट्र-एक कृषि-एक टीम के रूप में काम करने विचार किया जा रहा है। अगर कृषि के क्षेत्र में 2047 तक विकसित भारत का लक्ष्य प्राप्त करना है तो 5 प्रतिशत की कृषि विकास दर (एलाइड सेक्टर) को लगातार बनाए रखना होगा। शिवराज सिंह ने बताया कि आज के सम्मेलन के दौरान विचार मंथन में यह बात निकलकर आई है कि इस लक्ष्य को अर्जित किया जा सकता है। कृषि विकास दर 5 प्रतिशत बनाए रखना संभव है। चौहान ने कहा कि प्रति हेक्टेयर कम पानी में ज्यादा उत्पादन करने जैसे मुद्दों पर भी गहराई से चिंतन और विचार-विमर्श किया जा रहा है। समय-सीमा तय करते हुए एक साल के भीतर किए जाने वाले कार्य और लंबी अवधि वाले लक्ष्यों के परिणाम अर्जित करने की दिशा में तत्परता से काम चल रहा है।

## पोषणयुक्त खाएंगे और खिलाएंगे

पूसा परिसर में केंद्रीय कृषि मंत्री ने कहा कि पेस्टिसाइड और फर्टिलाइजर का अनियंत्रित उपयोग मिट्टी के स्वास्थ्य को खराब कर रहा है। किसी जमाने में अमेरिका का निम्न स्तर का पीएल 480 गेहूँ खाना पड़ता था, आज हम 80 करोड़ से ज्यादा लोगों को मुफ्त अनाज दे रहे हैं। एक टाइम क्यों, दो टाइम भोजन करना है, पोषणयुक्त खाएंगे और खिलायेंगे। उत्पादन बढ़ाने और उत्पादन की लागत में अनुसंधान की बहुत अहम भूमिका है। पूरे परिदृश्य को देखे तो केंद्र, राज्यों के कृषि विश्वविद्यालय, कृषि विभागों का अमला, आईसीएआर के 113 संस्थान हो या 731 कृषि विज्ञान केंद्र हो, सबका बहुत महत्वपूर्ण योगदान है। हमारी कोशिश है कि लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए ये सभी संस्थान एक दिशा में काम करें।

## सीएम उमर ने खीर भवानी मंदिर में की पूजा



*गांदरबल। जम्मू-कश्मीर के सीएम उमर अब्दुल्ला ने मंगलवार को गांदरबल जिले में खीर भवानी मंदिर में पूजा-अर्चना की। पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद वह कश्मीरी पंडितों के लिए बेहद खास इस धार्मिक स्थल पर पहुंचे हैं। उमर अब्दुल्ला ने कहा कि आगामी खीर भवानी मेला और अमरनाथ यात्रा में सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सभी प्रबंध किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि हमने यात्रा के लिए अपनी तैयारियां शुरू कर दी हैं।*

## मानसरोवर यात्रा: मार्ग में टूटकर गिरा पहाड़, ठप हुई आवाजाही

एजेंसी ▶▶ पिथौरागढ़

उत्तराखंड के पिथौरागढ़ जिले में पहाड़ी दरकने से कैलाश मानसरोवर यात्रा मार्ग बंद हो गया है। वाहनों का संचालन ठप होने से सैकड़ों की संख्या में यात्री मार्ग में फंसे हुए हैं। आपदा प्रबंधन से मिली



जानकारी के अनुसार कैलाश मानसरोवर यात्रा मार्ग पर ऐलागाड़ और कुलागाड़ के बीच में सोमवार देर रात विशालकाय चट्टान खिसककर सड़क पर आ गया। इससे वाहनों का संचालन ठप है। आदि कैलाश और ओम पर्वत के दर्शन को जा रहे और लौट रहे यात्री मार्ग में ही फंसे हुए हैं।

# पीएम ने दी जर्मनी के चांसलर फ्रेडरिक मर्ज को पदभार ग्रहण करने पर बधाई

पीएम मोदी ने कहा, आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में एकजुट हैं भारत-जर्मनी





हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को फोन पर हुई बातचीत में जर्मनी के नए चांसलर फ्रेडरिक मर्ज के साथ उन्हें पदभार ग्रहण पर बधाई दी। भारत और जर्मनी आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में एकजुट हैं। प्रधानमंत्री ने एक्स पोस्ट में यह जानकारी देते हुए कहा कि जर्मनी के चांसलर फ्रेडरिक मर्ज से बात की और उन्हें पदभार ग्रहण करने की बधाई दी। इस दौरान दोनों देशों के बीच रणनीतिक साझेदारी को और अधिक मजबूत करने की हमारी प्रतिबद्धता की पुष्टि की। इसके अलावा साझा हितों से जुड़े हुए क्षेत्रीय और वैश्विक मामलों पर विचारों का आदान-प्रदान किया।

## जर्मन चांसलर को दिया भारत यात्रा का न्योता

*विदेश मंत्रालय ने इस संबंध में एक बयान जारी कर बताया कि पीएम ने अपनी बातचीत में जर्मनी के चांसलर फ्रेडरिक मर्ज को भारत यात्रा का न्योता दिया। दोनों नेताओं ने भविष्य में एक-दूसरे के संपर्क में बने रहने पर सहमति प्रदान की। साथ ही आतंकवाद का मुकाबला करने के लिए बनी हुई साझा प्रतिबद्धता को भी बातचीत के दौरान दोहराया गया। बीते 25 वर्षों में भारत और जर्मनी सामरिक भागीदारी में हुई सराहनीय प्रगति पर भी दोनों शीर्ष नेताओं ने प्रकाश डाला। पीएम मोदी और जर्मनी के चांसलर द्विपक्षीय संबंधों (व्यापार, निवेश, रक्षा-सुरक्षा, नवाचार-तकनीक जैसे क्षेत्र शामिल) को और अधिक मजबूत बनाने के लिए निकटता से साथ काम करने पर भी राजी हैं। दोनों ने भारतीय समुदाय, प्रवासियों के जर्मनी में सकारात्मक योगदान को भी बातचीत में शामिल किया।*




13 से 16 मई तक भारत में किया गया आयोजन

# विमानवाहक पोत प्रौद्योगिकी को लेकर संपन्न हुई भारत-अमेरिकी समूह की बैठक

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भारत-अमेरिका रक्षा प्रौद्योगिकी और व्यापार पहल (डीटीटीआई) के तहत गठित किए गए विमानवाहक पोत प्रौद्योगिकी सहयोग पर दोनों देशों के संयुक्त कार्य समूह (जेडब्ल्यूजीएसीटीसी) की 8वीं बैठक देश में सफलतापूर्वक संपन्न हो गई है। 13 से 16 मई तक नई दिल्ली और गोवा में इसका आयोजन किया गया था। नौसेना ने मंगलवार को बताया कि 13 मई को नई दिल्ली में उद्घाटन सत्र में भारत से रियर एडमिरल विशाल बिश्नोई (सहायक नियंत्रक, विमानवाहक परियोजनाएं) ने बैठक की सह-अध्यक्षता की। जबकि अमेरिका से विमानवाहक पोत



कार्यक्रम से जुड़े कार्यकारी अधिकारी रियर एडमिरल केसी मोटन की अगुवाई में छह सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल बैठक में शामिल हुआ। अमेरिकी नौसैन्य अधिकारी ने संयुक्त कार्य समूह के महत्व और बीते दस वर्षों में इसमें हुई प्रगति पर चर्चा की। विमानवाहक पोत के बारे में जरूरी जानकारी साझा किए जाने पर दोनों पक्षों ने संयुक्त कार्य समूह के कार्य की सराहना की। इसके अलावा संबंधित पोत प्रौद्योगिकी के विभिन्न पहलुओं से संबंधित भविष्य सहयोग योजनाओं पर चर्चा के बाद एक संयुक्त वक्तव्य जारी किया।

**रक्षा प्रतिष्ठानों का दौरा किया:** नौसेना के मुताबिक, रियर एडमिरल मोटन और उनके प्रतिनिधिमंडल ने नई दिल्ली और गोवा में मौजूद भारत के कई महत्वपूर्ण रक्षा प्रतिष्ठानों का दौरा किया। गोवा में आयोजित की गई बैठक में भारतीय नौसेना के विमानन विशेषज्ञों के साथ विमानवाहक पोत संचालन के साथ ही तकनीकी पहलुओं पर पेशेवराना अंदाज में व्यापक चर्चा की गई। यह बैठक विमानवाहक पोत प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में भारत और अमेरिका के बीच सहयोग के लिहाज से परस्पर लाभकारी साबित हुई है।

**भारत के पास दो विमानवाहक पोत:** यहां बता दें कि भारत के पास वर्तमान में रूस में निर्मित आईएनएस विक्रमादित्य और स्वदेशी आईएनएस विक्रांत नामक दो विमान वाहक युद्धपोत हैं। लेकिन चीन और पाकिस्तान की तरफ से लगातार बढ़ती युद्ध जैसी चुनौती के बीच एक और विमानवाहक युद्धपोत की नौसेना में आवश्यकता बनी हुई है। पिछले साल के अंतिम दिसंबर महीने में नौसेनाप्रमुख एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी ने भी इसकी पुष्टि की थी। साथ ही कहा था कि नौसेना इस बारे में विचार कर रही है कि स्वदेशी विमान वाहक युद्धपोत (आईएसी)-2 की दिशा में अग्रसर हुआ जाए या आईएसी-1 यानी विक्रांत के आर्डर को ही दोहराने पर प्राथमिकता दी जाए। नौसेना के अनुमान के मुताबिक, आईएसी-2 के निर्माण में कुल करीब 50 हजार करोड़ रुपए की लागत आ सकती है।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109